आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* गुरुनानक देव पु.ति.
* रानी दुर्गावती जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 263 | उज्जैन, सोमवार 05 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसा नेवी जवान

कोयंबटूर। आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस सेल ने इंडियन नेवी के जवान प्रदीप मुखर्जी को कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी महिला खुफिया एजेंट को डिफेंस की सेंसिटिव जानकारी देने का आरोप है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंट ने जवान को हनीट्रैप में फंसाया था। प्रदीप कोयंबटूर के रेड फील्ड्स स्थित इंडियन नेवल शिप अग्रणी में मैनेजमेंट डेवलपमेंट कोर्स कर रहे थे। कुछ महीने पहले महिला एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदीप से संपर्क किया था।

लखनऊ में बाढ़ के कारण 10 हजार लोगों का पलायन

लखनऊ। यूपी में बारिश रुक गई है, लेकिन नदियां अब भी उफान पर हैं। 11 जिलों में 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से 40 हजार से ज्यादा घरों में पानी घुस गया है। 10 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए हैं। गलियों में नावें चल रही हैं। बिहार में बाढ़ से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें सारण में बाढ़ के पानी में डूबने से 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 20 से ज्यादा लोग लापता हैं। सीवान में बाढ़ के पानी में डूबने से 6 बच्चों की मौत हो गई।

अमेरिका ने ईरान के दो राजनयिकों को निकाला

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका ने ईरान के दो राजनयिकों को देश से बाहर भेज दिया है। दोनों संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे थे, लेकिन महासभा खत्म होने के बाद भी वहीं रुके रहे। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को न्यूयॉर्क स्थित ईरानी मिशन को निर्देश दिया था कि यूएन महासभा में शामिल होने आए उसके प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्य अमेरिका से रवाना हो जाएं। ज्यादातर प्रतिनिधि चले गए, लेकिन दो राजनयिक न्यूयॉर्क में ही रुके रहे।

गाने चुट्टामल्ले के डीपफेक वीडियो पर भड़के जूनियर एनटीआर



बोले- ऐसा करने वालों को नहीं छोड़ूंगा, विजय देवरकोंडा और चिरंजीवी ने भी जताई नाराजगी

मुंबई। साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर ने उनकी फिल्म देवराः पार्ट 1 के गाने चुट्टामल्ले के एआई से बनाए गए मॉर्फ्ड (डीपफेक) वीडियो को लेकर भड़क गए। यह गाना जान्हवी कपूर के साथ फिल्माया गया था। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने लिखा, यह बेहद घिनौना, शर्मनाक और निंदनीय है। जिस देश में महिलाओं को मां और देवी के रूप में सम्मान दिया जाता है और मातृदेवो भव हमारी संस्कृति का हिस्सा है, वहां कुछ लोग एआई का इस्तेमाल कर एक महिला का इस तरह अपमान कर रहे हैं। जूनियर एनटीआर ने मॉर्फ्ड चुट्टामल्ले वीडियो बनाने और उसे फैलाने वालों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने लिखा कि चुट्टामल्ले के इस मॉर्फ्ड वीडियो को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ मैं हर संभव कानूनी कार्रवाई करूंगा। मैं उनमें से किसी को भी नहीं छोड़ूंगा। अभिनेता ने लोगों से ऐसे कंटेंट को बढ़ावा नहीं देने की अपील की।

नैनो न्यूज

- **इस्लामाबाद :** सीमा पर गोलीबारी के बाद पाकिस्तान में भारतीय राजनयिक तलब, कहा- मारे गए लोग पाक नागरिक थे, बीएसएफ ने घुसपैठ के शक में गोली मारी थी।
- **मुंबई :** एवरेस्ट जीरा पाउडर सैंपल टेस्ट में 'अनसेफ' निकला, फसाई ने वापस मंगाने का आदेश दिया, क्रिएटिव बेकर्स का लाइसेंस भी सस्पेंड किया।
- **नई दिल्ली :** एसबीआई हर घर लखपति स्कीम आपके बच्चे को बनाएगा लखपति, पेरेंट्स बच्चे के नाम पर कर सकते हैं निवेश।
- **नई दिल्ली :** ओपनएआई के सेफ्टी एक्सपर्ट ने इस्तीफा दिया, कहा- एआई के लिए न्यूक्लियर प्लांट जैसी सुरक्षा जरूरी, कंपनियों की जल्दबाजी इंसानों के लिए खतरा।
- **कोलकाता :** बंगाल के सीएम ने कहा, मंदिरों पर हमले बर्दाश्त नहीं, 6 महीने में लव-लैंड जिहाद के खिलाफ कानून लाएंगे, राज्य में उत्तराखंड-गुजरात की तरह यूसीसी लागू होगा।

प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने का संकल्प निश्चित रूप से बड़ा और स्वागतयोग्य लक्ष्य

अमित शाह की घोषणा के बाद नशे के खिलाफ अभियान को लेकर जागी उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने का संकल्प निश्चित रूप से बड़ा और स्वागतयोग्य लक्ष्य है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भोपाल में की गई घोषणा के बाद नशे के खिलाफ अभियान को लेकर उम्मीद जगी है। लेकिन इस संकल्प के साथ कुछ सवाल भी स्वाभाविक रूप से खड़े होते हैं। खासकर उज्जैन जैसे धार्मिक शहर में, जहां शराब की दुकानों पर रोक के बावजूद नशे की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

उज्जैन में धार्मिक महत्व वाले क्षेत्रों में शराब की बिक्री पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। उद्देश्य स्पष्ट था–धार्मिक नगरी की गरिमा बनाए रखना और लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर करना। शहर में शराब की दुकानें बंद हुईं, लेकिन इसके साथ एक नया सवाल भी सामने आया है। शहर की सीमा के आसपास बड़े शराब आउटलेट खुल गए हैं। ऐसे में सवाल यह है कि शराब वास्तव में शहर से बाहर हुई है या केवल दुकानों का स्थान बदला है?

कागज पर शहर से बाहर, हकीकत में शहर का हिस्सा

उज्जैन का विस्तार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से हुआ है। नई कॉलोनियां, होटल, ढाबे, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवासीय क्षेत्र नगर सीमा से आगे तक फैल चुके हैं। जिन इलाकों को प्रशासनिक रिकॉर्ड में शहर के बाहर माना जाता है, वे व्यवहार में शहर की रोजमर्रा की गतिविधियों का हिस्सा बन चुके हैं।
ऐसे में यदि शहर की आबादी से कुछ ही दूरी पर बड़े शराब आउटलेट संचालित हो रहे हैं तो यह विचार करना जरूरी है कि केवल नगर सीमा की कागजी रेखा के आधार पर उन्हें शहर से बाहर मानना कितना व्यावहारिक है। यदि शहरवासी आसानी से इन आउटलेट तक पहुंच सकते हैं तो शराब की उपलब्धता पर वास्तविक नियंत्रण कितना हुआ, इसका मूल्यांकन भी जरूरी है।



शराब बंद, लेकिन नशे का सवाल बरकरार

शराबबंदी नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम हो सकती है, लेकिन नशामुक्ति का दायरा केवल शराब तक सीमित नहीं है। शराब की दुकानों के बंद होने के बावजूद यदि दूसरे नशीले पदार्थों की उपलब्धता बनी रहती है तो समस्या का समाधान अधूरा रहेगा। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। केवल छोटे मामलों में गिरफ्तारी से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। असली चुनौती उन स्रोतों और नेटवर्क तक पहुंचने की है जहां से नशीले पदार्थ शहर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

शहर की सीमा पर बड़े आउटलेट क्यों?

शराबबंदी के बाद शहर के आसपास बड़े आउटलेट का होना कई सवाल खड़े करता है। सरकार और प्रशासन को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन स्थानों का चयन किन आधारों पर किया गया है। क्या केवल नगर सीमा को आधार बनाया गया है या आसपास की वास्तविक आबादी, स्कूल-कॉलेज, आवासीय क्षेत्र, धार्मिक स्थल और शहर से जुड़ाव को भी ध्यान में रखा गया है? शहर का विस्तार जब कागजी सीमा से आगे निकल चुका हो तो नशामुक्ति की नीति भी वास्तविक शहरी सीमा को ध्यान में रखकर बनानी होगी। अन्यथा प्रशासनिक नक्शे पर शराब शहर से बाहर दिखाई देगी, लेकिन व्यवहार में उसकी उपलब्धता शहर के आसपास ही बनी रहेगी।

2029 की तारीख से ज्यादा जरूरी आज की कार्रवाई

मध्यप्रदेश को 2029 तक नशामुक्त बनाने का संकल्प बड़ा है, लेकिन उसकी असली कसौटी घोषणा नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने वाला बदलाव होगा। उज्जैन में शहर की दुकानें बंद होना एक कदम है, लेकिन यदि शहर की वास्तविक सीमा के आसपास शराब आसानी से उपलब्ध है तो व्यवस्था की समीक्षा भी जरूरी है। शहर की सीमा कागज पर जहां खत्म होती है, जरूरी नहीं कि शहर की वास्तविक सीमा भी वहीं खत्म हो। उज्जैन का विस्तार नगर सीमा से बाहर तक हो चुका है। इसलिए नशामुक्ति की नीति बनाते समय प्रशासनिक नक्शे के साथ शहर की वास्तविक बसाहट और व्यवहारिक सीमा को भी आधार बनाया जाना चाहिए। आखिर सवाल यह नहीं है कि शराब की दुकान शहर में है या शहर के बाहर। असली सवाल यह है कि आम आदमी और खासकर युवा तक शराब और अन्य नशीले पदार्थों की पहुंच कितनी आसान है। यदि पहुंच आसान बनी रहती है तो दुकान का पता बदलने से नशामुक्ति का उद्देश्य कितना पूरा होगा, इस पर गंभीरता से विचार करना ही होगा।

भाजपा सरकार से सवाल भी

मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है। पुलिस, प्रशासन, कानून और जांच एजेंसियों की पूरी व्यवस्था सरकार के पास है। ऐसे में सवाल यह भी है कि यदि प्रदेश को 2029 तक नशामुक्त बनाना लक्ष्य है तो इसके लिए इतना लंबा समय क्यों? अब तक नशे के खिलाफ हुई कार्रवाई का वास्तविक परिणाम क्या रहा? कितने बड़े सप्लायर और नेटवर्क तक कार्रवाई पहुंची? युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए क्या स्थायी व्यवस्था बनाई गई? और अगले तीन वर्षों में ऐसा क्या अलग किया जाएगा जिससे नशे की उपलब्धता और लत में निर्णायक कमी आए? इन सवालों के जवाब इसलिए भी जरूरी हैं क्योंकि नशामुक्ति का लक्ष्य केवल सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा विषय है।

सिंहस्थ से पहले बड़ी चुनौती

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 होना है। देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। ऐसे में धार्मिक नगरी को नशे से मुक्त और सुरक्षित वातावरण देना प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती होगी। शहर के भीतर शराब की बिक्री पर रोक के साथ शहर की वास्तविक सीमा तक नशे की उपलब्धता पर निगरानी, अवैध शराब और अन्य नशीले पदार्थों की सप्लाई पर कार्रवाई तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के अभियान को और मजबूत करना होगा।

सिर्फ कार्रवाई नहीं रोकथाम भी जरूरी

नशे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई अपनी जगह जरूरी है, लेकिन इसके साथ रोकथाम पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। स्कूल-कॉलेजों के आसपास निगरानी, युवाओं के बीच जागरूकता अभियान, परिवारों की भागीदारी, अवैध बिक्री पर सख्ती और नशे की लत से प्रभावित लोगों के लिए प्रभावी पुनर्वास व्यवस्था को अभियान का हिस्सा बनाना होगा। नशामुक्ति का मतलब केवल दुकानें बंद करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था तैयार करना है जिसमें नशे की मांग और आपूर्ति दोनों पर प्रभावी नियंत्रण हो।

मुंबई में सीईसी के खिलाफ 3 दिन में तीन प्रदर्शन

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ उद्धव-राज ठाकरे का प्रदर्शन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रविवार को मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने जॉइंट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। दोनों नेताओं ने मेट्रो स्टेशन से शुरू होकर महानगरपालिका भवन तक मार्च निकाला। उद्धव की शिवसेना यूबीटी और राज ठाकरे की मनसे पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है।

राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में हुए एसआईआर को रद्द किया जाए। सरकार किसकी बनेगी, ये फैसला जनता को तय करना है, चुनाव आयोग को नहीं। वहीं उद्धव बोले कि ज्ञानेश कुमार बीजेपी का हथियार हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में पिछले तीन दिनों में दो शहरों में तीन बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। उसके अलावा अलग-अलग संगठन और पार्टियां भी विरोध मार्च



निकाल चुकी हैं। हमारी मांग है कि महाराष्ट्र में की गई पूरी एसआईआर प्रक्रिया रद्द की जाए। कानून के मुताबिक, एसआईआर किसी आपात स्थिति में की जाती है। विधानसभा चुनाव के दौरान 40 से 60 लाख मतदाताओं के नाम जोड़े गए और इसके जरिए सत्ता हासिल की गई। अब एसआईआर के जरिए 2 करोड़ लोगों को हटाया जा रहा है। ये 2 करोड़ मतदाता कौन हैं? हमारा विरोध इस बात को लेकर है कि आप सरकार कैसे चला रहे हैं और सत्ता का इस्तेमाल किस तरह कर रहे हैं। सरकार कौन बनाएगा और सरकार कैसे चलेगी, इसका फैसला जनता और मतदाताओं को करना चाहिए।

केरलम सरकार का ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच का आदेश

केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। मामला मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से जुड़ा है। वह केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत एमसी रोड के अपग्रेडेशन का काम कर रहे पाटी-बेल कंसोर्टियम से जुड़े थे। शिकायत के मुताबिक, ली सी बीन ने आरोप लगाया था कि सड़क के काम का भुगतान जारी करने के बदले तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव ज्ञानेश कुमार ने रिश्वत मांगी थी। यह सड़क प्रोजेक्ट वर्ल्ड बैंक की मदद से चल रहा था।

यूक्रेन में भारतीय कारोबारी की फार्मा फैक्ट्री पर हमला

सूमी। रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर में भारतीय कारोबारी राजीव गुप्ता की दवा बनाने वाली फैक्ट्री पर ड्रोन से हमला किया। हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। फैक्ट्री की मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और इसका ज्यादातर हिस्सा तबाह हो गया। शुरूआती अनुमान के मुताबिक, कंपनी को कम से कम 400 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हमले के बाद फैक्ट्री वाले इलाके से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या आगे बदल सकती है।

प्रदेश के 4500 संविदा बिजलीकर्मी करेंगे आंदोलन

भोपाल। बिजली कंपनियों में कार्यरत साढ़े चार हजार से अधिक संविदा अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित करने की योजना जारी होने के बाद भी ऊर्जा विभाग अब तक परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी नहीं कर सका है। परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने से संविदा कर्मचारियों और अधिकारियों में नाराजगी है। उन्होंने दिवाली से पहले बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर एम्प्लाइज एसोसिएशन ने कहा है कि यदि 5 अक्टूबर तक परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

प्रदेश में 8 अक्टूबर से आयुष्मान योजना का बहिष्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल


प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में 8 अक्टूबर से आयुष्मान योजना का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा। यानी, यहां आयुष्मान योजना में मरीजों का इलाज नहीं होगा। उन्होंने एनबीएचएस की अनिवार्यता को भी तुरंत हटाने की मांग की। सरकार ने फैसला लिया है कि एनबीएचएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद अस्पताल में इलाज की पात्रता होगी।

भोपाल के ज्यादातर हॉस्पिटल का आयुष्मान योजना का औसत डेढ़ से 2 करोड़ रुपए तक बकाया है। इसे लेकर अब चिकित्सा एवं अस्पताल संगठनों ने निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मध्य प्रदेश और यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन सहित विभिन्न अस्पताल संगठनों ने घोषणा की है कि 8 अक्टूबर से आयुष्मान भारत योजना का प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा।

इन्फ्लुएंसर मैड संधू की हत्या बिगबॉस में होने वाली थी एंट्री

एजेंसी ▸▸ अमृतसर

अमृतसर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैड संधू (29) की हत्या के बाद एक नई जानकारी सामने आई है। उसके दोस्त कुंवर सिंह ने दावा किया है कि मैड संधू की टीवी के मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस में एंट्री होने वाली थी। कुंवर का कहना है कि मैड संधू कंटेस्टेंट के तौर पर 29 अक्टूबर को बिग बॉस के घर में जाने वाला था। इसके लिए उसकी कागजी कार्रवाई और सभी जरूरी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी हो चुके थे। उसने इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की थी। कुंवर का यह भी कहना है कि मैड संधू बुरा इंसान नहीं था, बल्कि उसे बुरा बनाया गया। वह छबील लगाता था, लंगर की सेवा करता था। बाढ़ के दौरान भी वह लोगों के बीच काफी एक्टिव रहा और जरूरतमंदों की मदद की।



घाव जल्दी भरें, इसलिए शहद लगाता था आतंकी हाशिम मूसा

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के यूसमर्ग में मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा गोली से हुए घावों पर शहद लगाता था। वह घाव जल्दी भरने और संक्रमण रोकने के लिए यह तरीका अपनाता था।

मूसा को 4 दिन पहले मध्य कश्मीर के बडगाम के यूसमर्ग में सेना ने मार गिराया। वह जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित लश्कर का मुख्य ऑपरेशनल कमांडर और 2025 के पहलगाम आतंकी



हमले में शामिल था। यह माना जाता है कि शुद्ध शहद के आयुर्वेदिक गुण घाव के टिशू रिकवरी को तेज करता है। साथ ही संक्रमण फैलने से भी बचाता है। सितंबर में ही मारे गए एक और आतंकी यासिर के फोन में मूसा के शहद से उपचार किए गए घावों की तस्वीरें मिलीं।

नेतन्याहू ने भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर से करीब 6 मिनट फोन पर की बात

हमलावर ने नमाज के बहाने कुल्हाड़ी मारी: स्मित

पीएम मोदी के साथ मशाल जलाने का न्योता दिया

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्लाईदुबई एयरलाइन के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर से करीब 6 मिनट फोन पर बात की। उन्होंने कहा- आप भारत और इजराइल के लोगों के सच्चे हीरो हैं। आप पूरी दुनिया के हीरो हैं।

नेतन्याहू ने स्मित को इजराइल आने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा- मैं आपको और अपने दोस्त पीएम मोदी को अगले स्वतंत्रता दिवस पर जश्न की



मशाल जलाने का न्योता देना चाहता हूं।

नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित से पूछा कि फ्लाइट में आखिर हुआ क्या था। स्मित ने बताया कि हमले से पहले को-पायलट ने नमाज करने की बात कही। इसके कुछ मिनट बाद उसने अचानक उन पर हमला कर दिया।

अल-कायदा ने दुबई हमले के आरोपी की तारीफ की

आतंकी संगठन अल-कायदा ने फ्लाईदुबई की फ्लाइट में भारतीय पायलट स्मित मच्छर पर हमला करने वाले ओमानी को-पायलट हमाम अल-हमामी की तारीफ की। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, अल-कायदा से जुड़ी मैगजीन अल-बयान में लिखा गया है कि जंग अभी खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी और इजराइली विमानों पर 9/11 जैसे हमले किए जाने चाहिए। मैगजीन में अमेरिका, इजराइल समेत उन देशों के विमानों को निशाना बनाने की अपील की गई है, जिन्हें इस्लाम के खिलाफ माना जाता है। ये मैगजीन अरबी भाषा में प्रकाशित होती है।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

स्वास्थ्य महकमें में कुछ गड़बड़

कई बार अंदर पकने वाली खिचड़ी की खुशबू मसाला डालने पर बाहर तक आती है। इसी तरह से ढक्कन खुलने पर ही बदबू का अहसास होता है। ऐसी ही कुछ खिचड़ी स्वास्थ्य के महकमें में पक रही है। अब इसे सब अपने स्तर पर आंक रहे हैं कि बदबू है या फिर खुशबू। वैसे अंदर खाने से सामने आ रही गंध तो बदबू का अहसास ही करवा रही है। हाल ही में जिले के मुखिया अर्द्ध वार्षिक सेवा निवृत्ति पा चुके हैं। नए के नाम की घोषणा विभाग ने कर दी लेकिन उन्होंने प्रभार लेने से व्यक्तिगत कारणों से मना कर दिया है। दस्तावेजी आधार पर तो इसे व्यक्तिगत कारण ही माना जा रहा है लेकिन चर्चाओं में इसे अन्यानेक मुद्दों से जोड़कर बताया जा रहा है। नए जिला प्रभारी जिनके नाम की घोषणा की गई है उनके बारे में बताया जा रहा है कि धर्मनगरी से ही नाता है। इसके बाद उन्होंने मना क्यों किया इस पर सबका ध्यान जाता है। स्वास्थ्य के महकमें बढ़ते अधिकार अतिक्रमण को लेकर चिकित्सक प्रशासनिक पदों से बचने की स्थिति में देखे जा रहे हैं। इसमें राजनैतिक अतिक्रमण एवं प्रशासनिक हस्तक्षेप को लेकर कुछ ज्यादा ही स्थितियों के गड़बढ़ाने की बात रखी जा रही है। दबे शब्दों में बात की जाती है और बढ़ते हस्तक्षेप एवं अधिकारों के अतिक्रमित किए जाने की बातों को बराबर किया जाता है। कर्म फल के न्यायप्रिय देवता के दिवस पर चिकित्सकों की शहर के कुछ स्थानों पर बैठक नियमित तौर पर होती है। इसमें भी इस मुद्दे पर अक्सर चचाएं सामने आती रही हैं। इन चचाओं में हाल ही में सेवानिवृत्त अधिकारी के कार्यकाल के किस्सों का जिक्र भी बराबर सामने आता है। चिकित्सा के पेशे से जुडे लोगों में खुसूर-फुसूर है कि वैसे तो साहब भी हर तरह से हरफनमौला थे। उन्होंने राजनैतिक हस्तक्षेप के बावजूद अपना समय व्यतीत किया है। यहां तक की उनको कई निर्देश ऐसे व्यक्ति के पालन करने पड़े जिन्होंने मेडिकल कालेज का ठीक से मुंह नहीं देखा और स्वास्थ्य के महकमे और नियम कानून को जाने बगैर ही जयचंदों के सहारे से हस्तक्षेप कर पूरे समय अपने अनुसार संचालित किया। कई मौकों पर उन्हें अपने ही प्रशिक्षित डिग्री धारी स्टाफ को बैकफुट पर लाना पड़ा और जैसा अतिक्रमणकारी ने कहा करना पड़ा है। महकमे में यह स्थिति सभी को पता है इसके चलते इस जिम्मेदारी के पद को ग्रहण करने की बजाय सभी इससे दूर रहना ही वाजिब समझ रहे हैं।

नैनो न्यूज

- **फोर्टिस गुरुग्राम** ने थैलेसीमिया जन जागृति समिति और डीकेएमएस फाउंडेशन इंडिया के साथ मिलकर उज्जैन में लगाया थैलेसीमिया एवं ब्लड डिसऑर्डर स्क्रीनिंग शिविर
- **पितरों के मोक्ष** और जन कल्याण के लिए पंच दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू, पहले दिन बताई रुद्राक्ष की महिमा, जागृति मैरिज गार्डन में हो रहा आयोजन
- **झलारिया मठ** में 7 अक्टूबर से होगी शक्ति धाम राष्ट्रीय संगोष्ठी, कालिदास अकादमी में हुई महत्वपूर्ण बैठक, संयोजकों ने की विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा
- **13 साल के आदित्य** ने रची जापानी मांगा राइजिंग ऑफ डेथ, अगली किताब उज्जैन सिंहस्थ पर होगी, 6 महीने में पूरी की 200 पेज की किताब, लुमिस मेथड से बनाए आकर्षक स्केच
- **अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष** महोत्सव में पं. जगदीश प्रसाद शर्मा को ज्योतिष भूषण सम्मान, ज्योतिष के क्षेत्र में दीर्घकालीन अध्ययन, शोध एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए भोपाल में हुआ सम्मान
- **लोक नाट्य** माच का निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आज से, मालव लोक कला केंद्र और संस्कृति संचालनालय के सहयोग से आयोजन, वरिष्ठ कलाकार बाबूलाल देवड़ा देंगे प्रशिक्षण
- **शोध को मिलेगी** नई दिशा, निर्मला कॉलेज में रिसर्च मेथोडोलॉजी कार्यशाला का भव्य शुभारंभ, अवंतिका विश्वविद्यालय और सेंट विंसेंट कॉलेज पुणे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, विशेषज्ञों ने बताईं शोध की बारीकियां

ट्रेंडिंग



विकास प्राधिकरण ने किया ब्लू प्रिंट तैयार, अंजाम देने की तैयारी के तहत टेंडर तकनीकी विश्लेषण में

करीब 100 करोड़ रु. से सुविधाओं से संवरेगा भूखी माता मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विकास प्राधिकरण ने करीब 100 करोड़ से भूखी माता मंदिर एवं क्षेत्र को विकसित करने का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। यहां तमाम श्रद्धालु सुविधाओं को जुटाने के साथ ही सौदर्यकरण और मंदिर की मजबूती के कामों को अंजाम दिया जाएगा। इसके लिए निविदा खोल दी गई है अभी तकनीकी विश्लेषण जारी है। संभवतः अगले माह से इस पर काम शुरू हो जाएगा।

सिंहस्थ-2028 से पहले उज्जैन की प्राचीन धार्मिक धरोहरों को नया स्वरूप देने की योजना में भूखी माता मंदिर को भी शामिल किया गया है। क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित भूखी माता मंदिर परिसर को समग्र सुविधाओं से संवारने के लिए विकास प्राधिकरण उज्जैन करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से समग्र विकास करने वाला है।

मंदिर को मजबूती के साथ विकास कार्य- शिप्रा किनारे घाट पर स्थित इस मंदिर का जिक्र विक्रमादित्य की कथाओं में आता है। मंदिर में नदी के अंदर एवं घाट से उपर दो मंदिर हैं। इन मंदिरों में दो देवियों के मुखारविंद है। भूखी माता मंदिर के विकास की उज्जैन विकास प्राधिकरण ने परियोजना की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसमें मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखते मंदिर को अधिक मजबूती प्रदान करने के साथ यहां श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परियोजना पूरी होने पर भूखी माता मंदिर क्षेत्र उज्जैन के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में नई पहचान के रूप में उभरेगा। विकास प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री कुलदीप रघुवंशी के अनुसार इस कार्य में आवश्कता होने पर पार्किंग के लिए निजी जमीन का अधिग्रहण भी प्रस्तावित है। यहां श्रद्धालुओं की अपेक्षाकृत सभी प्रकार की सुविधाओं को जुटाया जाएगा।

पार्किंग के साथ ही सभी प्रकार की सुविधाओं को क्षेत्र में जुटाएंगे

नया पर्यटन केंद्र बनेगा



श्रद्धालुओं के लिए बेहतर पार्किंग व्यवस्था होगी

रघुवंशी बताते हैं कि भूखी माता मंदिर पर बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों को देखते हुए व्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र विकसित किया जाएगा। इससे पर्व के दिनों में मंदिर के आसपास सड़कों पर लगने वाले जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या कम होने की उम्मीद है। इसके लिए आवश्यकता होने पर जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। मंदिर परिसर में आकर्षक लैंडस्केपिंग और हरित क्षेत्र तैयार किए जाएंगे। रात के समय पूरे परिसर में पर्याप्त रोशनी के लिए हाईमास्ट लाइट तथा सजावटी प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। नियंत्रण व्यवस्था के माध्यम से मंदिर परिसर, घाट और पार्किंग क्षेत्र की निगरानी की जा सकेगी। परियोजना केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं रहेगी। मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों और आसपास की यातायात व्यवस्था को भी बेहतर करने की योजना है। श्रद्धालुओं के प्रवेश, निकास और वाहनों की आवाजाही के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं बनाई जा सकती हैं। इसका उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। सिंहस्थ पूर्व इस काम को पूर्ण किया जाना है।

भव्य कारिडोर की योजना

योजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में भव्य कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। निर्माण कार्य में स्थानीय और परंपरागत स्थापत्य शैली को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि विकास के बाद भी मंदिर की प्राचीनता और धार्मिक गरिमा बनी रहे। कॉरिडोर के माध्यम से श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित किया जाएगा। पर्व, त्योहार और सिंहस्थ के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश एवं निकास व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंदिर परिसर में आधुनिक जनसुविधा केंद्र बनाने का प्रस्ताव है। यहां श्रद्धालुओं के लिए प्रतीक्षालय, विश्राम स्थल, स्वच्छ पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रैंप और बाधारहित आवागमन की व्यवस्था भी विकसित होगी। परिसर में सूचना एवं संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाओं और रास्तों की जानकारी आसानी से मिल सके।

सुरक्षा के लिए बल अब भी क्षेत्र में तैनात, निगरानी व्यवस्था बराबर जारी

शाही मस्जिद के आसपास के क्षेत्र में सामान्य आवाजाही शुरू, आज से खुलेंगे बाजार

6 दिन बाद रविवार से खुलने लगा बाजार, सोमवार से सामान्य होगी स्थिति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ विकास कार्यों में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर गोपाल मंदिर स्थित शाही मस्जिद के एक हिस्से को हटाया जा रहा है। 28 सितंबर को यहां उपद्रव की स्थिति बनने के बाद से इस क्षेत्र में सामान्य आवाजाही रोक दी गई थी। रविवार से पूरे क्षेत्र के मार्गों पर आवाजाही सामान्य हो गई है। यहां बेरिकेडिंग खोल दी गई है।

सीएसपी कोतवाली संजू चौहान के अनुसार निर्माण कार्य के चलते मात्र मस्जिद के पास के हिस्से में ही बेरिकेडिंग रहेगी। रविवार से ही बाजार खुला है। सोमवार से यहां आसपास का बाजार पूरी तरह से सामान्य रूप से खुलेगा।

उपद्रव के बाद की गई थी बेरिकेडिंग- प्रशासन और शाही मस्जिद कमेटी के समन्वय के बाद मस्जिद का एक हिस्सा समाजजनों द्वारा ही हटाए जाने का काम 28 सितंबर से शुरू किया गया था। समाज के एक पक्ष ने इसका विरोध करते हुए उपद्रव किया था। पुलिस-प्रशासन पर पथराव कर दिया था । शहर काजी के घर पर तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए हल्का बल प्रयोग करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े थे । इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र भारी पुलिस बल की सुरक्षा में आ गया था। पिछले 6 दिनों से गोपाल मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों को बंद कर दिया गया था।



व्यापार था प्रभावित

पिछले 6 दिनों से शहर के मुख्य क्षेत्र के बाजार में व्यवसायिक गतिविधि अवरोधित थी। इस क्षेत्र में धार्मिक सामग्री की दुकानें हैं। इसके साथ ही सराफा बाजार भी इसके नजदीक ही है। कपडों का बाजार भी इसी क्षेत्र में होने से चौतरफा व्यापार प्रभावित हो रहा था। इसके चलते व्यापारियों को बाजार खुलने का इंतजार था। खास यह है कि गोपाल मंदिर के आसपास का बाजार जिले में धार्मिक सामग्रियों के मिलने का प्रमुख केंद्र है। त्यौहारों के दौर में बाजार खुलने की स्थिति सामने आते ही व्यापारियों ने राहत ली है।

अब भी क्षेत्र में बल तैनात, निगरानी जारी- रविवार से भले ही क्षेत्र के 500 मीटर दायरे के मार्गों को खोल दिया गया है इसके बाद भी जिला पुलिस बल के साथ ही विशेष पुलिस बल एवं स्मार्ट सीटी के सीसी टीवी कैमरा से क्षेत्र पर निगरानी जारी रहेगी। स्थानीय थाना पुलिस की सक्रियता भी क्षेत्र में बनी रहेगी। आरएएफ की टुकडी भी क्षेत्र में बनी रहेगी। घटनाक्रम के बाद तैनात बल को कम कर दिया गया है।

रविवार सुबह विश्लेषण के बाद खोले मार्ग

रविवार सुबह प्रशासन द्वारा कमरी मार्ग से गोपाल मंदिर के सामने होते हुए पटनी बाजार की ओर जाने वाले मार्ग को खोल दिया है। तेलीवाड़ा से टंकी चौक होते हुए ढाबारोड की ओर जाने वाला मार्ग भी खोला गया है। कंठाल की ओर से खड़े हनुमान मंदिर होते हुए छत्रीचौक की ओर जाने वाला मार्ग ,लखेरवाडी से छत्री चौक सहित आसपास के मार्ग खोले गए हैं। इन मार्गों पर खासी संख्या में व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं।

स्वामित्व योजना के साथ अन्य कार्यों की समीक्षा

माकड़ौन तहसील के 21 प्रशिक्षु पटवारियों को शोकाज नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वामित्व योजना को लेकर पटवारी संघ एवं प्रदेश प्रशासन में पंगा जारी है। पटवारी संघ प्रदेश भर में 50 लाख से अधिक निःशुल्क रजिस्ट्रीयों में विक्रेता की भूमिका निर्वहन को तैयार नहीं है। इसी दौर में उज्जैन के माकडौन तहसील में 21 प्रशिक्षु पटवारियों को शौकाज नोटिस दे दिया गया है। तहसीलदार अनिरूद्ध मिश्रा का कहना है कि स्वामित्व योजना के साथ अन्य कार्यों की समीक्षा के बाद यह शोकाज नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

स्वामित्व योजना पर शासन एवं पटवारियों के बीच विवाद गहरा गया है। इस बीच प्रशिक्षु पटवारियों पर कार्रवाई का दौर भी शुरू हो गया है। पटवारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश सिंह राजपूत के अनुसार अभियान के इतने दिन बाद भी पटवारी रजिस्ट्री में विक्रेता बनने को तैयार नहीं है। हमारे संघ के उपेन्द्रसिंह जी एवं अश्विन सैनी से शासन पक्ष की चर्चा में सहमति नहीं बनी है। इसके चलते शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर इसमें प्रोबेशनर पटवारियों को सीधे तौर पर निशाना साधा जा रहा है। ये पूरा मामला पंचायतों से जुड़ा हुआ है ऐसे में पंचायतों को भूखंडों की रजिस्ट्री के काम फिर पटवारियों को देने के पीछे का मंतव्य समझ से परे है। ये आबादी से जुड़ा मसला है।

स्वामित्व योजना का मामला खटाई में पढ़ने की स्थिति को लेकर जिलों में कलेक्टरों को इनकार करने वालों को बर्खास्त करने के लिए फ्री हैंड दे दिया गया है। अब पटवारी संघ ने भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि पटवारियों को बर्खास्त किया गया तो वे सामान्य कामकाज भी बंद कर देंगे। निःशुल्क रजिस्ट्री शुरू करने से पहले राजस्व विभाग ने आगर मालवा, हरवा, बड़वानी, अशोकनगर और रायसेन में पायलट प्रोजेक्ट चलाया था। इसी दौरान पटवारियों की आपत्तियां सामने आ गई थीं।

स्वामित्व योजना के सभी कामों से पटवारी संघ अलग रहेगा। रजिस्ट्री भी नहीं करेंगे। बीते दिनों संघ की बैठक में इसका निर्णय लिया गया है। योजना से संबंधित कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कार्य आगामी निर्देश तक नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाएंगे।

बुधवारिया हाट बाजार में बनेगा सुव्यवस्थित हॉकर्स जोन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के फुटकर विक्रेताओं, हाथ ठेला व्यापारियों एवं छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 16 स्थित बुधवारिया हाट बाजार में सुव्यवस्थित हॉकर्स जोन विकसित किया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल की परिकल्पना के अनुसार यहां लगभग 70 लाख रुपये से अधिक की लागत से शेड निर्माण का कार्य किया जाएगा। महापौर मुकेश टटवाल ने रविवार को बुधवारिया हाट बाजार पहुंचकर प्रस्तावित हॉकर्स जोन स्थल का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में फुटकर विक्रेता एवं हाथ ठेला व्यापारी छोटे स्तर पर व्यवसाय करते हैं। कई बार पर्याप्त एवं व्यवस्थित स्थान नहीं होने के कारण उन्हें व्यापार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे सभी छोटे व्यापारियों को एक स्थान पर सुव्यवस्थित सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हॉकर्स जोन का निर्माण किया जा रहा है।

तैराक दल ने चलाया सफाई अभियान, शिप्रा में विसर्जित मूर्तियां बाहर निकालीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति द्वारा रामघाट पर लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में गणेश विसर्जन के बाद शिप्रा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तैराक दल एवं नगर निगम के सहयोग से रामघाट क्षेत्र में नदी की सफाई की गई तथा विसर्जित गणेश प्रतिमाओं को पानी से बाहर निकाला गया।



अभियान के दौरान नदी में मौजूद मूर्तियों एवं अन्य सामग्री को बाहर निकालकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया, ताकि शिप्रा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त रखा जा सके। तैराक दल के सदस्यों ने नदी में उतरकर सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति के सचिव संतोष सोलकी सहित तैराक दल के सदस्यों और नगर निगम कर्मचारियों ने अभियान में सहयोग किया। समिति द्वारा धार्मिक आयोजनों के दौरान नदी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही श्रद्धालुओं की सहायता के लिए भी लगातार सेवाएं दी जा रही हैं। तैराक दल का कहना है कि शिप्रा केवल नदी नहीं, बल्कि उज्जैन की आस्था और पहचान है। इसलिए इसके जल को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। गणेश विसर्जन के बाद चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी रहा।

प्रदेश सरकार टेकरी के राज को खोलने के लिए आतुर

वैश्य टेकरी का सर्वे करने पहुंचा दल, मशीन से जमीन के अंदर झांका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैश्य टेकरी के अंदर दफन राज को खोलने के लिए मध्यप्रदेश सरकार आतुर है। 1940 के दशक में यहां हुए हादसे के बाद से खुदाई का काम बंद कर दिया गया था। तब से ही यहां किसी प्रकार का कोई जांच सर्वे नहीं किया गया था। यहां सर्वे के लिए शुक्रवार को टीम पहंची थी। टीम ने जमीन के अंदर की मशीन से स्केनिंग की है। इसके लिए टेकरी पर उग आई बडी घास की भी सफाई जारी है।

वैश्य टेकरी यह पूरा क्षेत्र केंद्रीय पुरातत्व संरक्षण में है। एक बार फिर से यहां सर्वे के काम की शुरूआत हुई है। केंद्रीय पुरातत्व के अधिन मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग एवं मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की मिली-जुली टीम ने मध्यप्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव की पहल पर सर्वे के काम की शुरूआत यहां की है। उज्जैन बुद्धिष्ट सौसायटी के अध्यक्ष हरिबाबू कटारिया के अनुसार वे टेकरी पर अक्सर जाते आते रहते हैं। इसके चलते उन्हें सर्वे की जानकारी लगी थी। शुक्रवार को दल के आधा दर्जन से अधिक सदस्य टेकरी पर पहुंचे थे उनके पास स्केनिंग मशीन थी। इस मशीन को टेकरी के दो-तीन स्थानों पर लगाकर जमीन के अंदर की स्केनिंग की गई है। टेकरी पर उग आई बड़ी घांस की भी कटाई करवाई जा रही है।

केंद्रीय-प्रदेश के पुरातत्व विभाग दल और मेनिट की टीम सर्वे के लिए पहुंची





वैश्य टेकरी एक सामान्य जानकारी

उज्जैन शहर में कानीपुरा-तराना मार्ग पर स्थित है। यहां आसपास ही दो टेकरी है। यह एक विशाल प्राचीन बौद्ध स्तूप है। इसकी ऊंचाई लगभग 100 फीट और व्यास लगभग 350 फीट है। ये सांची के स्तूप से भी बड़ा बताया जाता है। यह एएसआई द्वारा संरक्षित राष्ट्रीय स्मारक है। कथानकों के अनुसार सम्राट अशोक के पिता बिंदुसार ने उन्हें उज्जैन का राज्यपाल बनाया था। पाटलिपुत्र से उज्जैन आते समय रास्ते में विदिशा (तब वेदिशा) में अशोक एक व्यापारी (वैश्य/वणिक) परिवार में रुके और उनकी पुत्री देवी से विवाह किया। देवी शाक्य वंश से थीं। बाद में अशोक देवी को उज्जैन ले आए। यहीं उनके दो बच्चे महेंद्र और संघमित्रा हुए, जो आगे चलकर श्रीलंका में बौद्ध धर्म के प्रचारक बने। माना जाता है कि पत्नी देवी के लिए पूजा स्थल के रूप में और बाद में उनकी याद में अशोक ने इस स्तूप का निर्माण करवाया, इसलिए इसे वैश्य टेकरी कहा गया। कुछ विद्वान इसे वैश्या टेकरी भी लिखते हैं और 1992 के सरकारी भू-अभिलेख में भी यही नाम दर्ज है।

टीम ने की जमीन के अंदर की स्केनिंग

इधर मध्यप्रदेश एएसआई के अधिकृत सूत्रों के अनुसार केंद्रीय एवं मध्यप्रदेश पुरातत्व के साथ मेनिट के सदस्य भी दल में शामिल थे। टेकरी के अंदर की संरचना जानने के लिए मशीन का उपयोग करते हुए उससे स्केनिंग की गई है। मशीन में आई पिक्चरों को देखकर दल आगे की स्थिति और कार्रवाई को लेकर अपनी तैयारी करेगा।

अंग्रेज शासन काल में स्टेट ने करवाई थी खुदाई

1937-38 में ग्वालियर स्टेट के पुरातत्वविद् एम. बी. गर्दे ने यहां पहली खुदाई करवाई थी। खुदाई में मौर्यकालीन पात्र, मुद्राएं (पंचमार्क सिक्के), बड़ी ईंटें मिलीं। अंदर से गैस रिसाव होने से खुदाई रोकनी पड़ी, जो आज तक पूरी नहीं हुई है। यह भारत, श्रीलंका, चीन, जापान, कंबोडिया के बौद्ध अनुयायियों के लिए आस्था का केंद्र है। यहाँ हर साल बौद्ध महास्तूप महोत्सव मनाया जाता है।

सरकार की बौद्ध पर्यटन केंद्र की योजना

अभी अगस्त 2026 में सरकार और केंद्रीय पुरातत्व सह मध्यप्रदेश पुरातत्व ने इसे फिर से वैज्ञानिक तरीके से खोदने और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

निशुल्कहोम्पायपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया

उज्जैन। **जिला आयुष अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय आयुष विंग होम्योपैथी विंग आनंद भवन वेद नगर उज्जैन द्वारा शासकीय पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास नागझिरी देवास रोड़ उज्जैन में निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें आयुष विंग होम्योपैथी विंग उज्जैन में पदस्थ डॉ अमर राठौड़ द्वारा विद्यार्थियों को स्वस्थ दिनचर्या व स्वच्छता तथा पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई साथ ही दैनिक जीवन में योग ध्यान का महत्व बताया गया शिविर में आयुष विंग होम्योपैथी विंग उज्जैन में पदस्थ गोविन्द उसारिया ने सेवाएँ प्रदान कीं।**

बच्चों को फल, स्कूल सामग्री एवं पानी की बोतलें वितरित कीं

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न सेवा गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 'सेवा मेरा योगदान अभियान' एवं 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के अंतर्गत रविवार को राजकीय बाल संरक्षण आश्रम, मुराई मोहल्ला, छावनी इंदौर में सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद श्री शंकर लालवानी ने आश्रम में निवासरत निराश्रित एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ आनंदोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता की तथा बच्चों को फल, स्कूल सामग्री एवं पानी की बोतलें वितरित कीं।

इंदौर आबकारी विभाग का स्पेशल ड्राइव अभियान

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर इंदौर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध स्पेशल ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में 3 अक्टूबर को वृत्त मह्-अ, इंदौर क्षेत्र में गश्त के दौरान सोनवाय टोल के पास सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा एक टाटा मैजिक टेम्पो की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर से विभिन्न ब्रांड की कुल 96 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

संस्कृति ने बचाया पॉवर ट्रांसफार्मर, टला बड़ा नुकसान



इंदौर। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में सब स्टेशनों एवं यार्डों के नियमित रात्रिकालीन निरीक्षण की व्यवस्था अब एक कार्यसंस्कृति का रूप ले चुकी है। इसी कार्यसंस्कृति के तहत नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा स्थित 132 केवी सबस्टेशन में रात्रि कालीन निरीक्षण के दौरान 40 एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर में उत्पन्न हुई असामान्यता का समय रहते पता चल गया। इससे संभावित बुशिंग फेल्योर, उपकरण क्षति, दुर्घटना तथा विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को टालते हुए एक बड़े आर्थिक नुकसान से बचाव किया जा सका। पिछले दिनों रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी आदर्श लावंशी ने 132 केवी सिवनी मालवा सब स्टेशन के 40 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर से असामान्य आवाज आते हुए सुनी। उन्होंने तत्काल ड्यूटी पर तैनात आउटसोर्स ऑपरेटर श्यामसुंदर गौर एवं नितिन कुमार गौर को इसकी जानकारी दी। तीनों कर्मियों ने स्थिति का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा मामले की गंभीरता को समझते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना दी। सूचना मिलते ही सहायक अभियंता बी.पी. द्विवेदी तथा कार्यपालन अभियंता (परीक्षण) लक्ष्मण आर्य ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शांडिल्य के मार्गदर्शन में लोड डिस्पैच सेंटर से समन्वय स्थापित कर संबंधित पावर ट्रांसफार्मर का आपातकालीन शटडाउन कराया।

नैनो न्यूज

- **देवासः खुले सोयाबीन तेल पर कार्रवाई-** देवास में खाद्य विभाग ने दो प्रतिष्ठानों से करीब 1,520 किलो खुला सोयाबीन तेल जब्त किया। तेल के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।
- **आगर मालवाः भुगतान विवाद पर किसानों का चक्काजाम-** आगर मालवा कृषि मंडी में फसल बिक्री के भुगतान को लेकर किसान और व्यापारी RTGS व्यवस्था के विरोध में सड़क पर उतरे। विरोध के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम हुआ।
- **शाजापुरः मंडी में कृषि उपज की आवक-** शाजापुर जिले की कृषि मंडियों में 2 अक्टूबर तक के सात दिनों में 31 हजार टन से अधिक उपज की आवक दर्ज हुई। सोयाबीन, गेहूं और अन्य फसलों के कारोबार पर बाजार की नजर है।
- **सुसनेरः मंडी में उपज की आवक घटी-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में हालिया सात दिनों के दौरान करीब 544 टन कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। पिछले सात दिनों की तुलना में आवक में 26 प्रतिशत की गिरावट रही।
- **रतलामः स्वामित्व योजना के काम पर विवाद-** रतलाम में स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री संबंधी काम के बहिष्कार को लेकर पटवारी संघ और प्रशासन के बीच असहमति सामने आई।

नर्मदा के सहारे टिकेगी प्यास, बढ़ेगा अरबों का वित्तीय बोझ

पानी की चिंता... उज्जैन में कम बारिश ने बढ़ाई टेंशन, गंभीर खाली

गंभीर बांध में केवल 90 दिन का पानी, इस साल 68 प्रतिशत रह गया खाली, लगभग 10 साल बाद ऐसे हालात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानसून की अधिकारिक विदाई बुधवार को हो जाएगी। 30 सितंबर के बाद होने वाली किसी भी वर्षा को मौसम विभाग मानसूनोत्तर वर्षा (ऑफ्टर रैनी सीजन) की श्रेणी में दर्ज करेगा। लेकिन इस बार मानसून की विदाई शहर के लिए राहत नहीं, बल्कि एक भीषण जल संकट का अलार्म बजाकर जा रही है।

सात लाख की आबादी की प्यास बुझाने वाले गंभीर बांध में इस समय जल संकट का सन्नाटा पसरा है। 2250 एमसीएफटी की क्षमता वाले इस बांध में फिलहाल महज 715 एमसीएफटी पानी ही बचा है- यानी बांध 68 प्रतिशत खाली है। ऊपर से वाष्पीकरण और रोजमर्रा की सप्लाई के चलते बांध से हर दिन 7 से 8 एमसीएफटी पानी तेजी से घट रहा है।

इस हिसाब से गंभीर बांध में अगले 90 दिन नियमित जल प्रदाय करने जितना पानी ही उपलब्ध है। जीवाजी वेधशाला के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि इस सीजन में औसत 906 मिमी के मुकाबले महज 682 मिमी बारिश हुई- यानी सीधी 25 प्रतिशत की बड़ी गिरावट। एनजीटी की रिपोर्ट में सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन की अनुमानित जल मांग 410 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) बताई गई है। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि मेला अवधि में आने वाली करोड़ों की तैरती आबादी की प्यास बुझाना सामान्य दिनों से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। इस वर्ष का मानसून केवल एक मौसमी आंकड़ा नहीं, बल्कि उज्जैन की अगले दो वर्षों की जल प्रबंधन नीति का शुरूआती अलर्ट है।

गंभीर बांध : शहर की निर्भरता और बड़ा संकेतक

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष अगस्त में पेश की गई संयुक्त समिति की रिपोर्ट के अनुसार, उज्जैन शहर की मौजूदा जलापूर्ति का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा अकेले गंभीर बांध से पूरा होता है। अल्प वर्षा के कारण बांध में क्षमता का एक-तिहाई पानी ही बच पाना आने वाले शीतकाल और ग्रीष्मकाल के लिए बड़े संकट की दस्तक है। अल्प वर्षा की वजह से भूजल रिचार्ज भी नगण्य रहा है।

आशंका जताई जा रही है कि जो कुएं, हैंडपंप और बोरिंग अमूमन मई-जून की भीषण गर्मी में सूखते थे, वे इस बार शीतकाल समाप्त होते-होते (फरवरी-मार्च में) ही दम तोड़ देंगे। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रबी फसलों (गेहूं और चना) के लिए मिट्टी में आवश्यक शुरूआती नमी नहीं मिलेगी। फसलों के उत्पादन में गिरावट का सीधा असर किसान की जेब और अंततः शहर के व्यापार पर पड़ेगा।

नर्मदा का सहारा : राहत बड़ी, लेकिन वित्तीय लागत भी भारी

गंभीर बांध में जलस्तर घटने पर नर्मदा-आधारित जल प्रदाय योजना उज्जैन के लिए लाइफलाइन बनती है। लेकिन नर्मदा का पानी शहर तक लाना वित्तीय रूप से अत्यधिक खचीर्ला है। पंपिंग, बिजली और रखरखाव का लगातार भारी खर्च उठाना पड़ता है। वर्तमान में नर्मदा जल की लागत 22.60 प्रति घन मीटर है। यह दर वर्ष 2014 से लागू है, जिसे अब तक बढ़ाया नहीं गया है। बीते 12 वर्षों में नर्मदा का पानी उज्जैन लाने और गंभीर में खाली स्थान भरने के मद में अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कम वर्षा का सीधा अर्थ है कि नगर निगम और प्रशासन को आगामी दिनों में वैकल्पिक नर्मदा जल पर निर्भरता बढ़ानी होगी, जिससे सरकारी खजाने पर वित्तीय दबाव कई गुना बढ़ जाएगा।

श्रद्धालु अपने दिवंगत प्रियजनो के श्राद्धकर्म हेतु यहां आते हैं किन्तु श्राद्धपक्ष मे यहां बहुत भीड होती है

पिशाचमोचन कुंड : अकाल मृत्यु हुए पितरों की मुक्ति का स्थान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भगवान शंकर के त्रिशूल पर टिकी हुई पावन बनारस नगरी धार्मिक आख्यानों व महत्व से परिपूर्ण प्राचीन नगरी है। यहां गंगा किनारे काशी विश्वनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है। मंदिर से लगभग तीन किलोमीटर दूर पिशाचमोचन कुंड है। यूं तो वर्षभर श्रद्धालु अपने दिवंगत प्रियजनो के श्राद्धकर्म हेतु यहां आते हैं किन्तु श्राद्धपक्ष मे यहां बहुत भीड होती है।

स्कंदपुराण के काशी खंड मे इस कुंड का उल्लेख है। भगवान शिव के गणेश कपर्दी ने यहां भोलेनाथ की तपस्या की थी और भगवान शंकर प्रकट हुए व कपर्दी को आशीर्वाद दिया था अतः यहां कपर्दी महादेव मंदिर भी है। पिशाचमोचन कुंड अतिप्राचीन माना गया है। अपने कर्म से एक ब्राह्मण मृत्युपरांत पिशाच बनकर भटक रहा था। ऋषि वाल्मिकी की प्रार्थना से उस पिशाच को इस तीर्थ पर आकर मुक्ति मिली थी तभी से भटकती आत्माओं की मुक्ति व मोक्ष हेतु यहां त्रिपिण्डी श्राद्ध का धार्मिक विधान है।

पीपल के पेड का महत्व

पिशाचमोचन कुंड के पास ही एक प्राचीन पीपल का वृक्ष है। श्रद्धालु ,योग्य पंडित के सानिध्य मे यहां पीपल पर धातु के सिक्के व कील के माध्यम से अपने पितरों को भूत पिशाच योनि से मुक्त कराते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि अकाल मौत के बाद भटकती आत्मा को आह्वान करके पेड पर बुलाया जाता है फिर नारायण बली व त्रिपिण्डी श्राद्ध द्वारा उसके लिए मोक्ष के रास्ते खोले जाते हैं। पावन तीर्थ गया जाने से पहले पिशाचमोचन कुंड मे पूजन करने का विधान है। दूर दूर से श्रद्धालु अपने पितरों की भटकती आत्मा के उद्धार की कामना से पिशाचमोचन तीर्थ आते हैं और श्राद्धकर्म करते हैं।

छह दिनों में दो लाख लोगों ने कराया तर्पण

पितृपक्ष पर काशी में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। षष्ठी तिथि पर बृहस्पतिवार को पिशाचमोचन तीर्थ व विभिन्न गंगा घाटों पर तर्पण करने वालों की भीड़ नजर आई। पिशाचमोचन कुंड पर 40 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने पितरों की मुक्ति और पितृदोष निवारण के लिए विधि-विधान से तर्पण व श्राद्धकर्म संपन्न किया।



बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित 10 से अधिक राज्यों से पहुंचे लोगों के कारण पिशाचमोचन क्षेत्र और संपर्क मार्गों पर गाड़ियों की लाइन लगी रही। सुबह के अर्घ्य से लेकर देर रात तक पिशाचमोचन कुंड के चारों ओर पुरोहितों के मंत्रोच्चार गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने कुल-कुटुंब की खुशहाली के लिए विशेष रूप से त्रिपिंडी श्राद्ध अनुष्ठान करवाए। पितृपक्ष की शुरूआत से ही काशी में रोजाना औसतन 15 से 20 हजार श्रद्धालु पिंडदान के लिए पहुंच रहे हैं। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार, बीते छह दिनों में अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु पिशाचमोचन कुंड और गंगा तटों पर अपने पूर्वजों का पिंडदान कर चुके हैं। तीर्थ पुरोहित मुन्ना पांडेय, पं. आनंद पांडेय और पं. अनिल उपाध्याय ने बताया कि सामान्य दिनों में यह संख्या 10 से 15 हजार रहती है, जबकि प्रमुख तिथियों और शुभ नक्षत्रों पर प्रतिदिन 30 से 40 हजार लोग तर्पण कर्म के लिए जुट रहे हैं।

राजगढ़ में नर्स की लापरवाही ने ली प्रसूता की जान, जमकर हंगामा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़

प्रसव के बाद जिला अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई, जिसके बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाए कि प्रसूता को न डॉक्टर ने देखा, न नर्स ने। जानकारी लगने के बाद एसडीएम, तहसीलदार व टीआई मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाया। उधर पूर्व विधायक बापूसिंह भी पहुंचे व काफी देर तक परिसर में धरने पर बैठे रहे। जानकारी के मुताबिक प्रसूता अमेरपुरा निवासी अमरीबाई पति दिनेश तंवर (19) को शनिवार रात को प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रसव के बाद वह ठीक थी, लेकिन बाद में ब्लीडिंग होने लगी। स्टाफ ने परिजनों को बताया तो उन्होंने कहा की कपड़े बदल दो, लेकिन ब्लीडिंग नहीं रुकी। जब दोबारा स्टाफ से कहा तो उन्होंने सुनने से इंकार कर दिया। डॉक्टर व नर्स ने देखा तक नहीं। सास सहित परिजन रातभर स्टाफ से मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन समय पर उपचार नहीं मिला। रविवार अलसुबह करीब 3 बजे प्रसूता ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक अमरीबाई को शनिवार रात को प्रसव लिए जिला अस्पताल लाया गया था। यह उसका पहला प्रसव था। आधी रात के बाद उसका सामान्य प्रसव हुआ और स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद उसे सामान्य वार्ड में भर्ती कर दिया गया। परिजन के मुताबिक कुछ देर बाद अमरीबाई को तेज रक्तस्राव शुरू हो गया।

800 लोग कर रहे फैक्ट्री में वर्क, 22 एकड़ में बना देश का दूसरा फ्लेवर कंसंट्रेट प्लांट

विक्रम उद्योगपुरी में पेप्सिको तैयार कर रही कई फ्लेवर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विक्रम उद्योगपुरी में पेप्सिको का अत्याधुनिक फ्लेवर कंसंट्रेट प्लांट अब उत्पादन में आ चुका है। करीब 1266 करोड़ रुपए के निवेश से 22 एकड़ में स्थापित इस संयंत्र में नियमित रूप से निर्माण कार्य चल रहा है। देश के इस दूसरे फ्लेवर कंसंट्रेट प्लांट से करीब 800 लोगों को रोजगार मिल रहा है।

एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौड़ ने बताया कि संयंत्र में पेप्सिको के प्रमुख उत्पादों के लिए फ्लेवर कंसंट्रेट तैयार किए जा रहे हैं। इनमें पेप्सी, माउंटेन ड्यू, ट्रॉपिकाना, लेज, गैटोरेड और क्वेकर जैसे ब्रांड शामिल हैं। अत्याधुनिक तकनीक और उच्च स्तर के स्वचालन से लैस यह संयंत्र पेप्सिको की उत्पादन श्रृंखला में उज्जैन को महत्वपूर्ण स्थान दे रहा है।

श्री राठौड़ ने बताया कि पेप्सिको की इस परियोजना पर करीब दो वर्ष पहले काम शुरू हुआ था। निर्माण पूरा होने के बाद संयंत्र में उत्पादन शुरू हो चुका है। कंपनी के लिए यह देश का दूसरा और दुनिया का नौवां अत्याधुनिक फ्लेवर कंसंट्रेट संयंत्र बताया गया है।

पेप्सिको की लेज चिप्स के लिए मध्यप्रदेश से भी बड़ी मात्रा में आलू की खरीदी की जा रही है। कंपनी के अनुसार हर वर्ष करीब 40 हजार टन आलू प्रदेश के 32 जिलों से खरीदे जाएंगे। इससे उज्जैन में स्थापित इस फैक्ट्री का जुड़ाव प्रदेश के कृषि क्षेत्र से भी बनेगा।

उद्योगपुरी में निवेश और रोजगार का नया केंद्र

उन्होंने यह भी बताया कि फ्लेवर कंसंट्रेट प्लांट के शुरू होने से विक्रम उद्योगपुरी में बड़े निवेश के साथ रोजगार का नया आधार तैयार हुआ है। करीब 800 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को गति मिली है।

विक्रांत सिंह सेंगर के उज्जैन आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुष सिंह सेंगर और सुश्री प्रियंका के सुपुत्र विक्रांत सिंह सेंगर के उज्जैन आगमन पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज, मप्र लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक डॉ वी के गुप्ता , अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ एच एल अनिजवाल,कालिदास कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता, शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत पुराणिक,माधव कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ प्रभा श्रीनिवास सुलु , माधव विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व अतिरिक्त संचालक डॉ सुधा श्रीवास्तव, लायंस क्लब के प्रदीप श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी डॉ संचित राय, डॉ संगीता सुपेकर, नवीन कौरट,डॉ बी एस अखण्ड,कमलेश भट्ट, प्रो अल्पना उपाध्याय, डॉ रवि मिश्रा, डॉ जफर महमूद, डॉ दिनेश जोशी, डॉ मंसूर खान , डॉ नीलिमा वर्मा, डॉ आयशा सिद्दीकी,डॉ संजीव शर्मा, डॉ मोहन निमोले, डॉ प्रमिला निमोले सहित बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों ने उपस्थित हो कर विक्रांत सेंगर के नगर आगमन पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए वीरेंद्र सिंह सेंगर एवं प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह को बधाई दी।

सुर्खियों की भूख में राखी सावंत तक पहुंच गए मिश्रा जी- अमित चौरसिया

जीतू पटवारी कांग्रेस के मेल राखी सावंत - मिश्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर की राजनीति में इन दिनों मुद्दों से ज्यादा जुबानी जंग सुर्खियां बटोर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की कांग्रेस के मेल राखी सावंत वाली टिप्पणी ने सियासी माहौल गरमा दिया है। मिश्रा के इस विवादास्पद बयान के बाद कांग्रेस ने भी उसी तीखे अंदाज में पलटवार किया है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने मिश्रा के बयान को राजनीतिक मयार्दा से जोड़ते हुए कहा कि सुर्खियां बटोरने के लिए इस तरह की बयानबाजी की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

दरअसल, राजनीतिक तकरार की शुरूआत मकान पर कुदाली वाले बयान से हुई। सुमित मिश्रा ने कहा कि जिस मकान में कोई व्यक्ति बचपन से रहा हो, जिससे उसकी यादें जुड़ी हों, यदि विकास की राह में वही मकान आ जाए और वहां कुदाली चलाने का फैसला करना पड़े तो इसके लिए बड़ा मन और हिम्मत चाहिए।

इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए मिश्रा ने जीतू पटवारी पर निशाना साधा और उन्हें कांग्रेस का मेल राखी सावंत तक कह दिया। मिश्रा ने तंज कसते हुए कहा कि जब गंभीरता नहीं मिलती तो विवादास्पद और ऊटपटांग बयान देकर सुर्खियों में आने की कोशिश की जाती है। मिश्रा का बयान सामने आने के बाद कांग्रेस ने भी पलटवार में देर नहीं की। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि राखी सावंत का नाम लेकर सुर्खियां बटोरने की आदत मिश्रा जी की हो सकती है, कांग्रेस की नहीं। उन्होंने मिश्रा को अपनी पार्टी की चिंता करने की नसीहत भी दी।

बयानबाजी की दुकान चमक रही, मुद्दों का माल गायब

चौरसिया ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राजनीति विचारों और मुद्दों से होती है, निजी छींटाकशी और छिछोरे बयानों से नहीं। उन्होंने तंज कसा–मिश्रा जी, आपकी छिछोरी बयानबाजी की दुकान चमक रही है, लेकिन मुद्दों का माल गायब है। चौरसिया ने कहा कि जीतू पटवारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और सरकार की नाकामियों पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में भाजपा को इन सवालों का जवाब देना चाहिए, न कि राखी सावंत का नाम लेकर राजनीति करनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता यहीं नहीं रुके। उन्होंने मिश्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि कद से ऊंची छलांग लगाने के चक्कर में मिश्रा खुद राजनीतिक मयार्दा के नाले में गिर पड़े हैं। उनका कहना था कि सुर्खियां बयानबाजी से मिल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक सम्मान आचरण से कमाया जाता है।

अब अगली चाल किसकी?



मिश्रा के ह्यमेल राखी सावंतह्ल वाले विवादास्पद बयान और उसके बाद चौरसिया के तीखे पलटवार ने इंदौर की सियासत में नई जुबानी जंग छेड़ दी है। फिलहाल भाजपा की ओर से पटवारी पर तंज और कांग्रेस की ओर से मिश्रा पर पलटवार–दोनों ही चचाओं के केंद्र में हैं। अब देखना यह है कि ह्यमेल राखी सावंतह्ल के इस सियासी वार के बाद अगला पलटवार किस अंदाज में सामने आता है।

श्री त्रिपाठी को किया गया सम्मानित

पशुपालन एवं डेयरी फार्मिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर उज्जैन जिले के धीरशान्त त्रिपाठी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना एवं डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के पशुपालकों, किसानों एवं युवाओं में हर्ष का माहौल है।

उज्जैन निवासी धीरशान्त त्रिपाठी पिछले छह वर्षों से पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। वे देशी गोवंश की नस्लों के संरक्षण, संवर्धन एवं नस्ल सुधार के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण दूध और दुग्ध उत्पादों के उत्पादन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका उद्देश्य पारंपरिक पशुपालन को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़कर इसे एक लाभकारी और टिकाऊ व्यवसाय के रूप में विकसित करना है। धीरशान्त त्रिपाठी के फार्म पर वर्तमान में 32 गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन लगभग 90 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। वे देशी गोवंश की उत्कृष्ट नस्लों के संरक्षण और बेहतर प्रजनन प्रबंधन के माध्यम से पशुपालन क्षेत्र में गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत डेयरी व्यवसाय के विस्तार की दिशा में भी उन्होंने पहल की है। जिससे दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ आधुनिक एवं व्यवस्थित डेयरी प्रबंधन को प्रोत्साहित किया जा सके। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध कराने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

न्यूज कालम



न.पा. अधिकारी ने चलित शौचालय एवं फॉगिंग मशीन का लोकार्पण किया

आलीराजपुर। नगर पालिका द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सेना महेश जी पटेल, उपाध्यक्ष श्री शबीर बाबा जी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत जी शुक्ला द्वारा चालित शौचालय एवं फॉगिंग मशीन (1 बड़ी 2 छोटी) का विधिवत लोकार्पण किया गया। चालित शौचालय के प्रारंभ होने से नागरिकों को सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छ एवं सुविधाजनक शौचालय की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, फॉगिंग मशीन के माध्यम से मच्छरों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण में सहायता मिलेगी, जिससे नगर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्राप्त होगा। नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इस दिशा में आधुनिक संसाधनों एवं उपकरणों का उपयोग लगातार बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

धरगांव की पहली विद्यार्थी भूमिका पटेल बनी सीएस, उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल



मंडलेश्वर। ग्राम धरगांव की होनहार छात्रा भूमिका उदय सिंह पटेल ने कंपनी सेक्रेटरी की उपाधि हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। भूमिका के धरगांव की पहली विद्यार्थी के रूप में कंपनी सेक्रेटरी बनने पर परिवार, समाज और ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। भूमिका की इस उपलब्धि को लेकर शुभचिंतकों और समाजजनों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है।भूमिका पटेल की भारतीय कंपनी सेक्रेटरी के रूप में चयनित होकर प्रभु स्टील प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर (महाराष्ट्र) में पदस्थ होने की उपलब्धि से परिवार में विशेष उत्साह है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर कंपनी सेक्रेटरी की उपाधि प्राप्त करना और नागपुर में कंपनी के साथ जिम्मेदारी संभालना भूमिका की मेहनत और लगन को दर्शाता है।भूमिका पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय मंडलेश्वर की निजी स्कूल के शिक्षकों, दादा-दादी, मम्मी-पापा एवं बुआ सुशीला सोलंकी के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों ने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन से उन्हें अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में मदद मिली।भूमिका की इस उपलब्धि से उनके परिवार के साथ-साथ समाज में भी हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की बेटी ने कंपनी सेक्रेटरी की उपाधि प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी सफलता से गांव के अन्य विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

महाविद्यालय मंडलेश्वर में स्वच्छता अभियान आयोजित कर सभी को प्रेरणा दी



मंडलेश्वर। सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में परिसर एवं आसपास सेवा में मेरा योगदान ,सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।स्वच्छता अभियान प्रभारी प्रो. अंकित चौरे एवं प्रो. धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय भागीदारी करते हुए महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को समझते हुए अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता एवं स्वच्छता के प्रति उत्साह देखकर महाविद्यालय संचालक बीएम पाटीदार और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों की सहभागिता से समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचता है।

ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा सीएमई का आयोजन, सौ से अधिक डॉक्टर हुए शामिल



बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 3 अक्टूबर को हड्डुष्टद्य रेस्टोरेंट में सीएमई का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। सीएमई में हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेंद्र सिंह ठाकुर और ईएनटी सर्जन डॉ. विकुल देशवाल द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के विषय पर उपस्थित चिकित्सकों के बीच चर्चा भी हुई। कार्यक्रम का सफल आयोजन हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में किया गया।

गांधी जयंती पर एन एस एस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने ली नशामुक्ति की शपथ

बड़वानी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह मेवाडे ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे और गांधी जी के विचारों को स्मरण किया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत चिंचगोहन में शिविर संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान के तहत शनिवार को छैगांवमाखन ब्लॉक के ग्राम चिंचगोहन में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सेवा से संकल्प अभियान के माध्यम से सरकार ग्रामीणों के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाएं और योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। उन्होंने क्षेत्र में हुए सड़क, सिंचाई, बिजली और कृषि विकास का उल्लेख करते हुए जल संरक्षण को सभी की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल की एक-एक बूंद बचाने और पौधों को पेड़ बनाने का संकल्प लेकर सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे ने कहा कि सरकार आपके द्वार अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्त करना है। शिविर में ही पंजीयन एवं योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का उल्लेख किया।

महापौर श्रीमती अमृता यादव ने कहा कि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराने से परिवार और समाज मजबूत होगा। उन्होंने नागरिकों से शिविर का लाभ लेने तथा अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी देने की अपील की।

शिविर में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने ग्रामीणों से विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में बी.पी. सुगर हेमोगलोबिन की जांच के साथ में टीवी की जांच के लिये एक्सरे भी करवाएं। उन्होंने ग्रामीण अपने घर के पानी का नमूना लाकर निःशुल्क जांच कराएं। महिलाओं को आंगनबाड़ी शिविर में पहुंचकर टेक होम राशन से पौष्टिक व्यंजन बनाने की जानकारी लेने तथा राजस्व संबंधी लंबित मामलों के निराकरण के लिए राजस्व शिविर का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने श्रम मानधन योजना की जानकारी देते हुए किसानों से पारंपरिक खेती के साथ खीरा, टमाटर जैसी उद्यानिकी फसलों को अपनाकर आय बढ़ाने का आग्रह किया। इस दौरान शिविर में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, नगर निगम महापौर श्रीमती अमृता यादव, जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र सावनेर, जिला अध्यक्ष श्री राजपाल तोमर ,कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ऐश्वर्या वर्मा, अपर कलेक्टर श्री क्षितिज शर्मा, ग्राम चिचगोहन की सरपंच श्रीमती आरती पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



सेवा सेतु शिविर में अर्चना चिटनिस ने सुनीं जनसमस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम द्वारा 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' शिविर का आयोजन किया गया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर नागरिकों से संवाद किया और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। चिटनिस ने कहा कि शिविर का उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना और समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत यह शिविर जनसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित न रहे। शिविर में पेंशन, संबल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, आधार अपडेशन, राजस्व और राशन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और आयुष विभाग द्वारा दवाइयों का वितरण किया गया। कलेक्टर हर्ष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर आज ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिया जाए। इस अवसर पर महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थे।

पोस्ट ऑफिस में नौकरी के नाम पर 1.5 करोड़ की ठगी, 19 युवाओं को दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी दिलाने के नाम पर 19 युवाओं से 1.5 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। नेपानगर पुलिस ने मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी धीरज चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

नेपानगर थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी के अनुसार आरोपियों ने खुद को ब्रांच पोस्ट मास्टर और ऑपरेटर बताकर युवाओं को नौकरी का झांसा दिया था। आरोपियों ने फर्जी कर्मचारी आईडी, फर्जी ट्रेनिंग लेटर और नियुक्ति पत्र तैयार किए थे। शक से बचने के लिए कुछ समय तक बिना काम कराए ही युवाओं के खातों में हर महीने 18 से 19 हजार रुपए सैलरी और ब्याज के नाम पर करीब 20 हजार रुपए भी डाले गए। जब ट्रेनिंग नहीं हुई और बिना काम के वेतन आता रहा तो युवाओं को शक हुआ और उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 19 युवाओं से अलग-अलग रकम वसूली। किसी से 1 लाख, किसी से 2 लाख तो किसी से 5 से 10 लाख रुपए तक लिए गए। आरोपी पहले खंडवा पोस्ट ऑफिस में काम कर चुके थे, इसी आधार पर उन्होंने ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

खंडवा जिले के पंधाना तहसील के गुड़ी निवासी मोईनुद्दीन पिता जैनुद्दीन सिद्दीकी ने अन्य पीड़ितों के साथ नेपानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर पुलिस ने रईस पिता सलीम खान निवासी वार्ड नंबर-८ नेपानगर, धीरज पिता अशोक चौधरी निवासी खंडवा, रामकृष्ण कास्डे निवासी खालवा और अनिल भाटे निवासी जसवाड़ी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था।

मामले में रईस खान और अनिल भाटे को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। धीरज लंबे समय से फरार था और मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। चौथा आरोपी रामकृष्ण कास्डे अभी भी फरार है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सकारात्मक पत्रकारिता बने समाज में बदलाव की आवाज : राजेंद्र जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

पत्रकारिता महज खबरों को समाज तक पहुंचाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनजागरण और सामाजिक बदलाव की मजबूत कड़ी भी है। सकारात्मक, तथ्यपरक और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के माध्यम से समाज को नई दिशा दी जा सकती है।

यह बात सनावद के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन महावीर ने रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जैन समाज का पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने वर्ष 2027 में प्रस्तावित जनगणना को लेकर समाज में जागरूकता की आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक जैन परिवार धर्म संबंधी कॉलम में स्पष्ट रूप से च्जैनज् दर्ज कराए, ताकि सरकारी आंकड़ों में समाज की वास्तविक संख्या दर्ज हो सके।

उन्होंने इसे सामाजिक जागरूकता से जुड़ा विषय बताते हुए पत्रकारों से भी जनजागरण में भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त लोकेश कावड़िया, बनारस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. बलदेवराज गुप्ता, न्यूज 24 के डायरेक्टर नमित जैन, पारस चैनल के चेयरमैन प्रकाश मोदी, पूर्व विधायक सुनील निधि जैन आदि उपस्थित थे।

गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

बड़वानी । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ बड़वानी द्वारा दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना सिंह जिला कमिश्नर गाइड व उ.मा.वि. के प्राचार्य अनील मिश्रा के मार्ग दर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग श्रीमती रंजना सिंह द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सेवा के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों के बारे में जानकारी दी।

500 से अधिक समाजबंधु एक मंच पर जुटे

जैन पत्रकारों को समाजसेवा से जोड़ने के प्रयास के लिए प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ का किया अभिनंदन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ का 15वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं श्रीसंघ स्नेह मिलन समारोह 2 एवं 3 अक्टूबर को नागपुर में आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरी म.सा. के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। अधिवेशन में मध्यप्रदेश, गुजरात एवं राजस्थान से करीब 500 समाजबंधुओं ने सहभागिता की। इनमें मालवा महासंघ के 400 से अधिक पदाधिकारी-सदस्य तथा मध्यप्रदेश के 50 से अधिक जैन पत्रकार एवं कलमकार शामिल रहे।

अधिवेशन में आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरी ने समाज की वर्तमान परिस्थितियों सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने समाज में बढ़ते तलाक के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए परिवारों में आपसी संवाद, संस्कार एवं धार्मिक मूल्यों को मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई। साथ ही समाज की एकजुटता और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

आचार्य श्री ने मालवा क्षेत्र के विभिन्न जैन मंदिरों में पूजन सामग्री की समुचित व्यवस्था को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए। इस संबंध में नागेश्वर तीर्थ के पदाधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

अधिवेशन में विभिन्न वक्ताओं ने समाज की वर्तमान परिस्थितियों, संगठन की भूमिका एवं सामाजिक सरोकारों पर विचार रखे। राजेश मानव, वीरेंद्र जैन पत्रकार, संतोष मेहता, राजेंद्र कनपुरिया सहित अन्य वक्ताओं ने समाज को संगठित करने और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।

अधिवेशन के दौरान जैन पत्रकार परिषद द्वारा आचार्य श्री के सान्निध्य में मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ का अभिनंदन किया गया। मध्यप्रदेश के जैन पत्रकार साथियों को संगठित कर उन्हें समाजसेवा एवं सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की गई।

चांदपुर में मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं जिला स्तरीय सेवा सेतु अभियान का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं जिला स्तरीय सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत चांदपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 783 आवेदन प्राप्त हुए।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर परीक्षण कर निराकरण करना है। आधार कार्ड में नाम सुधार, भूमि संबंधी प्रकरण सहित विभिन्न समस्याओं का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से भूमि संबंधी प्रकरणों का निराकरण कर आवेदकों को पावती उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है।

जिले के फलियों को सड़कों से जोड़ने का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

मंत्री श्री चौहान ने ग्रामीणों से स्वरोजगार एवं पशुपालन योजनाओं का लाभ लेने और व्यवसाय के लिए ऋण हेतु शिविर में आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज को आगे आने की अपील भी की। इस दौरान पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि के चेक वितरित किए गए ।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर , सीईओ जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, साहित जन प्रतिनिधि , समस्त विभाग प्रमुख एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

न.पा. परिषद द्वारा सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन 4 अक्टूबर को नगर पालिका प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया। शिविर में केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों एवं हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए तथा पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 47 हितग्राहियों, जलकर के 5 स्वीकृति पत्र, सामाजिक न्याय विभाग के 15 हितग्राहियों, संबल योजना के 10, प्रधानमंत्री विश्व कर्मा योजना के 3, प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 तथा उद्यम क्रांति योजना के 2 हितग्राहियों को लाभ/स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहज एवं सुगम रूप से पहुंचाना तथा नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण एवं योजनाओं से जोड़ना रहा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है।

कलेक्टर जयति सिंह ने जिला महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने रविवार को जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, वार्डों की साफ-सफाई और मरीजों को मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र के चल रहे रेनोवेशन कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कर इसे समय पर हैंडओवर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (स्व्हष्ट) वार्ड में भर्ती बच्चों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में भर्ती बच्चों की संख्या, उन्हें दी जा रही चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वहाँ कार्यरत स्टाफ से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एएनसी एवं पीएनसी वार्ड सहित अस्पताल में भर्ती कुल मरीजों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए मरीजों को उच्च गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने अस्पताल परिसर और वार्डों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुरल्ला में आबकारी का छापा, 63 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

सनावद/बड़वाह। अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम मुरल्ला में कार्रवाई करते हुए 63 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। कार्रवाई के दौरान आरोपी दीपेश पिता राजबहादुर को गिरफ्तार किया गया। जिला खरगोन कलेक्टर गुरु प्रसाद के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी बृजेन्द्र कोरी के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर को ग्राम मुरल्ला, थाना बड़वाह क्षेत्र में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी टीम ने घेराबंदी की। वृत्त प्रभारी शिवम चौरसिया एवं आबकारी उपनिरीक्षक के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में आरोपी की तलाशी ली गई। उसके कब्जे से 63 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है। कार्रवाई में नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सजेंद्र मोरी, मंडल प्रभारी मनीष राठौर के मार्गदर्शन के साथ आरक्षक प्रजोत चौधरी, गोविंद सेल्टिया एवं नवनीत पाल का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

न्यूज -कॉलम

नियम का पालन करने वालों को एसपी ने बांटी चॉकलेट



उज्जैन। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने के लिये पुलिस द्वारा 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस जहां स्कूलों, महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नियमों के प्रति जागरूक करने पहुंच रही है। वहीं रविवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने मैदान में उतरकर मार्गो पर यातायात नियमों का पालन हेलमेंट, सीट बेल्ट लगाकर गुजरने वाले चालकों को चॉकलेट और चाबी का छल्ला देकर प्रोत्साहित किया। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। भी की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

टीनशेड काट कर शराब दुकान में चोरी का प्रयास

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर अंग्रेजी शराब दुकान का रात दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात बदमाश ने टीनशेड काटकर चोरी का प्रयास किया। बदमाश दुकान में घुस गया था लेकिन कर्मचारियों ने आहत सुनी तो नींद से जाग गये। बदमाश जिस रास्ते से आया था उसी रास्ते से भाग निकला। शराब दुकान के कर्मचारी उमेश पिता जगननाथ जयसवाल निवासी गाजीपुर उत्तरप्रदेश द्वारा मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार शराब दुकान से कुछ चोरी होना सामने नहीं आया है लेकिन दुकान के बाहर आयशर खड़ी मिली है। जिसके चालक का कुछ पता नहीं चल पाया है। कर्मचारियों को आशंका है बदमाश आयशर चालक हो सकता है। पुलिस नम्बर के आधार पर चालक का पता लगा रही है। जिसके मिलने पर ही स्पष्ट होगा कि दुकान में कौन घुसा था।

घूरकर देखने और फोटो खिंचने पर रिश्तेदारों में विवाद

उज्जैन। ग्राम नौगांवा में रहने वाले मांगीलाल पिता आत्माराम जाट 48 साल और रिश्तेदार माणकचंद पिता जगन्नाथ जाट 58 साल का मकान आमने-सामने बना हुआ है। दोनों के बीच घूरकर देखने और फोटो खिंचने की बात पर विवाद हो गया। एक-दूसरे के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला तराना थाना पुलिस के पास पहुंचने पर मांगीलाल का आरोप था कि खेत की ओर जाते समय घूरकर देखने से मना किया तो मारपीट की गई। वहीं माणकचंद का कहना था कि मांगीलाल उसका फोटो खींच रहा था। पुलिस ने दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप देख क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पारिवारिक विवाद में पति ने की पत्नी के साथ मारपीट

उज्जैन। मक्सीरोड पंवासा में पारिवारिक विवाद में ओमप्रकाश ने पत्नी सुशीला के साथ मारपीट की और भाग निकला। घायल सुशीला को भतीजी चरक अस्पताल लेकर पहुंची। परीक्षण के दौरान घायल महिला के हाथ में फैक्चर होना सामने आया। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। गुरूवार-शुक्रवार रात ढांचा भवन में रहने वाली मालाबाई के साथ पति सुनील चौधरी ने दराते से हमला कर मारपीट की थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था लेकिन 2 दिन बाद भी पति पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका।

मृतकों की नहीं हुई पहचान, पुलिस ने दफनाये शव

उज्जैन। मक्सीरोड उद्योगपुरी से 3 दिन पहले नाले में एक व्यक्ति का शव पंवासा थाना पुलिस ने बरामद किया था। पहले पता चला था कि रतलाम का रहने वाला है, लेकिन उसके परिजनों की कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। वहीं एक शव जीआरपी ने रेलवे परिसर से बरामद कर परिजनों की तलाश शुरू की थी। रविवार दोपहर तक दोनों के परिजनों का पता नहीं चलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को दफना दिया है।

देवास रोड पर बस-कार की भिड़ंत में प्रकरण दर्ज

उज्जैन। देवासरोड सैफी पेट्रोल पंप के सामने शनिवार देर शाम बस और कार के बीच भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला था। कार चालक ने मामले की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस से की थी और कार क्षतिग्रस्त होना बताया था। पुलिस ने मामला जांच में लिया और बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। बस उज्जैन-देवास के बीच चलना बताई गई है। पुलिस का कहना था कि दुर्घटनास्थल पर लगे कैमरों की मदद से बस की पहचान कर जप्त किया जायेगा।

बुजुर्ग परिवार की जड़ हैं, इनके बिना घर में बरकत नहीं

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में कानीपुरा रोड स्थित माता-पिता सेवाधाम आश्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा आश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. सतविंदर कौर सलुजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, बुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ हैं, जड़ें गहरी होंगी।

होमगार्ड टीम ने चलाया तलाशी अभियान, आज फिर शुरू होगी सर्चिंग..

खदान में डूबा नाबालिग, 6 घंटे बाद भी नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड पर तालाब का रूप ले चुकी खदान में रविवार को नाबालिग नहाने के लिये उतारा था लेकिन वापस बाहर नहीं आया। उसके डूबने की खबर मिलने पर पुलिस और होमगार्ड की टीम तलाश के लिये पहुंची। 6 घंटे चले अभियान के बाद भी नाबालिग का पता नहीं चल पाया। आज दोबारा से सर्चिंग शुरू की जायेगी।

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी ने बताया कि दोपहर में नानाखेड़ा थाना पुलिस के माध्यम से इंदौर रोड स्थित ग्राम निनौरा के पास तालाब में दीपक पिता मनोज 14 साल निवासी निनौरा के डूबने की सूचना मिली थी। तलाशी अभियान के लिये एसडीआरएफ की टीम को रवाना किया गया। करीब 6 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन डूबने



नाबालिग नहीं मिल पाया। उसके डूबने की सही जगह भी सामने नहीं आ पाई थी। सोमवार को उसकी तलाश में डीप डायविंग कराई जायेगी। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस का कहना था कि सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। नाबालिग के डूबने की सूचना गांव वालों से मिली थी। उसके कपड़े तालाब के पास मिले है। परिजन भी दीपक के कपड़े तालाब किनारे मिलने पर आ गये थे। पिता ने बताया कि सुबह मवेशी चराने के लिये निकला था।

आशंका जताई गई कि मवेशी चराते समय वह कपड़े उतारकर नहाने के लिये उतारा होगा उसी दौरान डूबा है। नाबालिग के डूबने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी।

टीआई नरेन्द्र कुमार यादव का कहना था कि नाबालिग के मिलने पर ही आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

क्षिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

तालाब में डूबे नाबालिग की तलाश में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था इसी बीच भूखी माता घाट और लालपुल के बीच महाकाल थाने की सीमा में एक युवक की क्षिप्रा नदी में लाश तैरती दिखाई दी। सूचना पर पुलिस और मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्य पहुंचे। सचिव संतोष सोलंकी ने बताया कि शव को बाहर निकाला गया, मृतक पेंट-बनिया पहने था और शव 3 से 4 दिन पुराना हो चुका था।
पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। टीआई गगन बादल ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। उसके परिजनों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है, संभावना है कि शव कहीं से बहता हुआ लालपुल तक पहुंचा है।

धक्का देकर दरवाजा खोला तो मिली हजारों की शराब



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुख्यात तस्कर के मकान में अवैध शराब का जखीरा होने की सूचना पर रविवार तड़के आबकारी की टीम तराना पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, जिससे खुलवाने का प्रयास किया गया। नहीं खुलने पर धक्का देकर खोला गया। अंदर देशी के साथ विदेशी शराब रखी होना मिली।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि जिले में अवैध शराब को लेकर सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देश पर विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि तराना के कुख्यात तस्कर के मकान में अवैध शराब रखी हुई है। व्रत प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कतरोलिया, आकांक्षा गढ़वाल की टीम ने तराना के पाला मोहल्ला में तस्कर भारत पिता देवीसिंह राजपूत के मकान पर दबिश दी। सुबह 6 बजे दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया लेकिन अंदर से बंद दरवाजा नहीं खुला। अवैध की सूचना पुख्ता होने पर तराना पुलिस और गवाहों की मौजदूगी में दरवाजे को धक्का देखकर खोला गया। टीम ने मकान की तलाशी ली तो वहां से देशी-विदेशी शराब का जखीरा मिल गया। तस्कर भारतसिंह को हिरासत में लिया गया और मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। बरामद की गई शराब की कीमत 46 हजार रुपए पाई गई है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंदा के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी और अवैध शराब सहित 11 प्रकरण दर्ज है।

गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में 54 माह तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 7 हजार का अर्थदंड भी किया गया है। हत्या लेनदेन के विवाद में हुई थी।

उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 3 मार्च 2022 की रात डी मार्ट के पास लखन राठौर की गोली मारकर रवि उर्फ शुभम पिता उदयसिंह सिसौदिया निवासी मालनवासा ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में पहले धारा 302 का प्रकरण दर्ज किया था और आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस विवेचना में सामने आया था कि मृतक लखन राठौर ने वासु से 25 हजार रुपए उधार लिये थे। वहीं हत्या करने वाले ने लखन से 37 हजार रुपए उधार लिये थे। 2 मार्च 2022 को रवि उर्फ शुभम रात 9 बजे लखन के घर पहुंचा था और बोला कि वासु ने 25 हजार रुपए देने के लिये कहा है। लखन ने कहा कि तुझे 37 हजार रुपए दिये है उसमें से 25 हजार वासु को लौटा देना। रवि ने पैसे नहीं होने की बात कहीं और सुबह डी मार्ट के पास मिलने का बोलकर चला गया था। लखन सुबह डी मार्ट पहुंचा तो रवि ने पिस्टल निकालकर सिर में गोली मार दी थी और भाग निकला था। पुलिस ने विवेचना पूरी होने पर आरोपी रवि से पिस्टल बरामद कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। लम्बी चली सुनवाई की प्रकिया पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रताप सिंह चौहान (एससी/एसटी एक्ट) द्वारा फैसला सुनाते हुये रवि उर्फ शुभम सिसोदिया को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा-25 (1-ख) (क) आयुध अधिनियम में 3 वर्ष का कारावास और धारा 27 (1) आयुध अधिनियम में 3 वर्ष का कारावास के साथ 7 हजार के अर्थदंड से दण्डित किया।

पुलिस ने संचालकों के साथ की बैठक..

रात 10 बजे बाद डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

.आगामी त्यौहारों को सौहार्द्र और शांति के साथ पूरा कराने के उद्देश्य से पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की और रात 10 बजे बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश जारी किये।

कुछ दिनों बाद माता की आराधना का नौ दिवसीय पर्व नवरात्री की शुरूआत होने जा रही है। उसके बाद दशहरा पर्व मनाये जायेगा। वहीं हिन्दू संप्रदाय का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भी नवम्बर माह में होगा। सभी त्यौहारों और पर्व को लेकर पुलिस द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। ताकि त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्द्र के साथ मनाया जा सके। इसको लेकर सबसे पहले शहर के डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्र के संचालकों को बुलाया और ध्वनि प्रदूषण से संबंधित निर्धारित नियमों, मानकों का पालन करने के साथ निर्धारित अनुमति, शर्तों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने और रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने के स्पष्ट निर्देश जारी किये। संचालकों से कहा गया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर/पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग पर सामान्य प्रतिबंध है। निदेर्शों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बैठक के दौरान पुलिस द्वारा डीजे संचालकों से नियम और निदेर्शों का पालन करने के लिये बंध पत्र (बॉड) भरवाये गये। साथ ही बताया गया कि मर्यादित और सभ्य गीत संगीत का प्रसारण करेंगें किसी धर्म संप्रदाय, जाति अथवा समुदाय की भावना को ठेस पहुंचने वाले गीतों को नहीं बजायेगें। पुलिस ने सभी संचालकों से सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की गई।

रात में निकाला गया फ्लैग मार्च


दिन में डीजे संचालकों की बैठक के बाद रात में जिला पुलिस बल और आरएएफ के जवानों द्वारा कानून व्यवस्था को बनाये रखे के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।
मार्च के दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पैदल भ्रमण करते दिखाई दिये। शहर के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी शांति और सौहार्द्र को कायम रखने के लिये फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

पति ड्युटी पर, पत्नी ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पति के शनिवार रात नाइट ड्युटी पर जाते ही पत्नी ने फांसी लगा ली। डेढ़ साल का पुत्र रोतने लगा, सास को रोने की आवाज सुनाई दी तो वह कमरे में पहुंची, उसने बहू को पंखे से फांसी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

ग्राम आकासौदा में रहने वाला सुरज बैरागी होटल में काम करता है। शनिवार को उसकी नाइट ड्युटी होने पर रात 10 बजे घर से निकला था। कुछ देर बाद उसकी पत्नी रोशनी बैरागी 25 साल ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगा ली। 11 बजे के लगभग रोशनी के मासूम बेटे के रोने की आवाज सुरज की मां पवित्रा बैरागी की सुनाई दी तो वह रोशनी के कमरे में पहुंची। जहां उसने फंदे पर लटका देखा। पवित्रा बैरागी ने अपने पति और पुत्र को मामले की



जानकारी दी। आसपास के लोगों की मदद से रोशनी को नीचे उतारा गया और चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। चिंतामण थाना पुलिस को सूचना मिली तो मामले में मर्ग कायम किया गया और रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पति सूरज ने बताया कि ड्युटी जाने से पहले रोशनी ने उसके साथ खाना खाया था। उस दौरान तक सबकुछ ठीक था। ऐसा नहीं लगा था कि रोशनी खौफनाक कदम उठा लेगी। उसका मायके बीना के पास है। बताया जा रहा था कि रोशनी के फांसी लगाने की खबर मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी उज्जैन पहुंच गये थे। पुलिस के अनुसार दोनों परिवारों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

हरसोदन में बुजुर्ग भी फंदे पर मिला-

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम हरसोदन में रहने वाला बुजुर्ग हजारीलाल पिता भंवरलाल 80 साल भी घर के पीछे रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर घटनास्थल से शव को चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रात में कब घर से बाहर निकलकर फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की बात कहीं गई है।

कल प्रमुख सचिव राजस्व को ज्ञापन देकर योजना के कार्य से विरत रहने का कहेंगे..

तहसीलदार-नायब भी स्वामित्व योजना से अलग होने को आतूर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन के लिए पटवारियों पर दबाव बनाने का काम कर रहे तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने भी अब अपने आप को इस योजना के काम से विरत करने का निर्णय ले लिया है। इसे लेकर प्रमुख सचिव राजस्व विभाग को मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ मंगलवार को ज्ञापन देते हुए कारणों के साथ खुद को इस कार्य से विरत कर रहा है।
इसके साथ ही संघ ने अपनी इकाई को इस मामले में केविएट दाखिल करने के लिए निर्देश दिए हैं। मध्य प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 को लेकर बड़ा गतिरोध सामने आ रहा है। मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ ने इस योजना के सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कार्यों से विरत रहने का ऐलान करने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में संघ ने प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग को विधिवत ज्ञापन सौंपने की तैयारी की है। संघ का ज्ञापन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस फैसले के बाद प्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी की जमीनों के सर्वे और रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तहसीलदार नवीन चंद्र कुंभकार के अनुसार बैठक में इस पर निर्णय लिया गया है और मंगलवार को इससे संबंधित ज्ञापन प्रमुख सचिव राजस्व को सौंपने की तैयारी कर ली गई है। संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के सानिध्य में यह निर्णय सर्वसम्मति से कार्यकारिणी ने लिया है।
संघ के इस निर्णय से स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर गतिरोध की स्थिति बनने की आशंका है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी की जमीनों का सर्वे, स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का निष्पादन और पंजीयन जैसी प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में राजस्व अधिकारियों के इस कार्य से विरत रहने के निर्णय का असर योजना से जुड़े कामकाज पर पड़ सकता है। पटवारियों पर योजना का काम पूरा करने के लिए दबाव बनाए जाने के बीच तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों का भी इससे अलग रहने का फैसला राजस्व विभाग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ द्वारा ज्ञापन सौंपने के साथ ही अपनी इकाई को केविएट दाखिल करने के निर्देश दिए जाने से मामला और महत्वपूर्ण हो गया है। फिलहाल संघ की ओर से लिए गए निर्णय और प्रमुख सचिव राजस्व विभाग को सौंपे जाने वाले ज्ञापन को लेकर स्थिति पर नजर बनी हुई है। योजना के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कार्यों से राजस्व अधिकारियों के विरत रहने की घोषणा के बाद अब आगे विभागीय स्तर पर क्या कदम उठाए जाते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। इससे प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के कामकाज की दिशा भी प्रभावित हो सकती है। संघ के इस रुख से स्वामित्व योजना को निर्धारित समय में पूरा करने की चुनौती बढ़ सकती है।
तहसीलदार और नायब तहसीलदार राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और योजना के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका अहम रहती है। ऐसे में उनके कार्य से विरत रहने का निर्णय प्रशासनिक कामकाज पर असर डाल सकता है।

ज्ञापन में ये तर्क दिया जा रहा-

संघ ने पत्र में लिखा है कि योजना के तहत तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को उप-पंजीयक की शक्तियां देकर दस्तावेजों के निष्पादन का काम सौंपा गया है,जबकि तहसीलदार / नायब तहसीलदार द्वितीय श्रेणी के राजपत्रित अधिकारी हैं, और उप-पंजीयक का पद तृतीय श्रेणी और गैर-राजपत्रित है। इस प्रकार वरिष्ठ अधिकारी से कनिष्ठ पद का काम करवाना पदानुक्रम और पद की गरिमा के विपरीत है। तहसीलदारों के पास पहले से ही राजस्व न्यायालय, चुनाव, आपदा प्रबंधन सहित विभागीय कार्यों का अत्यधिक बोझ है। पंजीयन का कार्य एक अर्द्ध-न्यायिक और विशेषज्ञता वाला कार्य है, जिसके लिए पृथक संसाधन और स्टाफ की जरूरत होती है।

हड़ताल नहीं, कार्य से विरत -

संघ ने स्पष्ट किया है कि यह किसी प्रकार की हड़ताल नहीं है। अधिकारी अपने मूल विभागीय कार्य यथावत करते रहेंगे, लेकिन स्वामित्व योजना 2026 से जुड़ा कोई भी पंजीयन कार्य नहीं करेंगे।संघ ने अपनी सभी संभागीय और जिला इकाइयों को भी इस संबंध में कैविएट दायर करने के निर्देश दिए हैं।

मृत्यु से पहले सुकरात ने जो कहा, जानेंगे तो दंग रह जाएंगे



प्राचीन काल में यूनान में एक महान दार्शनिक हुए सुकरात। देवताओं पर विश्वास नहीं करने, युवाओं को भड़काने जैसे आरोपों में उन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी। उनके लिए जहर तैयार किया जा रहा था। सूर्यास्त से पहले जहर देने का आदेश था। दोपहर ढल चुकी थी और शाम होने को थी। जो सैनिक उनके लिए जहर तैयार कर रहा था, उसके पास जाकर सुकरात ने कहा, 'विलंब क्यों कर रहे हो, जरा जल्दी करो।' सैनिक चकित होकर बोला, 'आप क्या कह रहें हैं! मैं तो जान-बूझकर धीरे-धीरे कर रहा हूं।' सुकरात ने कहा, 'अपने कर्तव्य का पालन करने में ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए।' उनकी बातें सुन वहीं बैठे कुछ शिष्य रो पड़े।

एक ने कहा, 'आप हम लोगों के साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं? आपका जीवन हम सबके लिए कीमती है। अब भी वक्त है। जेल के सारे सिपाही हमारे साथ हैं। हम सब आपको यहां से लेकर सुरक्षित जगह चले चलते हैं।' सुकरात ने पहले रोते हुए शिष्यों को झिड़का, फिर अन्य शिष्यों से बोले ' तुम लोग इस मिट्टी की देह के लिए क्यों इतने परेशान हो? मेरे विचार तो हमेशा तुम्हारे साथ रहेंगे। इस देह के लिए मैं चोरों की तरह भाग जाऊं और छिपकर रहूं? मैंने इस जीवन का बहुत आनंद लिया, अब मैं मृत्यु का आनंद लेना चाहता हूं।' सांझ ढलने को आ गई थी। जहर का प्याला लाया गया। जैसे लोग चाय-कॉफी लेते हैं, वैसे ही सुकरात ने जहर का प्याला उठाया और उसे खाली कर दिया। जहर पीकर वह लेट गए। शिष्यों ने पूछा, 'प्रभो! बहुत पीड़ा हो रही होगी।' सुकरात ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शिष्यो! यह मेरे जीवन के जागरण का अवसर है। अब मैं हृदय, मन, विचार और शरीर से अलग हो गया हूं।' अपने जीवन से ही नहीं, मौत से भी सुकरात मनुष्यता को अमर संदेश देते गए।

सम्पादकीय

पंजाब कांग्रेस की सर्जरी

पंजाब विधानसभा चुनावों को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने सरगर्मियां तेज कर दी हैं। सभी दल अपने पारंपरिक जनाधार को बचाने के साथ-साथ जातीय समीकरण बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसी बीच पंजाब कांग्रेस की सियासी सर्जरी शुरू कर दी गई है। पंजाब कांग्रेस में चल रही खेमेबाजी से पार्टी हाईकमान असहज हो उठा था। प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी का असर विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर भी पड़ता नजर आ रहा था। तब हाईकमान ने पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल को संगठन की जिम्मेदारी दी थी। भूपेश बघेल पंजाब कांग्रेस के नेताओं को एक मंच पर लाने में नाकाम रहे तो पार्टी हाईकमान ने भूपेश बघेल की जगह अनुभवी सचिन पायलट को पंजाब का प्रभारी बनाया। सचिन पायलट ने केवल 25 दिन में वो कर दिखाया जो कांग्रेस हाईकमान को उनसे उम्मीद थी। सचिन पायलट की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पंजाब कांग्रेस के अलग-अलग गुटों के बीच तालमेल बिठाने की थी। उन्होंने लगातार पंजाब के नेताओं से फीडबैक लिया। ?जिला स्तर के नेताओं से लेकर साधारण कार्यकताओं से उन्होंने बातचीत की और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस हाईकमान को सौंपी।

उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिन्दर सिंह राजा वडिंग को हटा दिया गया। उन्होंने अपना इस्तीफा राहुल गांधी को दे दिया है। वडिंग के नेतृत्व को लेकर काफी समय से पार्टी के भीतर सवाल उठ रहे थे। एक तरफ उनका खेमा था तो दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दलित चेहरे चरण सिंह चन्नी का खेमा था। वैसे तो पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी का लंबा इतिहास रहा है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बदलते रहे लेकिन पार्टी के भीतर वर्चस्व की लड़ाई जारी रही। कैप्टन अमरिन्दर सिंह बनाम राजिन्द्र कौर भट्ठल, शमशेर सिंह दूलो बनाम कैप्टन अमरिन्दर सिंह, प्रताप सिंह बाजवा की खेमेबाजी 2017 में जब कांग्रेस सत्ता में आई तो सुनील जाखड़ प्रदेश अध्यक्ष बने और कैप्टन अमरिन्दर सिंह मुख्यमंत्री बने तब उनके और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच टकराव खुलकर सामने आया। 2021 में जब नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया तो टकराव और तेज हुआ और सितम्बर 2021 में अमरिन्दर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

विकास के दर्पण में दिखाई क्यों नहीं देता आम आदमी?

विकास की दौड़ में जीवन की बुनियाद क्यों दरक रही है?



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

विकास का उद्देश्य आर्थिक आँकड़े चमकाना है या नागरिकों का जीवन सँवारना? जब गाँव का किसान फसल के लिए पानी और शहर का नागरिक स्वच्छ हवा को तरसे, तो विकास की प्राथमिकताओं पर सवाल उठना स्वाभाविक है। देश को आधुनिक उद्योग, बेहतर सड़कें, ऊर्जा और मजबूत बुनियादी ढाँचे चाहिए, लेकिन इनकी कीमत आम आदमी के स्वास्थ्य, आजीविका और प्राकृतिक संसाधनों से नहीं चुकाई जा सकती। सच्चा विकास वही है, जिसमें कुएँ सूखें नहीं, खेतों तक पानी पहुँचे, शहरों की हवा साँस लेने योग्य हो और हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ सम्मानपूर्वक मिलें। इसकी कसौटी ऊँची इमारतें, निवेश और चमकदार आँकड़े नहीं, बल्कि आम आदमी का सुरक्षित व स्वस्थ जीवन है। जब तक पानी और हवा जैसी जरूरतें सबकी पहुँच में नहीं होंगी, विकास के दावे अधूरे रहेंगे।

गाँवों का जल संकट मानसून की अनिश्चितता के साथ भूजल के अंधाधुंध दोहन, पारंपरिक जलस्रोतों की उपेक्षा और कुप्रबंधन का नतीजा है। गिरते भूजल स्तर से नलकूपों से पानी निकालना कठिन और महँगा हो रहा है। नहरें खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुँचा रहीं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई संकट से जूझ रही है। शहरों और उद्योगों की बढ़ती जरूरतें जल संसाधनों पर दबाव डाल रही हैं। बाँध और बड़ी परियोजनाएँ बनती हैं, पर जलस्रोतों के रखरखाव और न्यायपूर्ण वितरण की अनदेखी है। नतीजतन, फसलें सूखती हैं, किसानों पर कर्ज बढ़ता है और ग्रामीण पलायन को मजबूर हैं। अन्नदाता के खेत में ही पानी अनिश्चित है। यह मौसम की मार ही नहीं, जल प्रबंधन की विफलता भी है।

शहरों में विकास की कीमत स्वच्छ हवा चुका रही है। ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों, बढ़ते वाहनों और औद्योगिक विस्तार के बीच साँस लेना दूभर है। दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 का स्तर सितंबर 2026 में औसतन लगभग 39 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जबकि अक्टूबर में यह तेजी से बढ़ने लगता है (पिछले वर्षों में अक्टूबर का औसत अक्सर 100 से ऊपर रहा है)। अनेक शहरों की वायु गुणवत्ता खराब या बहुत खराब श्रेणी में है। वाहनों का धुआँ, निर्माण की धूल, औद्योगिक उत्सर्जन और कचरा जलाना प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। इसकी मार बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों पर पड़ रही है। प्रदूषणजनित बीमारियाँ और असमय मौतें गंभीर स्वास्थ्य चुनौती हैं। बच्चे मास्क लगाकर स्कूल जा रहे हैं, बुजुर्ग साँस की समस्याओं से जूझ रहे हैं। स्वच्छ हवा अब आर्थिक क्षमता पर निर्भर है। संपन्न लोग एयर प्यूरीफायर खरीद सकते हैं, जबकि गरीब प्रदूषण से बचने के प्रभावी विकल्पों से वंचित हैं।

विकास का विरोधाभास आर्थिक उपलब्धियों और आम आदमी की हकीकत में साफ झलकता है। सकल घरेलू उत्पाद बढ़ रहा है, सड़कें-पुल बन रहे हैं, निवेश और औद्योगिक परियोजनाएँ फैल रही हैं। लेकिन भूजल घट रहा है, जलस्रोत सूख रहे हैं और हवा दूषित हो रही है। बिजली की बढ़ती माँग और कटौती ग्रामीण-शहरी जीवन को प्रभावित कर रही है। बड़े प्रोजेक्टों पर भारी खर्च होता है, पर जल संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सार्वजनिक सुविधाओं के रखरखाव को समान प्राथमिकता नहीं मिलती। विकास केवल निर्माण और निवेश नहीं है। आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ें, लेकिन पीने का पानी और स्वच्छ पर्यावरण न मिले, तो उसकी सामाजिक कीमत भी आँकनी होगी। चौड़ी सड़कें और चमकदार इमारतें तभी जनकल्याणकारी हैं, जब वे जीवन सुरक्षित और सुविधाजनक बनाएँ।

विकास के आँकड़ों में सड़कें, पुल, निवेश और उत्पादन दर्ज होते हैं, लेकिन पानी के लिए जूझते परिवारों और प्रदूषित हवा में साँस लेते बच्चों की पीड़ा ओझल रहती है। आर्थिक वृद्धि के साथ लाभों का वितरण और पर्यावरणीय कीमत भी अहम हैं। संसाधनों का लाभ कुछ क्षेत्रों को मिले और बोझ कमजोर वर्गों पर पड़े, तो विकास असंतुलित है। बाजार बोतलबंद पानी, निजी टैंकर और एयर प्यूरीफायर उपलब्ध कराता है, लेकिन इनकी पहुँच आर्थिक क्षमता पर निर्भर है। संपन्न लोग निजी उपायों से संकट टाल लेते हैं, जबकि गरीब सार्वजनिक व्यवस्था की विफलताओं का बोझ उठाते हैं। इसलिए विकास का आकलन केवल आर्थिक वृद्धि से नहीं, बल्कि सभी वर्गों तक उसके लाभ पहुँचने से भी होना चाहिए।

पानी और हवा के संकट परस्पर जुड़े हैं। जंगलों की कटाई, जलस्रोतों पर अतिक्रमण, अनियोजित शहरीकरण और भूजल का अंधाधुंध दोहन प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन से अनियमित वर्षा, लंबे सूखे और अतिवृष्टि जल प्रबंधन को जटिल बना रहे हैं। कम बारिश से जलाशय घटते हैं, जिससे सिंचाई, पेयजल और बिजली उत्पादन प्रभावित होते हैं। हरित क्षेत्रों का सिकुड़ना और प्रदूषणकारी गतिविधियाँ शहरी पर्यावरण पर दबाव बढ़ाती हैं। संकट में टैंकर भेजना या अस्थायी प्रतिबंध समाधान नहीं। वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनर्जीवन, भूजल पुनर्भरण, सूक्ष्म सिंचाई, हरित क्षेत्रों का संरक्षण और औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण विकास योजनाओं का अनिवार्य हिस्सा हों। पर्यावरण संरक्षण विकास की बुनियादी शर्त है, औपचारिकता नहीं।

विकास के नाम पर यदि खेत प्यासे, नदियाँ सूखी और शहर जहरीली हवा की गिरफ्त में हों, तो चमकते आँकड़े भी बदहाली की हकीकत नहीं छिपा सकते। उद्योग, निवेश और बुनियादी ढाँचे जरूरी हैं, लेकिन इनकी कीमत किसानों की आजीविका, नागरिकों के स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश से नहीं चुकाई जा सकती। प्रगति की दिशा ऐसी हो, जिसमें सिंचाई, वर्षा जल संचयन, स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन और प्रदूषण नियंत्रण को प्राथमिकता मिले। इसके लिए सरकार, उद्योग और समाज की जवाबदेही तय करने के साथ संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण और पर्यावरणीय प्रभावों का पारदर्शी आकलन सुनिश्चित करना होगा। आखिर जिस व्यवस्था में अन्नदाता सिंचाई के लिए तरसे, नागरिक शुद्ध वायु को संघर्ष करें और बुनियादी सुविधाएँ ही विलासिता बन जाएँ, उसकी उपलब्धियों का ढोल पीटने का क्या औचित्य? सार्थक प्रगति की कसौटी ऊँची इमारतें और पूँजी निवेश नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पर्यावरण, पर्याप्त पेयजल, सुरक्षित आजीविका और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

पैंतीस रुपए की ज़िंदगी

मामला जिंदगी और मौत की रेस का था। सड़क पर एक एम्बुलेंस एक सौ तीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भागी आ रही थी। भीतर उन्नीस साल का समर स्ट्रेचर पर था, जिसका सिर एक सड़क हादसे में फट चुका था। ऑक्सीजन मॉनिटर पर उसकी दिल की धड़कनें एक-एक करके गिर रही थीं। डॉक्टर ने कहा था, ₹हमारे पास सिर्फ दस मिनट का वक्त है। अगर हम इस टोल के पार वाले मेडिकल कॉलेज पहुंच गए, तो लड़का बच जाएगा।

एम्बुलेंस आपातकालीन लेन में घुसी। सामने लोहे का स्वचालित बूम-बैरियर सीना ताने खड़ा था। सबको लगा कि सायरन की आवाज सुनकर वह लोहे का डंडा अपने आप ऊपर उठ जाएगा। लेकिन आधुनिक तकनीक किसी की चीख नहीं सुनती, वह सिर्फ बैंक खाते का बैलेंस पढ़ती है। सेंसर ने एम्बुलेंस के शीशे पर चिपका फास्टैग स्कैन किया और स्क्रीन पर लाल अक्षरों में पॉप-अप फेंक दिया, अमान्य टैग! अपर्याप्त बैलेंसः पैंतीस रुपये कम हैं। बैरियर टस से मस नहीं हुआ।

एम्बुलेंस का ड्राइवर बाहर कूदा। वह दौड़कर शीशे के बने वातानुकूलित केबिन के पास पहुंचा। भीतर सुपरवाइजर कुर्सी पर रीढ़ की हड्डी सीधी किए बैठा था। उसके चेहरे पर वही अलौकिक शांति थी, जो इस देश के सरकारी बाबुओं को नियम-पुस्तिका की गोद में सोने से मिलती है। ड्राइवर चिल्लाया, साहब! भीतर मरीज आखिरी सांसें ले रहा है। बूम-बैरियर उठाइए! सुपरवाइजर ने बिना पलक झपकाए कंप्यूटर स्क्रीन को देखा और प्रशासनिक गंभीरता से बोला, भाई, नियम सर्वोच्च है। सिस्टम पूरी तरह ऑटोमैटिक है। जब तक पैंतीस रुपये की कटौती का ग्रीन सिग्नल नहीं आएगा, सेंसर बूम-बैरियर को अनलॉक नहीं करेगा।

ड्राइवर ने जेब से पचास रुपये का नोट निकाला और शीशे के नीचे बने छेद से भीतर घुसाने लगा, यह लीजिए पचास का नोट! पंद्रह रुपये आप रख लीजिए, बस गेट खोलिए! सुपरवाइजर ने हाथ पीछे खींच लिए, जैसे उसने कोई अछूत वस्तु देख ली हो। कैश? दिमाग खराब है तुम्हारा? यह डिजिटल एक्सप्रेसवे है। यहाँ नकद लेना सख्त मना है। अगर हमने कैश ले लिया, तो हमारा ऑडिट खराब हो जाएगा।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05अक्टूबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि- दशमी02:40 उपरांत एकादशी
नक्षत्र- पुष्य24:46 उपरांत अश्लेषा
योग- शिव 12:43 उपरांत सिद्ध
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 22 तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में सतर्कता बनाए रखें, काम में लापरवाही न करें। व्यापार में अचानक उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।

वृषभ- परिवार में सदस्यों की बात को ध्यान से सुनें। खानपान पर नियंत्रण रखें।

मिथुन- आर्थिक मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। पेट खराब हो सकता है।

कर्क- विद्यार्थियों व कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।

सिंह- व्यापार में नई योजनाओं पर विचार करना शुभ रहेगा। प्रेम संबंधों में स्पष्टता और निकटता आएगी।

कन्या- वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, ध्यान और योग करें।

तुला- कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं।

वृश्चिक- पारिवारिक वातावरण खुशहाल और सुखद रहेगा। बचत योजनाओं में निवेश करना फायदेमंद होगा।

धनु- कार्यक्षेत्र में संयम बरतें, विवाद से दूर रहें। व्यापार में लेनदेन के मामलों में लिखापढ़ी जरूर करें।

मकर- परिवार में किसी मुद्दे पर विचार-विमर्श हो सकता है। अचानक कुछ अनपेक्षित खर्च सामने आ सकते हैं।

कुंभ- अध्यात्म और अध्ययन में मन लगेगा, कार्य सफल होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा, विस्तार होगा।

मीन- धर्म-कर्म के कार्यों में परिवार का साथ मिलेगा। धन लाभ होगा, पुरानी आर्थिक चिंताएं दूर होंगी।

संजा का दसवां दिन

आज बनेंगे नवमी के डोकरा-डोकरी

संजा पर्व के दसवें दिन नवमी के डोकरा-डोकरी बनाए जाते हैं।



परिवारों में यह मान्यता रहती है कि बुजूर्ग का होना आवश्यक है। ताकि परिवार टूटे नहीं और परिवार तथा संयुक्त संपत्ति का बंटवारा न हो। पहले के जमाने में संयुक्त परिवारों की परिपाटी घर के बुजूर्ग पर ही निर्भर करती थी। वे ही पूरे परिवार के सभी सदस्यों का ध्यान रखते थे। चाहे सामाजिक हो, चाहे सांस्कृतिक हो या फिर धार्मिक आयोजन। सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाता था। संजा के माण्डनों में नवमी को लेकर यही मान्यता है कि परिवार में एक साथ रहना जहां ताकत का पूरक है वहीं संस्कृति, परंपराओं तथा सीखने की उम्र में बच्चों में संस्कार डल जाए, इसका भी द्योतक है। आज की पीढ़ी को देखना चाहिए कि वे संयुक्त परिवार, अपने परिवार के बुजूर्गो के प्रति कितने संवेदनशील है। वरना उन्हे भी एक दिन बड़ा, बुजूर्ग होना है।

संयुक्त परिवार की मान्यता पर संकट

एक जमाना था जब संयुक्त परिवार समाज में सिर ऊपर उठाकर जीने का पूरक होता था। समाज में शान से कहा जाता था कि फंला परिवार में इतने सदस्य है। सभी एक साथ, एक छत के नीचे रहते हैं। परिवार के मुखिया को इस बारे में जहां सम्मान मिलता था वहीं वे भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करते थे। सबके साथ एक जैसा व्यवहार होता था। किसी के भी रिश्तेदार आ जाएं, वे एक नजर से देखे जाते थे। यही कारण रहता था कि संयुक्त परिवार सालों साल चलते और परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे की सहायता से आर्थिक रूप में भी मजबूत होते जाते थे। आज की स्थिति उससे भिन्न है। बहू आने के बाद अमूमन परिवारों में किसी न किसी बहाने टूटन आ ही जाती है। परिवार बिखर जाते हैं वहीं छोटे बच्चे अपने दादा-दादी, ताउ-ताई, चाचा-चाची का दुलार भी नहीं पाते हैं। यही कारण है कि सिर्फ माता-पिता के बीच पली, बड़ी पीढ़ी अपना अगला कदम अपने ही माता, पिता को छोड़ने का उठाती है। चूंकि उन्होने अपने माता-पिता का कभी उनके माता-पिता से स्नेह नहीं देखा, इसलिए वे भी उसी सांचे में ढल जाते है। जबकि संयुक्त परिवार में परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना, स्नेह, आपसी लगाव आदि सीखकर बच्चे बड़े होते हैं। वे देखते हैं कि उनके माता-पिता, दादा-दादी को संभाल रहे हैं। ऐसे में वे भी बुजूर्ग होने पर अपने माता-पिता की साज-संभाल करते है।

आज का गीत

म्हारी संजा तो मांगे हर्यो, हर्यो गोबर
कां से लउं बई हर्यो, हर्यो गोबर
म्हारा बीराजी जाए ग्वाला घरे
वां से लाए हर्यो, हर्यो गोबर।
म्हारी संजा तो मांगे लाल,लाल फुलड़ा
कां से लउं बई लाल,लाल फुलड़ा
म्हारा बीराजी जाए माली घरे
वां से लाए लाल, लाल फुलड़ा।।
म्हारी संजा तो मांगे दूध-पताशा
कां से लउं बई दूध-पताशा
म्हारा बीराजी जाए हलवाई घरे
वां से लाए दूध-पताशा।
म्हारी संजा तो मांगे कूंकू, चावल
कां से लउं बई कूकू, चावल
म्हारा बीराजी जाए सुगंधी घरे
वां से लाए बई कुंकू चावल।।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

टूटता भरोसा : दाल रोटी खाओ प्रभु के घर जाओ



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

दाल-रोटी खाओ, प्रभु के गुण गाओ। हमारे गांव-घर की यह कहावत केवल सादगी का संदेश नहीं थी, बल्कि उस जीवन-दर्शन की अभिव्यक्ति थी जिसमें साधारण भोजन को ही स्वस्थ और संतोषपूर्ण जीवन का आधार माना जाता था। दाल और रोटी गरीब की मजबूरी नहीं, भारतीय भोजन संस्कृति की पहचान रही है। देश में एनालॉग पनीर पर चिंता बड़े जोरों पर चल रही है लेकिन वही एक ओर सदियों से सामान्य इंसान के खाने की थाली का महत्वपूर्ण हिस्सा रही दाल जब दाल ही भरोसे के लायक न रहे तो आदमी खायेगा क्या?

शाकाहारी भोजन करने वालों के लिए दाल प्रोटीन का महत्वपूर्ण स्रोत है। बच्चों के भोजन से लेकर बुजुर्गों की थाली तक और सामान्य भोजन से लेकर बीमारी में दिए जाने वाले हल्के आहार तक, दाल का अपना महत्व है। खासकर मूंग की दाल को अक्सर सुपाच्य भोजन के रूप में देखा जाता है। इसलिए दाल में किसी भी प्रकार की अनुचित मिलावट या प्रक्रिया से जुड़ा जोखिम केवल स्वाद का सवाल नहीं है, यह सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है।

दाल को बाजार तक पहुंचने से पहले सफाई, ग्रेडिंग, कंडीशनिंग और मिलिंग जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इन प्रक्रियाओं का उद्देश्य दाल को साफ, सुरक्षित और उपभोग योग्य बनाना है। समस्या तब शुरू होती है जब प्राकृतिक गुणवत्ता से अधिक महत्व उसके रंग, चमक और बाजार में आकर्षक दिखने को मिलने लगे।

ग्राहक बाजार में जाता है। उसकी नजर चमकदार दाल पर पड़ती है। एक जैसी, सुंदर और आकर्षक दाल देखकर उसे लगता है कि यही सबसे अच्छी होगी। लेकिन वह यह कैसे जाने कि इस चमक के पीछे क्या प्रक्रिया अपनाई गई है? यहीं से हमें अपनी उपभोक्ता दृष्टि पर विचार करना चाहिए। हर चमक मिलावट का प्रमाण नहीं है और हर प्राकृतिक रंग गुणवत्ता की गारंटी भी नहीं। लेकिन अत्यधिक चमक, असामान्य रंग या अप्राकृतिक एकरूपता को गुणवत्ता का प्रमाण मान लेना भी उचित नहीं। उपभोक्ता मार्गदर्शिका दालों में संभावित मिलावट और कृत्रिम रंगों के प्रति सावधानी बरतने की सलाह देती है।

भारत में खाद्य सुरक्षा के लिए बाकायदा कानूनी और नियामकीय व्यवस्था मौजूद है। खाद्य पदार्थों के लिए विज्ञान-आधारित मानक तय करना तथा उनके निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री को विनियमित करते हुए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर भोजन उपलब्ध कराना है।


इसलिए सवाल यह नहीं है कि बाजार में बिकने वाली हर दाल संदिग्ध है। सवाल यह है कि जहां खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन होता है, वहां उसकी पहचान, जांच और कार्रवाई कितनी प्रभावी है। सबसे कमजोर कड़ी यहां उपभोक्ता है। वह दाल खरीदता है, घर लाता है, परिवार को खिलाता है और यह विश्वास करता है कि बाजार से खरीदा गया भोजन सुरक्षित होगा। उसके पास न प्रयोगशाला है, न हर दाने की जांच करने की सुविधा। उसके पास है तो केवल भरोसा। और भोजन की दुनिया में उपभोक्ता का सबसे बड़ा अधिकार यही भरोसा है।

जब उस भरोसे पर सवाल उठता है तो नुकसान केवल एक खरीददार का नहीं होता। खाद्य सुरक्षा में छोटी-सी लापरवाही भी बड़े स्तर पर चिंता का विषय बन सकती है। इसलिए निगरानी और वैज्ञानिक जांच केवल किसी विशेष अवसर की कार्रवाई न होकर निरंतर प्रक्रिया होनी चाहिए।

दाल ही क्यों, मसाले, तेल, दूध, आटा और रोजमर्रा के दूसरे खाद्य पदार्थ भी हमारी थाली का हिस्सा हैं। इनके संबंध में गुणवत्ता की जांच, मानकों का पालन और उपभोक्ता जागरूकता लगातार मजबूत होना जरूरी है।

धर्म-आस्था

सनातन धर्म में नान्दी श्राद्ध का महत्व



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन धर्म में वैदिक काल से यह परम्परा रही है कि परिवार में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ करने के पूर्व नान्दी श्राद्ध किया जाता है। कोई भी शुभ कार्य यथा विवाह, उपनयन, नूतन गृह प्रवेश, मुंडन आदि शुभ कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व नान्दी श्राद्ध करना अनिवार्य माना गया है। वर्तमान समय में भी यह परम्परा जीवित है। महाराजा दशरथजी ने श्रीराम जन्म के उपरान्त अयोध्या में विधिपूर्वक नान्दी श्राद्ध किया था। श्रीरामचरितमानस में महाकवि गोस्वामी तुलसीदासजी लिखते हैं-

"नन्दी मुख सराध करि जातकरम सब कीन्ह।
हाटक धेनु बसन मनि नृप बिप्रन्ह कहँ दीन्ह।।
(श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड दोहा-193)

नान्दी श्राद्ध के कई नाम हैं- यथा- वृद्धि श्राद्ध, बड़ श्राद्ध तथा अभ्युदयिक श्राद्ध। श्रीरामचरितमानस के अनुसार श्राद्ध करने के पश्चात ब्राह्मणों को सोना, गाय, मणि, वस्त्र आदि दान देने की परम्परा भी प्रचलित थी। इस श्राद्ध का उद्देश्य परिवार के पितृगणों को प्रसन्न करना रहता है। इसको करने से सभी पितृगणों का आशीर्वाद हमें प्राप्त होता है। पितृपक्ष और मातृपक्ष के पितरों का नाम स्मरण कर उनका पूजन अर्चन किया जाता है और उन्हें आशीर्वाद ग्रहण करने के पश्चात विसर्जित किया जाता है। जिन परिवारों में दोनों पक्षों का वंश वृक्ष बना कर रखा जाता है, वहाँ पितृगणों का स्मरण करना आसान होता है, अतः परिवार में वंश वृक्ष होना आवश्यक होता है। सर्वप्रथम पारिवारिक शुभ कार्य में गणेश पूजन करने के पश्चात नान्दीमुख श्राद्ध सम्पन्न किया जाता है।

यह श्राद्ध पवित्र होता है। इसमें यज्ञोपवीत को सव्य स्थिति में ही धारण किए हुए रहना पड़ता है। इस पूजन में श्वेत पुष्पों का अधिक महत्व होता है। पूजन सामग्री में काले तिल के स्थान पर जौ (यव) का प्रयोग किया जाता है। अन्य सामग्री में कंकू, चंदन, हल्दी, अक्षत, गुलाल, अबीर आदि का प्रयोग किया जाता है। धूप, दीप भी आवश्यक है। दीप आरती के पश्चात कर्पूर आरती भी की जाती है। चावल के पिंड पीले रंग के चावल से बनाते हैं। पारिवारिक सदस्य पूजन करके पैर छूते हैं और विसर्जन किया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार राजा दशरथजी बारात लेकर राजा जनक के यहाँ मिथिला पधारते हैं। उन्हें जनवासे में विश्रामगृह में ठहराया जाता है। स्वागत सत्कार के पश्चात राजा जनक महाराज दशरथ से कहते हैं-

"रामलक्ष्मणयो राजन गोदानं कारयस्वह।
पितृ कार्यं च भद्रं ते ततो वैवाहिकं कुरु।।
(वाल्मीकिरामायण-बालकाण्ड सर्ग 71-23)

अर्थात- राजा जनक ने महाराजा दशरथ से कहा- राजन! अब आप श्रीराम और लक्ष्मण के लिये इनसे गोदान करवाइये। आपका कल्याण हो। नान्दी मुख श्राद्ध कार्य भी सम्पन्न कीजिये।

राजा दशरथ भी कहते हैं-

"स्वस्ति प्राप्नुहि भद्रं ते गमिष्यामः स्वमालयम।
श्राद्ध कर्माणि विधिवद्विधास्य इति चाब्रवीत।।
(वाल्मीकिरामायण- बालकाण्ड सर्ग 72-19)

अर्थात- आपका कल्याण हो। आप मंगल के भागी हो। अब हम अपने विश्राम स्थल जाएंगे। वहाँ जाकर मैं विधिपूर्वक नान्दीमुख श्राद्ध का कार्य सम्पन्न करूँगा।

नान्दीमुख श्राद्ध में पितृपक्ष की तीन पीढ़ियों और मातृपक्ष की तीन पीढ़ियों का स्मरण किया जाता है। तीनों पीढ़ियों के पितृओं का नाम लेकर उनका पूजन किया जाता है। अनायास, अनजाने में कोई त्रुटि हो गई हो तो उनसे क्षमा याचना की जाती है। उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया जाता है। जिस कार्य के लिये नान्दीमुख श्राद्ध किया जाता है, उस कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने की प्रार्थना पितृगणों से की जाती है। शुभ कार्य में कोई विघ्न बाधा न आए और सुखपूर्वक, प्रसन्नतापूर्वक कार्य सम्पन्न हो जाए यही इस नान्दीमुख श्राद्ध का उद्देश्य होता है। नान्दीमुख श्राद्ध कार्य सम्पन्न होने के पश्चात महाराजा दशरथजी और राजा जनकजी ने सुवर्ण, गौ आदि का दान करने का वर्णन प्राप्त होता है। वर्तमान में भी श्राद्धकर्ता अपने सामर्थ्य के अनुसार दान करता है। वर्तमान में ही नहीं वाल्मीकिकालीन ग्रंथ में भी इसका वर्णन प्राप्त होता है। हमारी नवागत पीढ़ी भी सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करे। उन्हें सदैव दोनों पक्षों के पितृगणों का सतत आशीर्वाद प्राप्त होता रहे और वे भी अपने जीवन के शुभ कार्यों के पूर्व नान्दी श्राद्ध करने की परम्परा का निर्वहन करते रहें, जिससे उनके सभी शुभ कार्य सानन्द सम्पन्न हों और उनका जीवन सुगमतापूर्वक निर्बाध गति से चलायमान रहे।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,600।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

शाजापुर। दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया के पास शनिवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई। इस घटना में तीन पुरुष और एक महिला घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सुनेरा थाने की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक 417 मनोज दांगी और पायलट महेंद्र सिंह जादौन ने घायलों को तत्काल वाहन से जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। 1

सोयाबीन काटने को लेकर विवाद, दंपती से मारपीट

शुजालपुर। क्षेत्र के ग्राम ताजपुर गोरी में खेत से सोयाबीन काटने को लेकर दो भाइयों के परिवारों में विवाद हो गया। सुरती का पुरा निवासी दीनदयाल मीणा ने अपने बड़े भाई बिसराम सिंह मीणा और भतीजे अंकित व विनय पर मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार 3 अक्टूबर की सुबह दीनदयाल पत्नी रुखमणी बाई के साथ खेत पहुंचा तो कुछ सोयाबीन कटी मिली। पूछताछ में पता चला कि इसे उसके बड़े भाई ने काटा है। इसी बात को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि अंकित व विनय ने दीनदयाल से थप्पड़.मुक्कों से मारपीट की, जबकि बिसराम ने रुखमणी बाई के साथ डंडे से मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट लेकर मामले की जांच शुरू की है।

सफाई अभियान चलाकर दिलाई नशा नहीं करने की शपथ



शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर में सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत साफ सफाई अभियान चला कर परिसर को स्वच्छ बनाया। साथ ही इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी के मार्गदर्शन में कॉलेज परिसर से प्लास्टिक की पन्नीयो और कूड़ा कचरा हटाकर विद्यार्थियों को एवं महाविद्यालय स्टॉफ को नशा नही करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ प्रवीण सोनी, डॉ. अर्चना वर्मा, एनसीसी प्रभारी प्रो. अभिषेक पाटीदार, डॉ.दिनेश निगवाल, प्रो.अरविंद शर्मा, प्रो रानी सोनी, प्रो निर्मला गहलोत आदि उपस्थिति थे।

वर्दी की राशि खाते में जमा करने सहित मांगों को लेकर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

सोयतकला। सोयतकलो कोटवार संघ ने गत दिवस अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कोटवारों ने शासन से वर्दी, जूते सहित अन्य सामग्री के लिए निर्धारित राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा करने के साथ भूमि और स्थायी नौकरी देने की मांग की। ज्ञापन में कोटवारों ने बताया कि शासन द्वारा वर्दी, जूते सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए 6300 रुपए की राशि निर्धारित है। उनका कहना है कि इसके बजाय उन्हें तैयार वर्दी, जूते और अन्य सामान दिए जाते हैं। तैयार वर्दी कई बार सही नाप की नहीं होती और उसकी गुणवत्ता को लेकर भी कोटवारों ने असंतोष जताया। कोटवारों का कहना है कि यदि निर्धारित राशि सीधे उनके खातों में जमा की जाए तो वे अपनी जरूरत और पसंद के अनुसार वर्दी एवं अन्य सामग्री खरीद या तैयार करा सकेंगे।

ओलंपियाड में चयनित विद्यार्थियों ने किया अहमदाबाद का शैक्षणिक भ्रमण

साइंस सिटी, साबरमती आश्रम का किया अवलोकन, विज्ञान तकनीक की गतिविधियों को करीब से जाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शाजापुर जिले के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत ओलंपियाड में चयनित छह विद्यार्थियों को छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर अहमदाबाद भेजा गया। समग्र शिक्षा माध्यमिक शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित यह भ्रमण 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक हुआ। विद्यार्थियों के साथ मार्गदर्शक शिक्षक कल्पना सिसोदिया शुजालपुर एवं गोरव व्यास शाजापुर भी दल में शामिल रहे।

भ्रमण के पहले दिन विद्यार्थियों ने साबरमती आश्रम, गांधीनगर स्थित दांडी कुटीर और अडालज की बावड़ी का अवलोकन किया। शाम को दल ने अटल ब्रिज का भ्रमण किया। दूसरे दिन अहमदाबाद स्थित साइंस सिटी में एस्ट्रोनॉमी, एक्वाटिक, रोबोटिक्स गैलरी, लाइफ साइंस पार्क, हॉल ऑफ स्पेस एवं एनर्जी पार्क का भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रदर्शनों को करीब से देखने का अवसर मिला।

इसके बाद विद्यार्थियों ने अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया और रात्रिकालीन जल प्रदर्शन का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक स्थलों की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण दल में ये रहे शामिल

भ्रमण दल में अंजली राठौर शासकीय विद्यालय नांदिनी, इशिता चंद्रवंशी मां शारदा सांदीपनि शुजालपुर मंडी, रक्षा शासकीय विद्यालय रनायल, वर्षा परिहार शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एक्सीलेंस शाजापुर, अंतिम बाला सोलंकी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एक्सीलेंस शाजापुर एवं नरेंद्र मंडोर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल एक्सीलेंस शाजापुर शामिल रहे।



मानव श्रृंखला बनाकर लिया नशे से दूर रहने का संकल्प, शपथ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न

शुजालपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के केंद्र शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर व्यसन मुक्ति आंदोलन के तहत देशभर में नशामुक्ति को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में शुजालपुर में गांधी जयंती पर नशामुक्ति जनजागरण रैली निकाली गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ जिला शाजापुर एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली में विभाग के स्थानीय प्रतिनिधियों सहित गायत्री परिवार के परिजन और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली का संचालन जिला युवा प्रकोष्ठ एवं गायत्री शक्तिपीठ शुजालपुर द्वारा किया गया। रैली हनुमान मंदिर, सांदीपनि विद्यालय के सामने से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों, बाजार एवं विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ शुजालपुर मंडी पहुंची। यहां रैली में शामिल लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति के नारों का उद्घोष किया और समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इसके बाद गायत्री मंदिर हाल में सत्संकल्प का वाचन किया गया व उपस्थितजनों ने नशामुक्ति की शपथ ली। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में गायत्री शक्तिपीठ शुजालपुर मंडी के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी भोजराज परमार ने सभी परिजनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

मार्च पास्ट और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



डॉ. शेलकुमार शर्मा स्टेडियम में शनिवार को राज्य स्तरीय शालेय फु टबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंची टीमों ने अनुशासनबद्ध मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।

उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन के बाद बालक वर्ग में भोपाल और नर्मदापुरम तथा बालिका वर्ग में जनजातीय विभाग और रीवा संभाग की टीमों के बीच मुकाबले खेले गए। प्रदेशभर से पहुंचे प्रतिभावान खिलाड़ी प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य अतिथि इंदरसिंह परमार ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने दिए स्कूल शिक्षक को सस्पेंड करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

शाजापुर जिले के मक्सी में शनिवार को 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' शिविर में पहुंचीं कलेक्टर ऋजु बाफना ने वार्ड 14 और 15 स्थित स्कूल-आंगनवाड़ी, अस्पताल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने और कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सरकारी प्राथमिक गड़रोली में बच्चों से किताबें पढ़वाकर और गणित के जोड़ हल करवाकर उनके सीखने के स्तर को परखा। बच्चे ठीक से किताब नहीं पढ़ पाए और गणित के सवालों के जवाब नहीं दे पाए। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षकों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, वर्कबुक अनुसार पढ़ाई कराने और 'जादुई पिटारा' का उपयोग करने की हिदायत दी।

आंगनबाड़ी में शुरूआती शिक्षा का स्तर ठीक नहीं मिला और पंखे व पीने के पानी जैसी सुविधाओं का अभाव मिलने पर कलेक्टर ने संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान में प्लास्टिक कचरे का किया निस्तारण



शुजालपुर। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया और परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नाटकीय प्रस्तुति के माध्यम से कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा मौजूद रहे। इसके बाद नमो सेवा कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. आलोक परमार एवं कुलदीप कौशिक के मार्गदर्शन में अनकही कहानियां के माध्यम से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के जरिए समाजसेवा, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



पिता की सीट पर बेटे का कब्जा

देवास जिला पंचायत उपचुनाव में कांग्रेस के सुनील चौहान जीते

- भाजपा प्रत्याशी को 7557 वोटों से हराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

देवास जिला पंचायत के वार्ड-14 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुनील चौहान ने 7557 वोटों से जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा समर्थित ओम उपाध्याय को हराया। सुनील चौहान अपने दिवंगत पिता अमान सिंह चौहान की सीट पर निर्वाचित हुए हैं।

कन्नौद के उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में मतगणना हुई। यह सीट अमान सिंह चौहान के निधन से खाली हुई थी। वार्ड में 50,547 मतदाता थे, जिनमें से 28,973 ने मतदान किया। मतदान प्रतिशत 57.32 रहा।

सुनील चौहान की जीत में पिता के प्रति सहानुभूति एक अहम वजह रही। कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में एकजुट होकर चुनाव लड़ा। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के सक्रिय प्रचार का असर भी दिखा।

डीजे के साथ 100 साल के बुजुर्ग की अंतिम यात्रा

नाचते-गाते दी विदाई छतों-सड़कों पर उमड़ी भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

सलसलाई में शनिवार दोपहर करीब 3 बजे एक अंतिम यात्रा में डीजे, घोड़ियां और आतिशबाजी का इस्तेमाल किया गया। गढ़िया लोहार मारवाड़ा समाज के 100 वर्षीय नाथूलाल लोहार का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। परिवार ने उनकी अंतिम यात्रा में नाचते-गाते और डीजे की धुन के साथ उन्हें विदाई दी।

नाथूलाल लोहार के निधन के बाद उनके निज निवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। यात्रा में आगे सजी-धजी घोड़ियां चल रही थीं। पीछे डीजे पर देशभक्ति और भक्ति गीत बज रहे थे और आतिशबाजी की जा रही थी। परिवार के सदस्य और रिश्तेदार डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए श्मशान घाट तक गए।

यादों और सम्मान के साथ विदाई देना चाहते थे



परिजनों के अनुसार, नाथूलाल लोहार परिवार के मुखिया और समाज के बुजुर्ग थे। उन्होंने परिवार को एकजुट रखा और समाज में अपनी पहचान बनाई। परिजनों का कहना है कि वे उन्हें केवल शोक के साथ नहीं, बल्कि उनके जीवन की अच्छी यादों और सम्मान के साथ विदाई देना चाहते थे। परिजनों ने बताया कि नाथूलाल लोहार ने लंबा और सार्थक जीवन जिया। इसलिए उन्हें आंसुओं के बजाय उनके जीवन के उत्सव के रूप में विदा किया गया।

अंतिम यात्रा देखने के लिए सड़कों-छतों पर जमी भीड़

अंतिम यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान सड़क किनारे, गलियों और घरों की छतों पर लोग इसे देखते नजर आए। कुछ लोग ट्रैक्टरों पर खड़े होकर भी यात्रा देख रहे थे।

राष्ट्रीय कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए शाजापुर जैन सोशल ग्रुप के सदस्य हुए रवाना



शाजापुर। अखिल भारतीय जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की 16वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस धरमपुर तीर्थ गुजरात में आयोजित होगी, जिसमें शामिल होने के लिए शाजापुर जैन सोशल ग्रुप मेन एवं यूनिक के सदस्य शनिवार को शाजापुर से रवाना हुए। 04 एवं 05 अक्टूबर को आयोजित उक्त दो दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ प्रथम दिवस रविवार को दोपहर 2.30 बजे उद्घाटन सत्र में ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस दौरान धार्मिक तंबोला का आयोजन भी किया गया। तत्पश्चात 7 बजे तीर्थ दर्शन व आरती का आयोजन किया गया। रात्रि 8 बजे प्रसिद्ध संगीतकार विनित मेमावत द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। कांफ्रेंस के द्वितीय दिवस 5 अक्टूबर सोमवार सुबह 10 बजे भव्य वरघोड़े का आयोजन हुआ।

गुलाना उपमंडी में 12 अक्टूबर से शुरू होगी नीलामी

- शाजापुर-शुजालपुर नहीं जाना पड़ेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

शाजापुर जिले की गुलाना कृषि उपज मंडी में 12 अक्टूबर से कृषि उपज की नीलामी शुरू होगी। शनिवार को व्यापारी-किसान बैठक में इस पर सहमति बनी। इससे गुलाना क्षेत्र के किसानों को अब अपनी उपज बेचने के लिए शाजापुर और शुजालपुर मंडियों तक नहीं जाना पड़ेगा।

मंडी सचिव मोहन सिंह मालवीय ने बताया कि 16 लाइसेंसधारी व्यापारी व्यापार के लिए तैयार हैं। मंडी भवन का लोकार्पण 31 मई को हुआ था, चार महीने बाद कारोबार शुरू होगा। शुरूआत में मंडी में दो तौल कांटे लगाए जाएंगे, जिनकी क्षमता करीब 50 मीट्रिक टन होगी। किसानों को अभी उपज बेचने में दो दिन तक लग जाते थे और परिवहन खर्च भी बढ़ता था। गुलाना में नीलामी शुरू होने से उनका समय और पैसा दोनों बचेंगे।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष सवाई सिंह सिसोदिया ने इसे किसानों की पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में कदम बताया। मंडल अध्यक्ष महेंद्र गोवा ने कहा कि इससे किसानों, व्यापारियों और स्थानीय कारोबार को फायदा होगा। शाजापुर जिला मंडी सचिव के अनुसार व्यापारियों को तैयार करने और लाइसेंस प्रक्रिया पूरी करने में समय लगा। अब 16 व्यापारियों के लाइसेंस तैयार हैं और व्यापारियों की सहमति के बाद 12 अक्टूबर से नीलामी शुरू की जा रही है।

31 मई को लोकार्पण, 4 महीने बाद नीलामी

31 मई 2026 को गुलाना नवीन कृषि उपज मंडी भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया था। भवन का लोकार्पण होने के बाद मंडी संचालन के लिए व्यापारियों के लाइसेंस तैयार करने की प्रक्रिया चली।

खाचरोद-नागदा मार्ग पर 9 अक्टूबर तक यातायात प्रभावित

खाचरोद। खाचरोद-नागदा मार्ग स्थित समपार क्रमांक 102, उमरनी फाटक पर पश्चिम रेलवे के नागदा सेक्शन द्वारा रेलवे ट्रैक नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके चलते उमरनी फाटक से सड़क यातायात निर्धारित अवधि में पूरी तरह बंद रहेगा। 5 अक्टूबर 2026 को शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक तथा 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 तक दिन-रात लगातार मार्ग बंद रहेगा।

यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में खाचरोद रेलवे ओवरब्रिज का उपयोग किया जा सकेगा। मार्ग बंद रहने के दौरान नागदा से रतलाम तथा रतलाम से नागदा जाने वाले वाहन धमनोदा होते हुए खाचरोद रेलवे ओवरब्रिज से आवागमन कर सकेंगे। रेलवे द्वारा संबंधित प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से यातायात व्यवस्था नियंत्रित करने और आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। वाहन चालकों से अपील है कि निर्धारित अवधि में उमरनी फाटक की ओर जाने से बचें और वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता, मनराज प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



नगर की प्रथम महिला शिक्षिका स्व. गीतादेवी नागर की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता शनिवार को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बालक) में प्राचार्य बी.के. दांगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का विषय विकसित भारत : 2047 था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदा एवं स्व. गीतादेवी नागर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। श्री अरविंद व्यास एवं अंजलि नागर ने अतिथियों और निर्णायकों का स्वागत किया। संयोजक चंद्रप्रकाश नागर ने स्व. गीतादेवी नागर के जीवन एवं शैक्षणिक योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लक्ष्य, युवाओं की भूमिका, तकनीकी विकास, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं के विचारों का सार रहा कि ह्लउगता हुआ सूरज भी हमारा हो, समुद्र में आगे बढ़ता जहाज भी हमारा हो। देश के नौजवानों में ऐसा जज्बा हो कि आसमान भी हमारा हो और विकसित भारत की ओर बढ़ता हर कदम हमारा हो।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वीरेंद्र आचार्य, संतोष मेहरवा एवं युवा अभिभाषक पी.डी. गुप्ता ने निभाई। परिणाम में मनराज सरावत (कक्षा 12वीं ए-1) प्रथम, राहुल वर्मा (कक्षा 12वीं ए-1) द्वितीय तथा प्रियांशु तंवर (कक्षा 11वीं कॉमर्स) तृतीय रहे। प्राचार्य बी.के. दांगी एवं अरविंद व्यास ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर निर्णायक वीरेंद्र आचार्य एवं अभिभाषक पी.डी. गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आभार चंद्रप्रकाश नागर ने माना।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीनीगण 1. श्रीमती अंशु पति संदीप सिंह कुशवाह निवासी नेमी नगर मक्सी रोड उज्जैन 2. श्रीमती सुषमा सिंह पति देवेन्द्र सिंह कुशवाह निवासी नानाखेड़ा उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 753/3/1/1/2 रकबा 0.209 हेक्टर, सर्वे न.755/2/2 रकबा 0.45 हेक्टर, सर्वे न.754/1/2 रकबा 0.386 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 1.045 हेक्टर स्थित ग्राम उंडासा तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को सर्व भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया है । उक्त अनुबंध अनुसार बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है। उक्त संपत्ति या भूमि भाग पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण /भार/ बोझा / हक / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 07 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे । तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी। यह सूचित हो । इति दिनांक 4-10-2026

हितेश थानी अधिवक्ता
कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड
(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन (म.प्र.)
मो. 8817888422

जाहिर सूचना-पत्र का प्रतिवाद

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि समाचार पत्र में अभिभाषक राजपालसिंह बैस एडवोकेट कार्यालय 25 ए, मोहननगर आगर रोड़ उज्जैन की ओर से प्रकाशित जाहिर सूचना का मेरे पक्षकारगण 1- बाबूलाल पिता शंकरलाल गौमर 2- श्रीमति तेजुबाई पति बाबूलाल गौमर 3- कृष्णासिंह पिता बाबूलाल गौमर निवासीगण ई डब्ल्यू यु एस 291/491 इन्द्रानगर उज्जैन की ओर से जाहिर सूचना का प्रतिवाद दिनांक 30/09/2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना में ग्राम गोलवा तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नम्बर 355 रकबा 0.02 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 359 रकबा 1.35 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 635/1 रकबा 0.03 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 636/2 रकबा 0.26 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 637/1 रकबा 0.07 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 640 रकबा 0.25 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 635 रकबा 0.24 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 655 रकबा 0.25 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 666 रकबा 0.38 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 669 रकबा 0.39 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 1063/1179 रकबा 2.00 हेक्टेयर कुल रकबा 5.14 हेक्टेयर में से रकबा 3.79 हेक्टेयर को श्रीमति तेजुबाई पति बाबूलाल निवासी इन्द्रानगर के भुमि स्वामित्व एवं आधिपत्य की भुमि सर्वे नम्बर 259/1 रकबा 0.05 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 673 रकबा 0.50 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 674 रकबा 0.63 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 675 रकबा 0.10 हेक्टेयर कुल रकबा 1.128 हेक्टेयर तथा श्री कृष्णपालसिंह पिता बाबूलाल गौमर निवासी इन्द्रानगर के भुमि स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नम्बर 651 रकबा 0.41 हेक्टेयर व सर्वे नम्बर 654 रकबा 0.24 हेक्टेयर कुल रकबा 0.65 के संबंध में भुमि को क्रय करने का सौदा किया था तथा बयाना राशि भी उपरोक्त स्वामी को अदा कर लिखित अनुबंध - पत्र भी कर लिया गया था। वास्तव में आप महोदय के पक्षकार ने जाहिर सूचना प्रकाशित करवाते समय अनुबंध-पत्र दिनांक 14/08/2012 के संबंध में उपरोक्त जाहिर सूचना में कोई उल्लेख नही किया है व जाहिर सूचना में कितनी राशि का सौदा हुआ है, उसका भी स्पष्ट उल्लेख नही है तथा आप महोदय के पक्षकार ने अवधि बाधित अनुबंध-पत्र के संबंध में जाहिर सूचना प्रकाशित करवाई है इसके पुर्व में भी मेरे पक्षकार को अभिभाषक के माध्यम से सूचना-पत्र प्राप्त हुआ था जिसका विधिवत रूप से खण्डन मेरे पक्षकारगण ने कर दिया था।

अतः आप महोदय के कार्यालय से दिनांक 30/09/2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना को प्रतिवाद के आधार पर स्वतः निरस्त मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर जाहिर सूचना बंधनकारी नही होगी। सुचित हो।

दिनांक 04/10/2026

राजेन्द्र कुमार जोशी एडवोकेट
न्यायालय परिसर तराना मोबाईल नम्बर-9893002393

दिग्विजय बोले- राम मंदिर के चंदे से आरएसएस-भाजपा दफ्तर बने

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर से महाकाल मंदिर, उज्जैन से अयोध्या तक करीब 1000 किलोमीटर की सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा करेंगे। उन्होंने कहा- यह यात्रा धर्म के नाम पर धन कमाने और उसे राजनीतिक हथियार बनाने वालों के खिलाफ है। दिग्विजय ने कहा-आरएसएस और सावरकर ने सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बिगाड़ दिया। राम मंदिर के चंदे का पैसा भाजपा-आरएसएस के दफ्तर बनाने और चुनाव में लगाया गया। उन्होंने मंदिर के चढ़ावे में 200-300 करोड़ रुपए की हेराफेरी का भी दावा किया। 80 साल की उम्र में इतनी लंबी यात्रा के सवाल पर दिग्विजय ने कहा- उम्र कोई बात नहीं है। अंग्रेजी में कहावत है- ए मैन इज एज ओल्ड एज ही फील्स। अगर मैं खुद को 50 साल का महसूस करता हूं, तो किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। दिग्विजय सिंह ने सनातन धर्म की बात करते हुए महात्मा गांधी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गांधी सनातन धर्म और सनातनी परंपराओं का सम्मान करते थे। उनके लिए ह्यरघुपति राघव राजा राम, सबको सन्मति दे भगवान, ईश्वर-अल्लाह तेरो नामह्ल ही सनातन की भावना थी।उन्होंने कहा कि गांधी ने गरीब और दबे-कुचले लोगों के लिए काम किया और हिंदू-मुस्लिम एकता की बात की। भारत सबका है और अनेकता में एकता ही हमारी ताकत है। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर से जुड़े चंदे, मंदिर निर्माण और चढ़ावे को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मंदिर बनाने के लिए जुटाए गए चंदे में गड़बड़ी हुई। इसके बाद निर्माण में भी गड़बड़ी हुई और अब रामलला को मिलने वाले चढ़ावे में भी हेराफेरी की जा रही है। उन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का जिक्र करते हुए कहा कि वे सक्रिय आरएसएस कार्यकर्ता हैं। सनातनी परंपराओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है।दिग्विजय ने कहा कि श्लढ के जरिए आने वाला चढ़ावे का पैसा फर को चुनावी चंदे और भाजपा आरएसएस के बड़े भवन बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इसके खिलाफ मैं लड़ाई लडूंगा।

भोपाल पहुंची क्रिकेटर क्रांति गौड़, खेल मंत्री से मिलीं

भोपाल। एशियन गेम्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने और गोल्ड मेडल जीतने के बाद क्रिकेटर क्रांति गौड़ रविवार को भोपाल पहुंचीं। यहां उन्होंने खेल मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात की और जीत के दौरान के अनुभव साझा किए। मंत्री सारंग ने क्रांति गौड़ की इस उपलब्धि पर कहा कि प्रदेश की बेटी ने अपनी प्रतिभा-मेहनत से देश और मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया है। क्रांति गौड़ की उपलब्धि प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। क्रांति प्रदेश के छोटे से गांव से निकलकर आज महिला क्रिकेट टीम का प्रमुख हिस्सा है। एशियन गेम्स में अन्य खिलाड़ियों ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मंत्री सारंग ने बताया, प्रदेश में 18 खेलों की 11 अकादमी संचालित हैं। इन अकादमियों में विश्व स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं। नवीन सीएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना के तहत प्रदेश की सभी 230 विधानसभा में खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। खेलो एमपी यूथ गेम्स, पार्थ योजना, खेलो बढ़ो अभियान, टैलेंट सर्च, समर कैंप सहित अन्य आयोजनों के माध्यम से नई प्रतिभाओं की तलाश और उन्हें नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एशियन गेम्स में एमपी के खिलाड़ियों की भी उपलब्धि रही है। मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी नीरू ढांढा ने शूटिंग (शॉटगन) के वुमेंस ट्रैप इंडिविजुअल में स्वर्ण, ट्रैप मिक्स्ड टीम में स्वर्ण और वुमेंस ट्रैप टीम में रजत पदक सहित नीरू ने 3 मेडल हासिल कर इतिहास रचा।मनीषा कीर ने शूटिंग (शॉटगन) वुमेंस ट्रैप टीम में रजत पदक, ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने शूटिंग (राइफल) 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन मेन्स टीम में सिल्वर पदक, आशी चौकसे ने शूटिंग (राइफल) 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन वुमेंस टीम में सिल्वर पदक जीता। पुरुष हॉकी टीम का हिस्सा रहे विवेक सागर ने स्वर्ण पदक, महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं इशिका चौधरी ने स्वर्ण पदक, क्रांति गौड़ ने क्रिकेट (टीम इवेंट) में स्वर्ण पदक, जय मीणा ने सॉफ्ट टेनिस (व्यक्तिगत स्पर्धा) में कांस्य पदक अर्जित कर प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है।

मार्च तक 87 हजार करोड़ कर्ज ले सकेगी सरकार:विपक्ष के सवालों पर कहा-विकास के लिए लोन ले रहे

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार के बार-बार कर्ज लेने को लेकर उठ रहे सवालों के बीच सरकार ने रविवार को सफाई जारी की है। सरकार का कहना है कि आरबीआई के माध्यम से लिया जा रहा कर्ज नियमित राजस्व खर्च के लिए नहीं, बल्कि सड़क, एक्सप्रेस-वे, सिंचाई, बांध, नहर, बिजली, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज सहित बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए लिया जा रहा है।सरकार ने दावा किया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में भारत सरकार ने मध्यप्रदेश की ऋण सीमा करीब 87 हजार करोड़ रुपए तय की है और सितंबर तक इसमें से 37 हजार 400 करोड़ रुपए का ऋण लिया जा चुका है। सरकार के मुताबिक, राज्य अपनी ऋण जरूरतों को राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम और केंद्र द्वारा तय सीमा के भीतर पूरा करता है।ऋण आरबीआई के माध्यम से लिया जाता है और स्टेट डेवलपमेंट लोन (रज्ञ्छ) के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां प्राप्त की जाती हैं। इससे बाजार से न्यूनतम और अनुकूल ब्याज दर पर राशि जुटाने का दावा सरकार ने किया है।

थाने के सामने दुकान संचालक पर फायरिंग का लाइव वीडियो

ग्वालियर। ग्वालियर के पड़ाव थाने के ठीक सामने नाश्ता दुकान संचालक अशोक पाल पर शनिवार को अंधाधुंध फायरिंग का लाइव सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में बाइक सवार दो बदमाश चौराहे की ओर से आते दिखाई दे रहे हैं। दोनों दुकान पर बैठे अशोक पाल पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने के बाद तेजी से फरार हो जाते हैं। वारदात के बाद आरोपी गांधी नगर और सेवानगर होते हुए मोतीझील पहुंचे। पुलिस के मुताबिक, यहां पहुंचने के बाद उन्होंने मोबाइल फोन बंद कर दिए और अन्य साथियों के साथ गायब हो गए। थाने के सामने हुई वारदात के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस की अब तक की जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान भूरा खान और लखन जाटव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ पूर्व में दुष्कर्म का मामला दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है।

हाउसिंग बोर्ड की सख्ती के खिलाफ सड़क पर उतरे विधायक

विधायक कालूहेड़ा ने खुद हटवाईं ईंटें और दीवारें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदिरा नगर में एमपी हाउसिंग बोर्ड की कथित मनमानी और सख्त कार्रवाई के विरोध में शनिवार को आक्रोश देखने को मिला। आवासीय मकानों के व्यावसायिक उपयोग को लेकर बोर्ड की कार्रवाई के विरोध में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा खुद सड़क पर उतर आए। वे भाजपा कार्यकताओं और व्यापारियों के साथ इंदिरा नगर पहुंचे। यहां उन्होंने हाउसिंग बोर्ड की कार्रवाई के डर से खड़ी की गई ईंटों और दीवारों को खुद हटवाकर विरोध दर्ज कराया।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि एमपी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की गलतफहमी और अव्यावहारिक नीति के कारण क्षेत्रवासी और व्यापारी कई दिनों से परेशान हो रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय सकारात्मक है और वह चाहती है कि सभी काम नियमानुसार हों। हालांकि, नियमों की आड़ में ताकत का इस्तेमाल कर लोगों को डराया-धमकाया नहीं जाना चाहिए। बोर्ड की कथित मनमानी के कारण व्यापारियों को अपने कारोबार में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकताओं ने उन आवासीय परिसरों के बाहर से ईंटें हटाईं, जिन्हें बोर्ड की सख्ती के बाद बंद कर दिया गया था या बंद करने की स्थिति में पहुंचा दिया गया था। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता इस दिशा में आगे आए हैं, ताकि घरों के बाहर छोटे-मोटे व्यवसाय करने वाले व्यापारी बिना किसी डर के फिर से अपना काम शुरू कर सकें। विधायक की अपील के बाद कई व्यापारियों ने भी अपने घरों के सामने बनी दीवारें खुद हटानी शुरू कर दीं।



लीज राशि और फ्री-होल्ड प्रक्रिया को लेकर दिया सुझाव

विधायक अनिल जैन ने हाउसिंग बोर्ड के रवैये पर सवाल उठाते हुए व्यापारियों और अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे एक साल के भीतर लीज रेंट जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर अपनी संपत्ति को फ्री-होल्ड करा लें, ताकि भविष्य में किसी तरह की अड़चन न आए। विधायक ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक साल से पहले व्यापारियों पर राशि जमा करने का अनुचित दबाव न बनाएं। साथ ही, लीज रेंट जमा करने के लिए सरल और सुगम प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए, जिससे आम नागरिक आसानी से भुगतान कर सकें। विधायक ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन से भी चर्चा हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बोर्ड जल्द ही अपनी प्रक्रिया में सुधार करेगा, जिससे आम जनता और व्यापारियों को राहत मिलेगी। विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में किसी को घबराने या डरने की जरूरत नहीं है। जनहित के खिलाफ उठाए जाने वाले किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अध्यापक शिक्षक संघों की तीन सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/उज्जैन

आजाद अध्यापक शिक्षक मध्य प्रदेश समस्त शिक्षक संगठन का तीन सूत्री मांग। (1) प्रथम नियुक्त दिनांक से वरिष्ठता का लाभ मिले। 2, ई,अटेंडेंस ऑनलाइन की जगह ऑफलाइन की जाए। 3, टेट की परीक्षा से शिक्षकों को मुक्त रखा जाए। आदि मांगों को लेकर मध्य प्रदेश के समस्त जिलों से भोपाल अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल। प्रदेश संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत एवं समस्त जिलों के जिला अध्यक्ष एवं शिक्षक शिक्षिकाएं साथी हजारों की संख्या में जोर-जोर से अपनी मांगों का प्रदर्शन किया एवं सरकार को ध्यान आकर्षित करने के लिए विशेष अनुरोध किया।

यदि हमारी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ माननीय सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों के पक्ष में फैसला दिया है इसे अति शीघ्र राज्य सरकार संज्ञान में लेकर इसे लागू करें। इस आंदोलन में हजारों मातृशक्ति शिक्षक एवं परिवारजन सम्मिलित हुए और धरना प्रदर्शन मांगे पूरी नहीं होने तक सतत जारी रहेगा।

गुना में नकली नोट खपाते हुए पकड़ाया बदमाश

खाना खाकर दिया था 100 रुपए का नकली नोट; 47 नकली नोट बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

गुना शहर की कोतवाली पुलिस ने होटल पर नकली नोट खपाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह होटल में खाना खाने के बाद नकली नोट दे रहा था। दुकानदार ने नकली नोट को पहचान लिया और पुलिस को खबर कर दी। पुलिस ने आरोपी से 47 नकली नोट बरामद किए हैं।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि गुना बस स्टैंड स्थित पंजाबी ढाबा पर एक व्यक्ति द्वारा जाली नोट खपाए जाने की सूचना गुना कोतवाली पुलिस को मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संदिग्ध ने अपना नाम चंद्रेश पुत्र रामबाबू अहिरवार उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरखेड़ी गिर्द, थाना बजरंगगढ़ का बताया।

ढाबा संचालक द्वारा पुलिस को बताया गया कि उस व्यक्ति द्वारा ढाबे पर खाना खाने के बाद भुगतान के लिए 100 रुपये का एक नोट दिया गया। नोट देखने में संदिग्ध और जाली प्रतीत हो रहा था। पुलिस द्वारा उक्त नोट की जांच की गई, जिसमें वह जाली पाया गया। इसके बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी चंद्रेश अहिरवार की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 100-100 रुपये के 46 अन्य जाली नोट भी बरामद हुए। पुलिस द्वारा आरोपी चंद्रेश अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 606/26, धारा 180 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जाली नोटों के साथ गिरफ्तार आरोपी से जाली नोटों के स्रोत, उन्हें बाजार में खपाने के तरीके और इस गतिविधि में अन्य व्यक्तियों की संभावित संलिप्तता के संबंध में पूछताछ के लिए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर विधिवत पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

रिटायर्ड-कर्मचारी का मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदला,15 हजार उड़ाए

अजमेर में ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। अलवर गेट थाना क्षेत्र में एटीएम से रुपए निकालने गए रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी का कार्ड बदलकर आरोपियों ने खाते से 15 रुपए हजार निकाल लिए। वहीं आदर्शनगर थाना क्षेत्र में बिजनेसमैन से गोल्ड लोन छुड़ाने के नाम पर ऑनलाइन 28.98 लाख की ठगी की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना अलवर गेट थाना क्षेत्र में श्रीनगर रोड स्थित मृदंग टॉकीज के पास की है। मामले में जादूगर क्षेत्र निवासी त्रिलोक चंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार वह रइकके एटीएम पर पैसे निकलवाने के लिए गए थे। इस दौरान त्रिलोक चंद ने एटीएम से 9 हजार रुपए निकाले, तभी उनके पीछे खड़े 2 युवक अंदर आए और उनसे मशीन में कार्ड चालू रहने की बात कहकर मदद के बहाने उनका एटीएम कार्ड ले लिया।

वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ लगाया एक पेड़ मां के नाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रनिर्माण की यात्रा को समर्पित ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के अंतर्गत ह्यसेवा मेरा योगदानह्ल कार्यक्रम का आयोजन रविवार को आनंद धाम कैंट वृद्धाश्रम, गुना में किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों के साथ ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत पौधारोपण किया गया तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता ने वृद्धाश्रम पहुंचकर सभी वृद्धजनों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट एवं कार्यक्रम संयोजक विकास जैन नखराली ने किया एवं आभार नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि अशोक शर्मा, मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, रामकुमार शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र धाकड, ब्रजनारायण शर्मा, पप्पू खटीक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सभी ने वृद्धजनों के साथ बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान सेवा, सम्मान और अपनत्व का भाव देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

जाहिर सुचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा गजेन्द्रसिंह पिता चेनसिंह, जाति-राजपूत, निवासी ग्राम भैंसला कलां तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 190/1/1 (एस) रकबा 1.0000 हैक्टेयर स्थित ग्राम भैंसला कलां तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.), पटवारी हल्का क्र. 33 को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा गजेन्द्रसिंह पिता चेनसिंह से बयाना राशि अदा कर उक्त भूमि का विक्रय अनुबंध पत्र गजेन्द्रसिंह के द्वारा मेरे पक्षकार के हित में अनुबंध सम्पादित किया जा चुका है एवं उक्त विक्रय अनुबंध के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, व्यक्तियों का समूह, बैंक, सोसायटी आदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वर्तमान जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेज के प्रस्तुत करें, आपत्ति की अवधि पूर्ण होने की दशा में आपत्ति मान्य नहीं हो। सो सूचित हो।4.10.2026

विशाल चौबे, एडव्होकेट
कार्यालय 303, तृतीय मंजिल,
स्मार्ट ट्रेड सेन्टर, फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)
मोबाईल-9893745889.

पुलिस पेंशन संघ के प्रांतीय सम्मेलन में कलेक्टर कन्याल का संदेश

जब तक जिएं कुछ न कुछ करते रहें

125 वर्ष की आयु के लिहाज से आप सब युवा हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

पुलिस पेंशन संघ मध्य प्रदेश के प्रांतीय सम्मेलन एवं चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह का आयोजन संजोग गार्डन में हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सहभागिता करते हुए कहा कि जीवन की सार्थकता इसी में है कि जब तक जिएं, तब तक स्वयं को किसी न किसी सकारात्मक कार्य में सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि कलयुग में 125 वर्ष की आयु मानी जाती है, इस लिहाज से यहां उपस्थित सभी लोग अभी युवा हैं और समाज व परिवार के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं।

कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि उन्हें जानकारी है कि सम्मेलन में मध्यप्रदेश के लगभग 33 जिलों से पुलिस पेंशन संघ के सदस्य शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन आपसी संवाद, अनुभव साझा करने और सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है।

गोपी सागर डैम में वोटिंग और टेकरी पर दर्शन का दिया सुझाव

कलेक्टर ने गुना के पर्यटन स्थलों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि किसी को वोटिंग का शौक है तो गोपी सागर डैम में वोटिंग का आनंद लिया जा सकता है। वहीं थोड़ी पहाड़ी पर चढ़कर टेकरी सरकार के दर्शन और आशीर्वाद भी लिए जा सकते हैं। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जीवन का अर्थ ही अपने आप को किसी न किसी सकारात्मक कार्य में व्यस्त रखना है। व्यक्ति को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ जीवन से जुड़ी गतिविधियां कम करने के बजाय अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते रहना चाहिए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सुमन भी उपस्थित थे।

कूनो को बताया घूमने और गतिविधियों के लिए बेहतर स्थल

कलेक्टर ने कूनो क्षेत्र के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां लगातार पिछले आठ माह से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में एक किसान से चर्चा कर छोटी कैनाल तैयार कराने की दिशा में पहल की गई, ताकि पानी का उचित प्रवाह और ओवरफ्लो की व्यवस्था हो सके। वहीं एक अन्य किसान से चर्चा कर हाईवे से क्षेत्र तक पहुंचने के लिए कनेक्टिविटी बेहतर करने पर भी काम किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कूनो एक अच्छा पर्यटन स्थल बनकर सामने आया है, जहां परिवार के साथ पिकनिक के लिए जाया जा सकता है। वहां खान-पान के साथ तीरंदाजी और बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया जा सकता है।

कंटेनर ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचला

बुरहानपुर। बुरहानपुर में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर ग्राम झिरी स्थित नवल सिंह सहकारी शकर कारखाने के पास शनिवार रात करीब 9:45 बजे एक हादसा हुआ। खंडवा से बुरहानपुर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने सामने से आ रही बाइक (एमपी 68 जेड ए 1984) को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल हो गया, जिसे डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में उसे खंडवा रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान जितेंद्र पिता लालसिंह निवासी बोरसल टांडा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर ड्राइवर बाइक सवारों को करीब 20 फीट तक घसीटता हुआ कंटेनर समेत फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की उम्र 16 से 20 साल के बीच है। उनके पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं, अभी तक पहचान की पुष्टि नहीं हुई।

जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री विष्णुप्रसाद पिता नंदराम जाति धाकड़ निवासी ग्राम बेड़ावन तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 829/2/2 रकबा 0.13 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 832/4 रकबा 0.12 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 833/2 रकबा 0.35 हेक्टेयर, कुल खाते 3 एवं कुल क्षेत्रफल रकबा 0.60 हेक्टेयर भूमि ग्राम सरवना तह. उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है को मय तल लगायत हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर दी है तथा जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा उसके पश्चात अनुबंध पत्र में उल्लेखित शर्त अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जाएगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त संपत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति/विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित लिखित में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक- 04/10/2

शुभम सोलंकी एडव्होकेट
कार्यालय : बृजेश मार्केट उन्हेल जिला उज्जैन मध्यप्रदेश
मोबाइल 8269772456

आवास योजना के मुद्दे पर कांग्रेस ने उठाई आवाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

नगर पालिका क्षेत्र में आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को जमीन का पट्टा देने और मकान निर्माण के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं एवं वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में मोहल्ले-मोहल्ले कैंप लगाकर आवास योजना के लिए आवेदन भरवाए गए थे, लेकिन बाद में करीब 8500 आवेदन निरस्त कर दिए गए।

दरअसल मामाा ये है कि अब आवेदन निरस्त होने से प्रभावित मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों में नाराजगी बनी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर पूर्व में कांग्रेस नेता राजेंद्र कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजू जाटव सहित वार्ड क्रमांक 20, 21 और 22 के कांग्रेस कार्यकताओं एवं वार्डवासियों ने 9 जून से 12 जून 26 तक नगर पालिका कार्यालय के द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने आवास योजना का लाभ दिलाने तथा पात्र हितग्राहियों को जमीन का पट्टा एवं मकान निर्माण के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। इसके बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम गुना कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, इस पूरे मामले को लेकर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह को भी ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया था। उन्होंने मामले को गंभीरता से सुनते हुए प्रतिनिधिमंडल से चर्चा की और इसके बाद मध्यप्रदेश विधानसभा में इस मुद्दे को प्रश्न के माध्यम से उठाया। विधानसभा में मामला उठाए जाने की जानकारी मिलने के बाद प्रभावित मजदूर परिवारों और हनुमान चौराहा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनके नेता जयवर्धन सिंह ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों की समस्या को विधानसभा तक पहुंचाकर उनकी आवाज को मजबूती दी है। कांग्रेस नेता राजेंद्र कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजू जाटव सहित कांग्रेसजनों ने जयवर्धन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुना नगर के मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों की आवास संबंधी समस्या के समाधान के लिए आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाने की दिशा में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई होगी।

न्यूज-कॉलम

9 महीने में 560 गुमशुदा बच्चे बरामद

रतलाम । पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत रतलाम पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीमों ने पिछले 9 महीनों में संवेदनशीलता और तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुल 560 गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। सायबर सेल, जेएबी शाखा, तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि गुजरात, राजस्थान और उत्तरप्रदेश जैसे अन्य राज्यों से भी बच्चों को सकुशल खोज निकाला।

मेडीकल व्यवसायी अशोक एर्या का निधन



नीमच। शहर के इंदिरा नगर निवासी मेडिकल व्यवसायी श्री अशोक कुमार एर्या,लोहार उम्र 66 वर्ष का निधन हो गया जो पिछले 30 वर्षों से मेडिकल व्यवसाय से जुड़े थे द्य वर्तमान में समीपस्थ ग्राम चल्दू में मेडिकल स्टोर संचालित कर रहे थे। वें हंसमुख, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के होकर 30 सितंबर को सब्जी मंडी के पास दोपहिया वाहन से गिर गए इसके कारण उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया था। जिनका उपचार के दौरान 2 अक्टूबर को निधन हो गया । जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार को निज निवास से निकली मुक्तिधाम में उनकी पुत्रियों (पूजा-अंकित, गंचल, आरती, महिमा एवं चंचल) ने मुखाग्नि दी । अंतिम यात्रा में सम्मिलित समाज जनो, दवा व्यवसायी आदि ने सम्मिलित होकर शोक सभा में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कलेक्टर ने स्कूली बच्चों के साथ ली एग्रीकल्चर क्लास

रतलाम। जिला कलेक्टर अजय कटेसरिया ने नामली स्थित सांदीपनि विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब कलेक्टर प्रशासनिक औपचारिकताएं छोड़कर सीधे कक्षा में पहुंचे और बच्चों के साथ बेंच पर बैठकर एग्रीकल्चर क्लास लेने लगे। उन्होंने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उनके पाठ्यक्रम और अब तक पढ़ाई गई विषय-सामग्री की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री कटेसरिया ने विद्यार्थियों की पाठ्यपुस्तक का अवलोकन किया। पुस्तक में फूलों के नाम के अंतर्गत 'ट्यूबर रोज' का उल्लेख देखकर उन्होंने बच्चों से इसका हिंदी नाम पूछा। बच्चों द्वारा उत्तर न दे पाने पर उन्होंने सहज अंदाज में बताया कि ट्यूबर रोज को हिंदी में 'रजनीगंधा' कहा जाता है।

मोदी जी के सेवा और सुशासन के 25 वर्ष गौरवपूर्ण-श्री उपाध्याय

रतलाम। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम हुआ । इसमे भारतीय जनता पार्टी एवं व्यापारिक प्रकोष्ठ जिला रतलाम द्वारा सिलवटों का वास स्थित अन्न क्षेत्र वृद्धाश्रम में भोजन एवं मिष्ठान वितरण किया । भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि मोदी जी के सेवा और सुशासन के 25 वर्ष गौरवपूर्ण है ।कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, भाजपा जिला पदाधिकारी प्रहलाद राठौर, जुबिन जैन, पवन सोमानी, राजेंद्र पाटीदार ,अरुण त्रिपाठी, निलेश बाफना, तन्मय त्रिवेदी, कार्यक्रम प्रभारी रजनीश गोयल, संदीप यादव, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, भगत सिंह भदोरिया, राकेश नागर सोनू चौहान विनोद मुन्ना शुभम चौहान ईश्वर बोराणा रवि पवार सोमेश वर्मा श्रीकांत डोसी रंजीत टाक सतीश भारती राजेंद्र मौर्य कमल सिलावट शीतल पांचाल जीवन ज्योति विजय पोरवाल राकेश परमार प्रतिभा चौहान सुदीप पटेल राजेश बैरागी विपिन श्रीमाल अशोक छाजेड़ सुरेंद्र भाटी सुशील सिलावट आदि उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती पर होंगे छः दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव, पहली बार कार्निवाल व क्रिकेट स्पर्धा का होगा आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

अग्रवाल समाज देसी पंचायत मंदसौर द्वारा 1008 महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5150वीं जन्म जयंती महोत्सव पर छः दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 6 अक्टूबर मंगलवार से नरसिंहपुरा स्थित महाराजा अग्रसेन मांगलिक भवन परिसर में किया जा रहा है। 11 अक्टूबर को पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन जी की जन्म जयंती पर मंदसौर नगर में जनकुपूरा गणपति चौक स्थित श्री नरसिंह मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य चल समारोह निकाला जाएगा।

अग्रवाल समाज देशी पंचायत के अध्यक्ष संजय कल्याणमल मित्तल (चौधरी) ने बताया कि मंगलवार 6 अक्टूबर को 6 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 7.30 बजे भगवान श्री नरसिंह एवं महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना व आरती के साथ प्रसिद्ध भागवताचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री धारियाखेड़ी के सानिध्य में होगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के पूर्व



अध्यक्षगण राजेंद्र अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल (हक्कू सेठ), राजमल गर्ग (अंकित), नरेंद्र अग्रवाल, आशीष गुप्ता एवं समाजसेवी हरीश गर्ग केडिया व सुनील मित्तल उपस्थित रहेंगे। 6 अक्टूबर से प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं आयोजन होंगे। 9 अक्टूबर को संध्या 5 बजे से समाज में पहली बार नवयुवक मंडल द्वारा भव्य कार्निवाल (मेले) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा अपने गृह निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगाई जाएगी तथा बच्चों के लिए झूले-चकरी व मनोरंजन के साधन रहेंगे। 10 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से अग्रवाल प्रीमियर लीग के तहत वीमेंस एवं मेंस डे-नाइट क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। 11 अक्टूबर को जयंती दिवस पर दोप. 3.30 बजे गणपति चौक से भव्य चल समारोह निकलेगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों- शुक्ला चौक, कालाखेत, घंटाघर, बस स्टैंड, बालाजी मंदिर, नीलम होटल रोड और नयापुरा माहेश्वरी धर्मशाला से होता हुआ नरसिंहपुरा मांगलिक भवन पहुंचेगा। यहाँ पुरस्कार वितरण एवं सामूहिक सहभोज के साथ आयोजन का समापन होगा।

संजा बनाओ प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में त्रिवेणी यादव, जूनियर में कशिश यादव रही प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



कृति संस्था ने हमारे देश की लोक संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए संजा बनाओ प्रतियोगिता आयोजन करके महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। यह कहना था मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नीमच की प्रबन्धक श्रीमती संगीता शर्मा ने व्यक्त किये इस कार्य हेतु कृति संस्था और विशेकर महिला प्रकोष्ठ बधाई की पात्र है।

कार्यक्रम की अध्यक्ष इनरव्हील क्लब सदस्य श्रीमती रजनी वधवा ने सभी प्रतियोगियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह प्रतियोगिता ऐसी ही नयी प्रतिभाओं को आगे लाती रहेगी। अपने स्वागत भाषण में कृति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि कृति संस्था विगत कई वर्षों से हमारी लोक संस्कृति के पर्व संजा के प्रति जनरुचि जागृत करने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम संयोजक डॉ श्रीमती माधुरी चौरसिया ने संजा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं संजा रचना की प्रक्रिया से परिचित कराया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ।


अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ,उपाध्यक्ष डॉ निर्मला उपाध्याय ,सचिव रघुनंदन पाराशर ने किया। संजा बनाओ प्रतियोगता में सीनियर वर्ग में 10 प्रतियोगियों तथा जूनियर वर्ग में 21 प्रतियोगियों जिनमें 3 बालक भी थे ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में त्रिवेणी यादव प्रथम, मीना सागर और पूजा यादव द्वितीय , तथा पिंकी यादव तृतीय रहे।

हेमलता यादव और मालती नागर को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किये गए। जूनियर वर्ग में कशिश यादव प्रथम ,प्रियंका परिहार द्वितीय , पंकज खराड़ी तृतीय रहे । कौशल्या साल्वी और नंदिनी यादव को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर संजा के गीत भी प्रस्तुत किये गए। गीत गायन में श्रीमती मीना मनावत प्रथम , अनीता सिसोदिया द्वितीय और कुसुम शर्मा को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



सेवा सेतु और जन विश्वास शिविरों में 7 हजार से अधिक आवेदनों का हुआ निराकरण

मंदसौर। राज्य सरकार के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत च्सेवा सेतु-सरकार आपके द्वारज तथा च्मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानज के तहत जिले के पांच प्रमुख स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। बोलिया, मल्हारगढ़, तीतरोद, दुधाखेड़ी और धमनार में आयोजित इन शिविरों में कुल 8440 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 7 हजार से अधिक हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर लाभ प्रदान किया गया। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मंदसौर जिला कृषि के क्षेत्र में बेहद समृद्ध है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले की फसलों की ब्रांडिंग राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो। शिविर के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। मंदसौर विकासखंड के धमनार में आयोजित संयुक्त शिविर व जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, एसपी विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, डीएफओ संजय रायखेरे, एसडीएम शुभम पाटीदार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



एसपी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान

नीमच। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के साथ साथ महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सेवा संकल्प अभियान एवं मद्य निषेध सप्ताह के अन्तर्गत सभी जिलो में कार्यक्रमों का आयोजन करने संबंधी निर्देश दिये गये है। नीमच पुलिस द्वारा सेवा संकल्प अभियान एवं मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत नीमच पुलिस द्वारा जनसेवा, सामाजिक जागरूकता एवं सकारात्मक सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर सेवा संकल्प अभियान एवं मद्य निषेध सप्ताह के माध्यम से स्वच्छ परिसर, स्वस्थ समाज और नशामुक्त भविष्य का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज 4 अकटूबर को पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के नेतृत्व में कार्यालय परिसर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

भगवती सूत्र के योगोद्वहन प्रवेश का भव्य अनुष्ठान संपन्न

21 प्रकार की सब्जियों व फलों से बनी जीव दया रंगोली आकर्षण का केन्द्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जैन धर्म के ४५ आगमों में सबसे श्रेष्ठ च्भगवती सूत्रच शास्त्र के वाचन की पात्रता प्राप्त करने हेतु आयोजित श्योगोद्वहन प्रवेशश का भव्य अनुष्ठान रविवार को चंद्रपुरा स्थित श्री आर्यरक्षित तीर्थ धाम पर छह जैनाचार्यों एवं साधु-साध्वियों की पावन निश्रा में संपन्न हुआ। 36 वर्ष पूर्व संयम जीवन अंगीकार करने वाले प्रवर्तक मुनि श्री धैर्यचन्द्र सागर जी म. सा. इस महान शास्त्र के वाचन की पात्रता हेतु 6 माह तक निरंतर आयंबिल तप की कठोर आराधना करेंगे।

आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सूरीश्वर जी महाराज सा. ने इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृत व संस्कृत मिश्रित अर्द्धमागधी भाषा में रचित च्भगवती सूत्रच में 36 हजार प्रश्नोत्तर समाहित हैं। जैन दर्शन की मयार्दा अनुसार कोई भी साधु-साध्वी 6 माह तक प्रतिदिन एक समय स्वाद रहित आहार (आयम्बिल) और निरंतर धार्मिक क्रियाएं किए बिना इस शास्त्र का वाचन नहीं कर सकता।

रतलाम निवासी मुनि धैर्यचन्द्र सागर जी ने 1990 में पालीताणा में दीक्षा ली थी और वे अनेक भाषाओं के मर्मज्ञ हैं। इस पावन अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मुकेश खमेसरा द्वारा निर्मित 21 प्रकार की सब्जियों व फलों से बनी जीव दया रंगोली आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इसके साथ ही, चौधरी कॉलोनी स्थित रूपचांद आराधना भवन से केसरिया आदिनाथ संघ द्वारा भव्य चैत्य परिपाटी निकाली गई, जो बैंड-बाजों के साथ आर्यरक्षित तीर्थ पहुंची, जहाँ धमार्लुओं ने दर्शन-वंदन व धर्मलाभ प्राप्त किया।

आपत्तिजनक स्थिति में युवती ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पदार्थ खाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के प्रसिद्ध प्रेसिडेंट होटल में शुक्रवार को आपत्तिजनक स्थिति में पाई गई युवती ने शनिवार शाम अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जहर की खबर मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह एक महिला ने पुलिस बल के साथ जावरा की प्रेसिडेंट होटल में छापा मारकर अपने पति को उक्त युवती के साथ पकड़ा था। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हुआ था। इसके पश्चात महिला की शिकायत पर जावरा के औद्योगिक क्षेत्र थाने में पति के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज किया गया था, जबकि युवती को सुरक्षा के लिहाज से 'वन स्टॉप सेंटर' भेज दिया गया था। शनिवार सुबह परिजन युवती को वन स्टॉप सेंटर से अपने घर ले गए थे। हालांकि, शाम होते-होते युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। सूत्रों के अनुसार परिजनों ने युवती का मोबाइल ले लिया था जिसकी जिद में युवती ने खुदखुशी करने की कोशिश की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवती की स्थिति फिलहाल बयान देने योग्य नहीं है।

मनासा नगर पंचायत में सेवा सेतु शिविर किए गए आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित च्सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वारज के तहत जिले के सभी नगरीय निकायों में आज 4 अक्टूबर को शिविर आयोजित किए गए। शिविरों का उद्देश्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के साथ नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदनों का स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा।

शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए योजना प्रदर्शनी एवं सूचना स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी दी।

नागरिकों द्वारा विभिन्न योजनाओं में पंजीयन, लाभ प्राप्त करने तथा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए।

प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को सौंपते हुए समय-सीमा में नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शिविरों में नागरिकों को यह सुविधा भी मिली कि वे अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित विषय सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

मनासा में विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू हुए शामिल

मनासा नगर परिषद में आयोजित शिविर में विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू शामिल हुए। उन्होंने शिविर में उपस्थित नागरिकों से संवाद करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन शिविर में प्रस्तुत करने का आग्रह किया तथा कहा कि प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के साथ देखते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

विधायक श्री मारू ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी भी ली तथा आमजन को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने पर जोर दिया।

जिले के सिंगोली, जावद, रतनगढ़, जीरन,कुकडेश्वर सहित सभी नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी समस्याएं एवं आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके आवेदन प्राप्त किए।

न्यूज कालम



शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत एक ट्रॉली कचरा निकला

मंदसौर। वर्षा ऋतु के पश्चात शिवना नदी में जमा हुए कचरा, पूजन सामग्री व गाद की सफाई के लिए रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान का 144वां चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में निरंतर जारी इस अभियान के तहत श्रमदानियों ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित छोटी पुलिया और नदी के तटीय क्षेत्रों में श्रमदान कर एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। अभियान के मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि रविवार प्रातः श्रमदानियों ने जलस्तर कम होने के बाद तटीय क्षेत्रों में जमा गाद, पुराने कपड़े, प्लास्टिक कचरा, फूल-मालाएं और पूजन सामग्री की सफाई की। नदी किनारे बहकर आईं विसर्जित प्रतिमाओं को भी श्रमदानियों ने सम्मानपूर्वक उठाकर सुरक्षित स्थानों पर रखा और घाटों की पानी से धुलाई की। समाजसेवी रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, बालकृष्ण दवे, इष्टा भाचावत, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, अनीता भदौरिया, तथा विकास दशोरा, अजय सोनी आदि उपस्थित थे।

जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में सेवा संकल्प का कार्यक्रम संपन्न हुआ



पिपलिया मंडी। 3 अक्टूबर को जनपद पंचायत मल्हारगढ़ मैं सेवा संकल्प का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशासनिक समस्त विभागों के शिविर के माध्यम से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमान राजेश दीक्षित मंदसौर एवं श्रीमती पुष्पबाई कन्हैयालाल पाटीदार जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत मल्हारगढ़ एवं श्री फकीरचंद धनगर जनपद उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मल्हारगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री राकेश जी पाटीदार गोयल सेमली मंडल पिपलिया मंडी भाजपा मल्हारगढ़ मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा बूढ़ा मंडल अध्यक्ष समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी वह कमलेश पाटीदार बावड़ी वाला बालागुड़ा महादेव चौक जनपद सदस्य जनपद पंचायत मल्हारगढ़ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश एवं भाजपा जिला किसान मोर्चा सह शासन योजना प्रमुख जिला मंदसौर श्री निर्देशक शर्मा जनपद पंचायत सीईओ जनपद पंचायत मल्हारगढ़ समस्त प्रशासन विभाग के कर्मचारी वह पत्रकार बंधु एवं हितग्राही कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता, में 10 संभागों की टीमें लेंगी हिस्सा

मंदसौर। मंदसौर नगर में ७०वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक वर्ग का भव्य आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक होने जा रहा है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य व संयोजक के.सी. सोलंकी के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई।संयोजक के.सी. सोलंकी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के 10 संभागों की टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें कुल 180 खिलाड़ी और 35ऑफिशियल शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल परिसर तथा एमआईटी चौराहे स्थित टर्फ मैदान पर खेले जाएंगे। खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के आवास की व्यवस्था उत्कृष्ट बालक छात्रावास (डाइट परिसर) में की गई है, जबकि संचालन हेतु उत्कृष्ट विद्यालय में एक केंद्रीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए १६ अलग-अलग व्यवस्था समितियों का गठन किया गया है। बैठक को जिला क्रीड़ा अधिकारी जी.एल. जोगचंद, प्राचार्य सुदीप दास ने भी संबोधित किया, जबकि संचालन प्राचार्य अशोक कुमार रत्नावत ने किया।

अनुशासित खेल भावना के संकल्प के साथ ऑल इंडिया हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न



मंदसौर। सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान, संजीत मार्ग मंदसौर में आयोजित चार दिवसीय अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता 2026 का गरिमामय समापन हुआ। 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्पर्धा में देश के सात विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 बालिका खिलाड़ियों तथा 50 संरक्षक आचार्य-दीदियों ने भाग लिया। समापन समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई के प्रधानाचार्य प्रवीण मिश्रा ने अतिथियों का परिचय कराया तथा दिनेश यादव एवं रामपाल मसानिया ने उनका स्वागत किया। स्पर्धा का विस्तृत वृत्त संयोजक पंकज गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया, वहीं पुरस्कारों की घोषणा श्रीमती आराधना दीदी ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजदीप परवाल ने कहा कि खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, धैर्य और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त जरिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवींद्र सोहनी ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता के औपचारिक समापन की घोषणा की। इस अवसर पर सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान के प्रबंधक सुनील शर्मा, वरिष्ठ प्राचार्या डॉ. सरोज प्रसाद आदि उपस्थित थे।

सेवा सप्ताह में रक्तदान से दिया मानव सेवा का संदेश

सनावद। सेवा सप्ताह के तृतीय दिवस लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा नत्थूलाल मोरी हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए २० यूनिट रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों के लिए मानव सेवा की मिसाल पेश की।

महिदपुर के युवा पहलवान विनय बैरागी ने कुश्ती में हासिल की विजयश्री

महिदपुर। महिदपुर नगर की शान जगदीश व्यायाम शाला अखाड़े के युवा पहलवान विनय बैरागी ने इंदौर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयश्री हासिल की। विनय बैरागी, उस्ताद पंडित कैलाश जी जोशी के शिष्य एवं पहलवान बलराज बैरागी के सुपुत्र हैं। विनय की इस उपलब्धि से महिदपुर नगर का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी सफलता पर अखाड़े के पहलवानों, नागरिकों एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

त्योहारों को लेकर पुलिस विभाग ने फ्लैग मार्च निकाला

खाचरोद। नगर के प्रमुख मार्गो से पुलिस विभाग द्वारा थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के मार्गदर्शन में फ्लैग मार्च दल बल के साथ निकाला गया। पुलिस द्वारा त्योहारों के लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग है। नगर के उपद्रवियों पर पूरे त्योहारों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। कही कोई भी गलत कार्य होने पर तुरंत एक्शन लेने के लिये जिला प्रशासन के सख्त निर्देश है।

मेगा सेवा सेतु शिविर में 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण



इंगोरिया । 3 अक्टूबर 2026 को इंद्रप्रस्थ गार्डन में मेगा सेवा सेतु कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया । मेगा सेवा सेतु शिविर का शुभारंभ विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने किया। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधिउपस्थित थे। शिविर मे 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में जनसमस्याओ का समाधान भी किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई वितरण का कार्य हुआ ।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम

जगोटी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की श्रृंखला में जिला आयुष अधिकारी डॉ. मनीषा पाठक के मार्गदर्शन में शनिवार को शास.कन्या मा. विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रिया पान्टेल एवं डॉ टीना सेंगर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधियां प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत *ह्लपोषण एवं एनीमिया से बचावह्व* विषय पर विद्यार्थियों को उपयोगी व्याख्यान दिया गया। साथ ही योग एवं नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया

सुल्तानिया में 493 वोट लेकर खटक बने सरपंच



सारंगपुर। सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुल्तानिया पंचायत में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव का शनिवार को परिणाम सामने आ गया। आठ प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में विकास खटक ने सबसे ज्यादा 493 वोट हासिल कर सरपंच पद पर जीत दर्ज की। मतगणना पूरी होने के बाद तहसीलदार कपिल शर्मा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। परिणाम सामने आते ही समर्थकों ने विकास खटक का स्वागत किया।

गुरुभक्तों ने की धार्मिक यात्रा

महिदपुर। राजेंद्र गुरुभक्त मंडल ने दो दिवसीय धार्मिक यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर विराजित संतों के दर्शन-वंदन एवं मांगलिक श्रवण का लाभ लिया। यात्रा के दौरान मोहनखेड़ा तीर्थ पहुंचकर दादा आदिनाथ एवं दादा गुरुदेव के दर्शन-पूजन किए तथा साधु-साध्वी भगवंतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद इंदौर में वर्षावास हेतु विराजित गच्छाधिपति आचार्यदेवेश श्री नित्यसेनसूरीश्वर जी म.सा. सहित साधु-साध्वी भगवंतों के दर्शन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि पर मांगा जवाब, गणेश विसर्जन के दौरान

प्रतिबंध के बावजूद डीजे की ध्वनि प्रदूषण से लोगों को हुई परेशानी, दिया नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रतिबंध के बावजूद तेज आवाज में डीजे बजाने के मामलों को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। एसडीएम शुजालपुर ने सीहोर से आए डीजे सहित 6 डीजे संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना सक्षम अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा निर्धारित 55 डेसीबल सीमा से अधिक ध्वनि में डीजे बजाना प्रतिबंधित है।

नोटिस देवकृपा डीजे ब्यावरा, बालाजी डीजे बावड़ीखेड़ा, यादव डीजे शुजालपुर, मां अंबे डीजे शुजालपुर मंडी, सांवरिया डीजे शुजालपुर एवं सीहोर के एक डीजे संचालक को जारी किए गए हैं। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि जवाब नहीं देने अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर यह संदेश स्पष्ट है कि धार्मिक आयोजनों में भी ध्वनि संबंधी नियमों का पालन जरूरी है। अधिकांश समितियों द्वारा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ आयोजन किए जाने के बीच तेज आवाज वाले डीजे को लेकर नागरिकों में भी चर्चा बनी हुई है। उधर भाजपा शासित प्रदेश सरकार के मुखिया द्वारा बनाए गए इस नियम का पालन करने में आगे आ रहे अधिकारियों पर सत्ता से ही जुडे संगठन के कुछ कार्यकर्ता हस्तक्षेप करने से बाज नहीं आ रहे। इसी के चलते प्रशासनिक कार्यवाही तत्काल नहीं हो पाई, जबकि निर्वाचित जनप्रतिनिधि



बैठकों में स्पष्ट कह चुके है कि सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन सभी प्रकार के आयोजन के दौरान होना चाहिए।

इधर सोशल मीडिया पर तेज आवाज वाले डीजे के विरोध में पोस्ट और टिप्पणियां सामने आ रही हैं। कुछ लोगों द्वारा सार्वजनिक उत्सव समितियों को मिलने वाली आर्थिक सहायता को डीजे के उपयोग से जोड़ते हुए डीजे बजाने वाली समितियों को सहायता नहीं दिए जाने की मांग की जा रही है। यह फिलहाल सोशल मीडिया पर उठ रही मांग है, किसी प्रशासनिक निर्णय का हिस्सा नहीं।

अंकित पाटकर एसडीएम शुजालपुर ने कहा कि जिला दंडाधिकारी शाजापुर द्वारा 18 सितम्बर 2026 को मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम तहत निर्देश जारी किए गए थे, जिसके उल्लघंन पर सूचना पत्र जारी किए गए है, साथ ही पुलिस को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। कुछ डीजे संचालक नोटिस जारी करने के बाद कार्यालय आए थे लेकिन उनसे चर्चा नहीं हो सकी।

तेज आवाज के बीच छत का हिस्सा गिरा था

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान चौबे मार्ग स्थित एक मकान की छत का हिस्सा गिरने की घटना भी सामने आई थी। मकान सिविल अस्पताल के समीप है। शैलजा देशमुख ने बताया कि डीजे की तेज आवाज के दौरान घर में कंपन महसूस हो रहा था। कुछ देर बाद धमाके जैसी आवाज हुई और छत का हिस्सा नीचे गिर गया। पंखा व अन्य सामान क्षतिग्रस्त हुआ और वे बाल-बाल बचीं। छत गिरने का डीजे की आवाज से प्रत्यक्ष कारण अभी आधिकारिक रूप से स्थापित नहीं हुआ है, लेकिन घटना ने तेज ध्वनि और कंपन से होने वाले संभावित नुकसान को लेकर चिंता जरूर बढ़ाई है।



अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर 85 वर्ष से अधिक आयु वाली माताओं का किया सम्मान

महिदपुर। पंजाबी महिला विकास समिति महिदपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर पंजाबी समाज की 85 वर्ष से अधिक आयु वाली माताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें श्रीमती रत्नादेवी कालरा, केसरदेवी उथरा, वंतीदेवी चोपड़ा, अमीरीदेवी गुलाटी, आशादेवी कालरा, दयावंती मल्होत्रा, संतोष उथरा ,लक्ष्मीदेवी गेरा आदि वरिष्ठ माताओं का सम्मान कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। समिति अध्यक्ष लवलीन कालरा, सचिव ऊषा खंडूजा और पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता शर्मा द्वारा घर में बुजुर्गो का होना महत्वपूर्ण क्यों है इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रेखा गेरा, सहसचिव मंजु उत्तराधि, आशा टक्कर, वीरनावली मल्होत्रा, पुष्पा टक्कर, अनिता मल्होत्रा, सरिता कालरा, रेखा मल्होत्रा, अनिता चोपड़ा, दया मल्होत्रा, मुक्ता कालरा, रजनी गुलाटी, कृष्णा नागपाल, रीना गेरा, कंचन उथरा, संतोष छाबड़ा, सीमा मल्होत्रा, केसरदेवी वधवा, प्रीति उथरा, मंजु गेहलोत्रा, सीता गेरा, दया गेरा आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी दीप्ति मल्होत्रा द्वारा दी गई।

जन अभियान परिषद की भुमिका एवं जन जागरूकता विषय पर चर्चा



तराना। सेवा संकल्प अभियान -2026 अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड तराना मे नवांकुर संस्था देशोत्थान शिक्षा समिति एवं निलकंठेश्वर समाज कल्याण समिति तथा नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम मे अतिथि ईस्कान मंदिर से पधारे गुरू गीरी शर्मा शासकीय शिक्षक आनन्द सौलंकी बजरंग दल पुर्व सह संयोजक सत्यनारायण शर्मा विश्व हिन्दू परिषद प्रांत परावर्तन प्रमुख प्रताप भाटी मोहन शर्मा समाज सेवी नन्दराम जाट अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन करते हुए बताया गया की स्वच्छ भारत से स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत की कल्पना को साकार करने के लिए जन अभियान परिषद की भुमिका एवं जन जागरूकता विषय पर चर्चा की गई वर्तमान सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानो मे समाज की सक्रीय भागीदारी हो कार्यक्रम मे स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता कमीयो का सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया गया।

संगीत साधना को मिला राष्ट्रीय सम्मान : चौहान को मानद डॉक्टरेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय रचनात्मक योगदान और उपलब्धियों के लिए नागदा के अभिषेक सिंह चौहान को नई दिल्ली में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में यूनिवर्सल मानद पुरस्कार परिषद द्वारा मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में बॉलीवुड अभिनेता मनोज बक्शी ने उन्हें सम्मान प्रदान किया। मनोज बक्शी गदर-2 और बजरंगी भाईजान सहित कई चर्चित फिल्मों में अपने अभिनय के लिए जाने जाते हैं।

अभिषेक सिंह चौहान लंबे समय से संगीत के क्षेत्र में सक्रिय हैं और मिड टाउन म्यूजिक के माध्यम से अपने संगीत एवं रचनात्मक कार्यों को प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने भक्ति संगीत सहित विभिन्न संगीत विधाओं में कार्य किया है। इसके साथ ही स्वतंत्र संगीत निर्माण के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। जिसके लिए पूर्व में अभिषेक को भारत गौरव सम्मान भी मिल चुका है,

मानद डॉक्टरेट से सम्मानित होने पर अभिषेक सिंह चौहान ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण और भावनात्मक क्षण बताया। उन्होंने यूनिवर्सल मानद पुरस्कार परिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें संगीत और रचनात्मक क्षेत्र में और अधिक मेहनत करने, नए प्रयोग करने तथा बेहतर कार्य प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करेगा।

सम्मान समारोह के दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा में अपनी संगीत यात्रा, रचनात्मक कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की।

व्यसन के खिलाफ गायत्री परिवार ने निकाली जनजागरूकता रैली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



गांधी जयंती के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार ब्यावरा द्वारा व्यसन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर में जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर व्यसनमुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देना रहा।

इस दौरान गायत्री परिवार के परिजनों ने नशा भारत छोड़ो सहित विभिन्न जनजागरूकता नारों व तख्तियों के माध्यम से नागरिकों को व्यसन से दूर रहने का संदेश देकर व्यसन मुक्ति पुस्तकों का वितरण किया। रैली में भाई-बहनों एवं कार्यकताओं ने सहभागिता कर व्यसनमुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, इसलिए इसके विरुद्ध सामूहिक जनजागरण आवश्यक है। गायत्री परिवार द्वारा नागरिकों से व्यसनमुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, सत्यनारायण भट्ट, प्रवीण नामदेव, कुलदीप पंवार, प्रिंस आर्य, रमेश नामदेव, जगदीश नामदेव सहित गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बड़ौद में

प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा.वि. बड़ौद में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत की योजनानुसार प्रांत स्तरीय विज्ञान मेला एवं वैदिक गणित प्रतियोगिता का आयोजन रविवार तक किया गया।

इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत के शाजापुर, खण्डवा , खरगोन, इन्दौर, धार, मंदसौर, उज्जैन विभाग के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों से 386 छात्र/छात्राएं, संरक्षक आचार्य/दीदी एवं निर्णायक शिक्षको ने सहभागिता की। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सुन्दरलाल शर्मा, अध्यक्षता विजयकुमार जैन संस्था अध्यक्ष ने की। विशेष अतिथि सुरेन्द्र जोशी, राघवेन्द्र देराश्री, महेन्द्र चंदेल, नारायणसिंह मल्डावदिया एवं अध्यक्षता विजयकुमार जैन संस्था अध्यक्ष ने की ।

अतिथि परिचय रामकृष्ण सिसोदिया प्रधानाचार्य दुपाड़ा ने किया। अतिथि स्वागत राजीव जलखरे, दिलीप परमार एवं प्रज्ञा राजपूत ने किया। पश्चात मुख्य अतिथि सुन्दरलाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की भारत की जो संस्कृति है वो पुरातन एवं वैदिक काल की संस्कृति है विद्या भारती ने उस संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है हम आस्था और विश्वास करने वाले लोग है और बताया की हनुमान अंश फिल्म कि मुख्य भुमिका निभाने वाला व्यक्ति भी विद्या भारती का पुर्व छात्र है। एवं भैंया/बहिनों को संबोधित करते हुए कहा की हम सभी यहा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकत्रित हुए है।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय द्वारा नियुक्त स्थानीय निर्णायक मोहन लववंशी, संजय विश्वकर्मा , मोनु श्रीवास्तव, श्याम विश्वकर्मा, आशुतोष शर्मा , हितेश शर्मा, प्रहलाद प्रजापत , हितेश सोनी, अदिति तिवारी , ईश्वरसिंह आदी निर्णायक , समस्त आचार्य/दीदी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें। उद्घाटन सत्र का संचालन ईश्वर शर्मा ने किया एवं आभार मिलिन्द बाउस्कर प्रांत संयोजक ने माना।

5 लाख का अवैध मादक पदार्थ गांजा व 6 लाख की कार सहित आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

जिला राजगढ़ में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस टीम ने 50.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार सहित कुल 11 लाख रु कीमत का माल जप्त किया है।

थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति कार क्रमांक एचआर 03 एन 9967 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ब्यावरा से राजगढ़ की ओर आ रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया ने पुलिस टीम गठित कर दण्ड जोड़ के पास रवाना किया, जहां पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग प्रारंभ की। कुछ समय पश्चात उक्त कार राजगढ़ की ओर आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर कार चालक ने वाहन रोककर गेट खोलकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।



50.860 किलोग्राम गांजा बरामद

पुलिस टीम ने उक्त कार की तलाशी लेने पर कार की डिक्की एवं सीट के पीछे रखे कट्टों से कुल 50.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रु है। साथ ही गांजा परिवहन में प्रयुक्त मारुति कार क्रमांक एचआर 03 एन 9967 जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख रु को जब्त किया।

दुर्गा उत्सव को लेकर महिदपुर में पुलिस-आरएएफ का फ्लैग मार्च

महिदपुर। आगामी दुर्गा उत्सव को देखते हुए नगर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और आरएएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। मार्च थाना परिसर से शुरू होकर अयोध्या बस्ती चौराहा, अंबेडकर चौराहा, राजेंद्र मार्ग, चौक बाजार, किशनगंज दरवाजा, घाटी मोहल्ला, बैरजाली, दिलदारपुरा, यादव मोहल्ला, मोती मस्जिद एवं रामलीला मैदान सहित प्रमुख मार्गों से गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान निगरानी गुंडों की चेकिंग कर उन्हें माहौल खराब नहीं करने की चेतावनी दी गई। वहीं दुर्गा उत्सव आयोजकों को शासन के निदेर्शों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन करने की समझाइश दी गई।

हाईस्कूल बापचा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया



बडौद। सहअस्तित्व इको क्लब शासकीय हाईस्कूल बापचा द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया। इको क्लब प्रभारी प्रयोगशाला सहायक दशरथ सिंह परिहार के संयोजन में संस्था प्रभारी प्राचार्य कैलाश भावसार, शिक्षक सुनील कुमार जोशी , कालूराम दांगी, तृप्ति श्रृंगी ने बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई की । साथ ही विद्यालय के कक्षा कक्ष, मैदान और प्रांगण तथा अपने घर और आसपास की स्वच्छता बनाए रखने, पेड़ पौधों के संरक्षण आदि कार्यों में सहयोग की शपथ ली । इस अवसर पर यूथ क्लब प्रभारी तृप्ति श्रृंगी के मार्गदर्शन में एक स्वच्छ भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें रवीना कुंवर , वर्षा कुंवर , दिव्या कुंवर, कोमल कुंवर, जसपाल सिंह आदि छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।

बडौद में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



बडौद। मध्य प्रदेश सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर में आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम के जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर हितग्राहियों से संवाद किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती रमेशकुंवर परिहार, पार्षद श्रीमति राधा कमलेश जैन एवं पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण लववंशी ने आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने हिग्राहियो से आत्मीय संवाद करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों एवं व्यवस्थाओ की जानकारी ली। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 6-7-8 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा शर्मा, बसंती लववंशी, शाहीन परवीन और सहायिकाओं का भी सम्मान किया गया साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चों को फल वितरित कर उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र पर रंगोली से आकर्षक चित्र भी बनाए गए।

विद्यालयों की समस्याओं एवं संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

■ प्राइवेट स्कूल संचालकों का सम्मेलन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



अवंतिका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, तराना के तत्वावधान में तराना, माकड़ौन एवं कायथा क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों का संचालक सम्मेलन स्थानीय शर्मा परिसर, तराना में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विद्यालयों की विभिन्न समस्याओं, मान्यता संबंधी प्रक्रियाओं, आरटीई की राशि के भुगतान सहित निजी विद्यालयों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में उपस्थित संचालकों ने विद्यालय संचालन में आ रही विभिन्न परेशानियों, मान्यता संबंधी कागजी पूर्तियों एवं आरटीई की राशि के भुगतान से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखा तथा अतिथियों से इन समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तराना विधायक महेश परमार उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अवंतिका प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, उज्जैन के जिला अध्यक्ष महेश जायसवाल ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बजरंग सिंह तोमर, बीईओ/बीआरसी तराना, जिला संरक्षक जितेन्द्र निगम, जिला संयोजक जितेन्द्र शिंदे, तराना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कप्तानसिंह पंवार, मनीष रावल,देवेंद्र सिंह चौहान,राकेश पांडे, संजय सिंह ठाकुर, सावन सोनी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारोड़, संगठन के माकड़ौन तहसील अध्यक्ष राजेश मेहता सहित अन्य अतिथियों गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन गंगाराम मालवीय ने माना।

निजी विद्यालय शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि निजी विद्यालय शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। विद्यालय संचालकों की समस्याओं का उचित समाधान तथा शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण के लिए आपसी संवाद, सहयोग एवं संगठनात्मक एकजुटता आवश्यक है। संचालकों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा निजी विद्यालयों से जुड़े विषयों को सामूहिक रूप से प्रभावी ढंग से उठाने पर भी विचार-विमर्श किया।

इलॉन मस्क का भारतीय मूल की गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क का उनकी भारतीय मूल की गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया है। न्यूरालिंक की एग्जीक्यूटिव शिवॉन जिलिस ने मस्क के साथ ब्रेकअप होने की पुष्टि की है। दोनों के साथ में 4 बच्चें हैं। उन्होंने पोस्ट कर बताया कि मस्क ने एक हफ्ते पहले ही आई लव यू कहा था लेकिन उन्होंने अचानक ब्रेकअप कर लिया। उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी पहले से कोई वॉर्निंग नहीं मिली थी।

जिलिस ने कहा- मैं इस ब्रेकअप से दुखी हूं, लेकिन मस्क की अब भी बहुत परवाह करती हूं। मैं चाहूंगी कि वे हमेशा खुश रहें। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों आगे भी अच्छे दोस्त रहेंगे और अपने बच्चों की साथ में परवरिश करेंगे। शिवॉन जिलिस और इलॉन मस्क के 4 बच्चे हैं। इनमें जुड़वां बच्चे स्ट्राइडर और एज्योर, बेटी अर्कोडिया और बेटा सेल्डन लाइकर्गस शामिल हैं। मस्क ने 2021 में जुड़वां बच्चों के जन्म की जानकारी दी थी। वहीं, अर्कोडिया का जन्म 2024 में हुआ था।

इसके बाद जिलिस ने 28 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चौथे बच्चे सेल्डन लाइकर्गस के जन्म की जानकारी दी थी। हालांकि, उन्होंने बच्चे की सटीक जन्म तारीख नहीं बताई थी। सेल्डन इलॉन मस्क का 14वां बच्चा है। इलॉन मस्क 2 शादियां कर चुके हैं। जस्टिन विल्सन और तालुलाह रिले उनकी पत्नियां रहीं, जबकि एम्बर हर्ड, ग्रिम्स और शिवॉन जिलिस के साथ उनके रिश्ते चर्चा में रहे हैं। 1990 के दशक में कनाडा की क्वीन्स यूनिवर्सिटी में फिजिक्स की पढ़ाई के दौरान मस्क की मुलाकात इंग्लिश लिटरेचर की स्टूडेंट जस्टिन विल्सन से हुई। दोनों ने कई साल डेटिंग के बाद जनवरी 2000 में शादी की।

एवरेस्ट जीरा पाउडर सैंपल टेस्ट में 'अनसेफ' निकला

एफएसएसएआई ने वापस मंगाने का आदेश दिया; क्रिएटिव बेकर्स का लाइसेंस भी सस्पेंड किया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्री-पैक्ड जीरा पाउडर के एक बैच को बाजार से वापस मंगवाने का आदेश जारी किया है।

इसके अलावा कंज्यूमर हेल्थ से जुड़े उल्लंघन के एक अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए ञ्चरअक ने मेसर्स क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एवरेस्ट के खिलाफ यह कदम लैब जांच में तय सीमा से ज्यादा पेस्टिसाइड यानी कीटनाशक अवशेष मिलने के बाद उठाया गया है, जबकि बेकरी पर साफ-सफाई, स्वच्छता और फूड सेफ्टी में कई गंभीर खामियां मिलने पर यह कार्रवाई हुई है।

FSSAI ने एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स के प्री-पैक्ड जीरा पाउडर को लेकर रिकॉल ऑर्डर जारी किया है। इंस्पेक्शन के लिए सैंपल गोवा स्थित मेसर्स रिवरसाइड रिसॉर्ट्स एंड हॉलीडे होम्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर से लिया गया था। फूड एनालिस्ट की रिपोर्ट में प्रोडक्ट के अंदर एजॉक्सीस्ट्रोबिन और थियामेथोक्सम नाम



के पेस्टिसाइड अवशेष तय अधिकतम सीमा से ज्यादा पाए गए। फूड एनालिस्ट ने सैंपल को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट-2006 के तहत अनसेफ यानी असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद कंपनी को रिपोर्ट को चुनौती देने का मौका दिया गया।

अपील प्रक्रिया के तहत सैंपल को आगे की जांच के लिए 'रेफरल फूड लेबोरेटरी' भेजा गया। रेफरल लैब ने भी कंफर्म किया कि सैंपल असुरक्षित है और दोनों कीटनाशक तय मानकों से ज्यादा मात्रा में मौजूद हैं। जांच रिपोर्ट की पुष्टि के बाद ञ्चरअक ने निर्देश दिया है कि प्रभाव में आए प्री-पैक्ड जीरा पाउडर के बैच नंबर ए080668761 को बाजार से तुरंत वापस लिया जाए। कंपनी को इस वापस मंगवाए गए प्रोडक्ट का पूरा डॉक्यूमेंटेशन बनाए रखने और तय समय-सीमा के भीतर रिकॉल की जानकारी व स्टेटस रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

क्रिएटिव बेकर्स का लाइसेंस सस्पेंड; गंदगी, धूल और मक्खियां मिलीं

वहीं FSSAI ने मेसर्स क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स के फूड परिसर की टेस्टिंग के दौरान पाई गई गंभीर अनियमताओं के बाद कंपनी का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है। टेस्टिंग टीम को फूड प्रोडक्शन और हैंडलिंग एरिया में गंदगी, ग्रीस, धूल, मकड़ी के जाले और मक्खियां मिलीं। इसके अलावा खराब होने वाले कच्चे माल को खुले में रखा गया था।

जांच में सामने आया कि कच्चे और सेमी-फिनिश्ड प्रोडक्ट को रखने के लिए जंग लगे और ठीक से साफ नहीं किए गए कंटेनरों का इस्तेमाल हो रहा था। परिसर में मक्खियों को रोकने, चूहों को कंट्रोल करने के सही इंतजाम नहीं थे और खिड़कियों में इंसेक्ट-प्रूफ मेश यानी जाली नहीं लगी थी। इंस्पेक्शन के दौरान देखा गया कि जहां खाना तैयार किया जाता था, वहीं कचरा, पुराना स्टॉक, रिजेक्टेड माल और कबाड़ (स्क्रैप) जमा था। इतना ही नहीं, जंग लगे इक्विपमेंट्स, उखड़ता हुआ पेंट, सीलन और टूटी हुई फ्लोर टाइल्स ने बेकरी में हाइजीन की स्थिति को और गंभीर बना दिया।

सभी बिजनेस गतिविधियों पर रोक

बेकरी के अनिवार्य फूड सेफ्टी रिकॉर्ड्स के रख-रखाव में भी गंभीर खामियां पाईं। पानी और फिनिश्ड प्रोडक्ट की टेस्टिंग, टाइम-टेंपरेचर मॉनिटरिंग, इक्विपमेंट कैलिब्रेशन, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, मॉक रिकॉल, कंज्यूमर कंप्लेंट, कर्मचारियों की ट्रेनिंग और ऑडिट से जुड़े रिकॉर्ड्स ठीक से नहीं रखे गए थे। इसके बाद कंपनी का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया और निलंबन की अवधि तक सभी फूड बिजनेस गतिविधियों को तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया है। **फूड** रिकॉलः जब कोई फूड प्रोडक्ट फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड्स पर खरा नहीं उतरता या हेल्थ के लिए हानिकारक पाया जाता है, तो ञ्चरअकउस पूरे बैच को बाजार, दुकानों और सप्लाई चेन से तुरंत हटाने का कानूनी आदेश देती है। अनसेफः फूड सिक्योरिटी एक्ट-2006 के तहत अगर किसी फूड प्रोडक्ट में विषैले तत्व, तय सीमा से ज्यादा केमिकल/पेस्टिसाइड या हेल्थ को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया मिलते हैं, तो उसे 'अनसेफ' माना जाता है।

जेन्सेन हुआंग की नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर पार

दुनिया के 7वें सबसे अमीर बने, वजह- एनवीडिया के शेयर ने ऑल-टाइम हाई बनाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी अक चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया कॉरपोरेशन के को-फाउंडर और उएड जेन्सेन हुआंग की कुल नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। एनवीडिया के शेयर के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचने के बाद उनकी नेटवर्थ में यह उछाल आया।

फोर्ब्स रियल-टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के मुताबिक, शुक्रवार सुबह हुआंग की संपत्ति



बढ़कर लगभग 203.2 बिलियन यानी करीब 19.5 लाख करोड़ रुपए हो गई। इस बढ़त के साथ वह दुनिया के 7वें सबसे अमीर इंसान बन गए हैं। शुक्रवार के कारोबारी सेशन में एनवीडिया का शेयर 237 डॉलर के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। जिससे हुआंग की संपत्ति में एक ही दिन में 3.4 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। हालांकि, बाद में शेयर ऊपरी स्तरों से थोड़ा फिसलकर करीब 1.3% की तेजी के साथ 233.95 डॉलर पर बंद हुआ। जेन्सेन हुआंग ने 1993 में एनवीडिया की स्थापना की थी और उनके पास कंपनी की लगभग 4% हिस्सेदारी है। अक में इस्तेमाल होने वाले चिप्स की बढ़ती ग्लोबल डिमांड के कारण एनवीडिया दुनिया की सबसे वैल्यूएबल पब्लिकली ट्रेडेड कंपनी बन चुकी है। इसी के साथ हुआंग की संपत्ति में भी जबरदस्त उछाल आया है।

रिलायंस 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रिलायंस आंध्र प्रदेश में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस प्रोजेक्ट से राज्य में 3 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां मिलेंगी और आने वाले समय में आंध्र प्रदेश सरकार को लगभग 60,000 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिलेगा।

कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने आज यानी 2 अक्टूबर को मदनपल्ले में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। वे 'रायलसीमा हॉर्टिकल्चर हब' और 'इंडियन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर' के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में बोलते हुए अनंत अंबानी ने कहा कि हमारे किसान जो भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, अब वे देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेंगे और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएंगे। अनंत अंबानी ने बताया कि रायलसीमा क्षेत्र में ?40,000 करोड़ के निवेश से 'रायलसीमा हॉर्टिकल्चर हब' स्थापित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में टेक्नोलॉजी-ड्रिवन (तकनीक आधारित) बागवानी और खेती को बढ़ावा देना है।

Sport

एशियाड में 23 ने 2-2 मेडल जीते; क्रिकेट, कबड्डी और हॉकी में डबल गोल्ड

5 भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल की हैट्रिक लगाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स में भारत का अभियान समाप्त हो चुका है। जापान में 16 दिन चले गेम्स में भारत चौथे स्थान पर रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज सहित 85 मेडल दिलाए। 5 खिलाड़ियों ने मेडल की हैट्रिक लगाई, जबकि 23 खिलाड़ियों ने 2-2 मेडल जीते। क्रिकेट, कबड्डी और हॉकी की पुरुष-महिला टीमों ने गोल्ड जीते।

एशियन गेम्स 2026 में भारत का अभियान पूरा हो चुका है। आखिरी दिन घुड़सवारी के दो गोल्ड मेडल इवेंट हैं लेकिन इनमें कोई भारतीय खिलाड़ी शिरकत नहीं कर रहा है। भारत ने जापान के आइची-नागोया में 21 गोल्ड सहित कुल 85 मेडल जीते हैं।

एशियन गेम्स 2026 में भारत का अभियान पूरा हो चुका है। आखिरी दिन घुड़सवारी के दो गोल्ड मेडल इवेंट हैं



लेकिन इनमें कोई भारतीय खिलाड़ी शिरकत नहीं कर रहा है। भारत ने जापान के आइची-नागोया में 21 गोल्ड सहित कुल 85 मेडल जीते हैं। उज्बेकिस्तान ने भी भारत के बराबर ही गोल्ड जीते हैं लेकिन ज्यादा सिल्वर के आधार पर भारत चौथे स्थान पर है। रविवार को अगर उज्बेकिस्तान कोई गोल्ड नहीं जीतता है तो भारत चौथे स्थान पर ही फिनिश करेगा। भारत ने इस बार लड़कियों के इवेंट में 11 तो लड़कों के इवेंट में 7 गोल्ड जीते। 3 गोल्ड मिक्स्ड इवेंट में आए। इससे पहले 2002 में बुसान में हुए एशियन गेम्स में भारत की लड़कियां आगे रही थीं। तब भारत ने लड़कियों के इवेंट में 6 और लड़कों के इवेंट में 5 गोल्ड जीते थे।

रेसलिंग में बेहतर हुआ प्रदर्शन, शूटिंग में पिछड़े

भारत ने 2023 में चीन के ग्वांगझू में हुए एशियन गेम्स में 28 गोल्ड के साथ 106 मेडल जीते थे। तब भारत ने शूटिंग में 7 और एथलेटिक्स में 6 गोल्ड जीते थे। इस बार शूटिंग में 3 और एथलेटिक्स में 1 ही गोल्ड आया। यानी इन दो खेलों में ही भारत को 9 गोल्ड का नुकसान हो गया। भारत ने पिछली बार स्कॉश में 2 और टेनिस, बैडमिंटन और घुड़सवारी में 1-1 गोल्ड जीता था। इन खेलों में इस बार भारत को कोई गोल्ड नहीं मिला। बॉक्सिंग और रेसिलिंग में अच्छे प्रदर्शन ने कुछ हद तक गोल्ड में कमी की भरपाई की है। पिछली बार भारत को इन दोनों खेलों में एक भी गोल्ड नहीं मिला था।

वनडे ट्राई-सीरीज से असलंका बाहर

कोलंबो। श्रीलंका ने पाकिस्तान में होने वाली वनडे ट्राई-सीरीज के लिए चरिथ असलंका को टीम से बाहर कर दिया है। पाथुम निसांका की टीम में शामिल होने की स्थिति उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार को एक्स पर टीम का ऐलान किया। कुसल मेंडिस ट्राई-सीरीज में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। वनडे ट्राई-सीरीज 18 से 31 अक्टूबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी। इसमें श्रीलंका, पाकिस्तान और इंग्लैंड की टीमें हिस्सा लेंगी।

350 रन बनाने के बावजूद तीसरी बार हारा भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वेस्टइंडीज ने भारत को तीसरे वनडे में 5 विकेट से हरा दिया। न्यू चंडीगढ़ में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 351 रन बनाए थे। इसके बावजूद उसे हार झेलनी पड़ी। यह तीसरा मौका है, जब टीम 350+ रन बनाकर भी हार गई। शनिवार को वेस्टइंडीज ने 48.2 ओवर में टारगेट हासिल किया। यह टीम का वनडे में सबसे बड़ा सफल रनचेज भी है।

रोहित शर्मा बतौर ओपनर सबसे तेज 10 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। रोहित शर्मा ने वनडे में ओपनर के तौर पर 10 हजार रन पूरे किए।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालय गेस्ट हाउस
महाकाल मंदिर के सामने, बैंक ऑफ इंडिया के पास
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

नैनो न्यूज

- **एशियन गेम्स 2026 का समापनः** जापान के आईची-नागोया में चल रहे 20वें एशियन गेम्स का आज शानदार समापन हो गया. इस बार खेलों में कई वर्ल्ड रिकॉर्ड बने और अब अगली मेजबानी का झंडा दोहा (2030) को सौंप दिया गया है.
- **एशियन गेम्स में भारत चौथे स्थान परः** भारतीय दल ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 85 मेडल के साथ मेडल टैली में चौथा स्थान हासिल किया है.
- **एशियन गेम्स क्रिकेट में भारत को गोल्डः** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने फाइनल मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रनों से हराकर एशियन गेम्स का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया.
- **महिला हॉकी में भारत की ऐतिहासिक जीतः** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को 1-0 से हराकर एशियन गेम्स का गोल्ड मेडल जीता और 44 साल का सूखा खत्म किया.
- **तीरंदाजी में कुमकुम का कमालः** तीरंदाजी में भारत की कुमकुम ने दक्षिण कोरिया के चार दशकों के दबदबे को तोड़ते हुए महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता.
- **रेसलिंग में अमन सहरावत चमकेः** भारत के 23 वर्षीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार दांव-पेंच दिखाते हुए उत्तर कोरिया के विश्व चैंपियन चोंग सोंग हान को 11-7 से हराकर पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में गोल्ड मेडल जीता.

सऊदी अरब के घुड़सवार ने जीता आखिरी गोल्ड, देखिए फाइनल मेडल टैली

एशियाड की क्लोजिंग सेरेमनी में नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियन गेम्स 2026 का समापन हो गया है। रविवार को जापान के नागोया सिटी स्थित मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी हुई। इसमें भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा।

इससे पहले सऊदी अरब के घुड़सवार हमद अलदुहामी ने गेम्स का आखिरी गोल्ड मेडल जीता। अब अगला एशियन गेम्स 2030 में कतर की राजधानी दोहा में खेला जाएगा। एशियन गेम्स 2026 का आखिरी गोल्ड मेडल सऊदी अरब के घुड़सवार हमद अलदुहामी ने जीता। वे घुड़सवारी के शो जम्पिंग इवेंट में चैंपियन बने। उन्हीं के देश के अब्दुलरहमान बदर एम अलराजही को सिल्वर और कतर के मोहम्मद बासेम को ब्रॉन्ज मिला। थाईलैंड के एथलीट बूनसोन पुरिपोल और चीन की 13 साल की तैराक यू जिदी को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर अवॉर्ड दिया। बूनसोन ने पुरुषों की 100 मीटर रेस में सेमीफाइनल में 9.91 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड बनाया। फाइनल में उन्होंने 9.90 सेकंड के समय के साथ गोल्ड जीता।

फिर 200 मीटर के सेमीफाइनल में 20.10 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड बनाया। फाइनल में 19.88 सेकंड के साथ गोल्ड जीता। उनका समय एशियन रिकॉर्ड की बराबरी वाला रहा।

यू जिदी ने महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई में 2:05.08 के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 2:06.10 का एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 4:28.56 के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता।

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

मोहनपुरा में गौकशी के तीन आरोपी गिरफ्तार

झाबुआ। मोहनपुरा इलाके में कथित गौकशी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने इन आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें कोर्ट में पेश किया। यह घटना 1 अक्टूबर 2026 की है। गौकशी की सूचना मिलने पर थाना कोतवाली में गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने घटनास्थल का दौरा कर तुरंत गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

राजगढ़ में 16 वर्षीय किशोर से यौन अपराध

धार। जिले के राजगढ़ में 16 वर्षीय किशोर से यौन अपराध का मामला सामने आया है। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर की रात किशोर किसी काम से बाहर जा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने उसे अपने घर बुलाया। आरोप है कि घर के अंदर ले जाने के बाद आरोपी ने किशोर के साथ जबरन यौन अपराध किया। घटना की फोटो खींचने और किसी को जानकारी देने पर धमकाने का भी आरोप है।

खड़े ट्राले में घुसा ट्रेलर, क्लीनर की मौत

धार। जिले के सरदारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट हाईवे-35 सरदारपुर-भैंसोला मार्ग पर शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात मौलाना फाटे से कुछ दूरी पर एचपी पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। तीन भारी वाहन हादसे की चपेट में आ गए। हादसे में एक क्लीनर की मौत हो गई, जबकि चालक और परिचालक घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सड़क किनारे खड़ा ट्राला करीब 30 फीट दूर तक घसीटता चला गया। तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक कंटेनर पुलिया के पास लटक गया।

झाबुआ उपचुनाव में आप -कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जीते



जिला पंचायत वार्ड 6 में कमलेश सिंगाड़ पलासडोर में चैनसिंह डामोर विजयी

झाबुआ। झाबुआ जिले के उपचुनावों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिला पंचायत वार्ड 6 में आप के कमलेश सिंगाड़ ने पहली बार पार्टी का खाता खोला। थांदला की पलासडोर पंचायत के सरपंच पद पर कांग्रेस समर्थित चैनसिंह डामोर विजयी रहे। जिला पंचायत वार्ड 6 में कमलेश सिंगाड़ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 474 वोटों से हराया। उन्हें 8,133 वोट मिले। भाजपा के धर्मेश सोलंकी को 7,659, कांग्रेस के दिनेश वसुनिया को 7,578, आप पार्टी के रामू हटीला को 882 वोट मिले; 504 ने नोटा चुना। पलासडोर पंचायत के सरपंच पद पर कांग्रेस समर्थित चैनसिंह डामोर को 1125 वोट मिले। भाजपा समर्थित रामसिंह डामोर को 670, मसूल डामोर को 487, जयस पार्टी के सनू डामोर को 193 वोट मिले, 10 ने नोटा दबाया।

नैनो न्यूज

- **दीपावली पटाखा बाजार के किराये पर विवाद-** इंदौर में दीपावली पटाखा बाजार की दुकानों के किराये को लेकर व्यापारी संघ ने सवाल उठाए। दुकानदारों ने किराया निर्धारण में पारदर्शिता और उचित दरों की मांग की।
- **दूध महंगा, घरेलू बजट पर असर-** इंदौर में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू बजट प्रभावित हुआ। दूध की नई दरों के चलते उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के खर्च में अतिरिक्त राशि चुकानी पड़ रही है।
- **औद्योगिक विस्तार के लिए निवेश-** इंदौर के मोहना इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक जमीन खरीदने के लिए 18 करोड़ रुपये का समझौता हुआ। इससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों और उत्पादन विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।
- **सराफा चौपाटी के दुकानदारों को राहत-** इंदौर की सराफा नाइट चौपाटी के विक्रेताओं को न्यायालयीन फैसले से राहत मिली। दुकानदारों को कारोबार जारी रखने की उम्मीद जगी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों में नई संभावना बनी है।
- **छावनी में सड़क चौड़ीकरण से कारोबार प्रभावित-** इंदौर के छावनी चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई से दुकानदारों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर असर पड़ा। क्षेत्र के व्यापारियों को आवागमन और ग्राहकों की आवाजाही में बदलाव की चिंता है।
- **जावरा कंपाउंड की संपत्ति बेचने का निर्णय-** इंदौर के जावरा कंपाउंड स्थित अचल संपत्ति बेचने के प्रस्ताव को कंपनी के बोर्ड ने मंजूरी दी। संपत्ति की बिक्री से जुड़े अगले कदमों पर अब कारोबारी जगत की नजर रहेगी।

इंदौर शहर में लगातार हो रहे अग्नि सुरक्षा निरीक्षण के बीच नगर निगम ने कनाड़िया रोड क्षेत्र में की बड़ी कार्रवाई

फायर सेफ्टी जांच के दौरान 4 भवन सील, इंतजाम में मिली कमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर में लगातार हो रहे अग्नि सुरक्षा निरीक्षण के बीच नगर निगम ने कनाड़िया रोड क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। निगम की टीम ने शनिवार को क्षेत्र के अलग-अलग व्यावसायिक और संस्थागत भवनों का निरीक्षण किया।

इस दौरान अग्नि सुरक्षा के जरूरी इंतजाम पर्याप्त नहीं मिलने पर 4 भवनों को सील कर दिया गया। इन भवनों में बैंक, मेडिकल स्टोर, डॉक्टरों के क्लिनिक, ऑफिस, जिम, सैलून और प्ले स्कूल जैसी गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यानी इन परिसरों में रोजाना बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही थी।

इन भवनों पर हुई कार्रवाई- निगम के निरीक्षण में पहले भवन में एक्सिस बैंक, होम्योपैथिक क्लिनिक, मेडिकल स्टोर और दो ऑफिस संचालित मिले।



दूसरे भवन में इक्विटस फाइनेंस बैंक, अपोलो फार्मेसी, 5 डॉक्टरों के क्लिनिक, सेटिन क्रेडिट नेटवर्क का कार्यालय और संपदा ऑफिस मिला।

तीसरे भवन में कोटक महिंद्रा बैंक, बीएसएफ जिम, डॉ. मंजू पाटीदार का क्लिनिक, समीर हेयर सैलून और लिटिल मिलेनियम प्ले स्कूल संचालित था।

चौथे भवन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, 4 डॉक्टरों के क्लिनिक, 4 चार्टर्ड अकाउंटेंट के ऑफिस और 4 अन्य डॉक्टरों के क्लिनिक संचालित पाए गए।

फायर सेफ्टी इंतजामों में कमी मिली

नगर निगम के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान इन भवनों में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं मिलीं। भवनों में संचालित गतिविधियों और लोगों की आवाजाही को देखते हुए निगम ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सीलिंग की कार्रवाई की। यह कार्रवाई आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश और अपर आयुक्त प्रखर सिंह के निर्देशन में की गई।

निगम की सभी भवन संचालकों से नियमित जांच की अपील

नगर निगम ने व्यावसायिक, संस्थागत, बहुमंजिला और सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों के मालिकों और संचालकों से अपने यहां अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की नियमित जांच कराने की अपील की है। निगम ने विशेष रूप से फायर फाइटिंग सिस्टम, अग्निशमन उपकरण, फायर अलार्म, आपातकालीन निकास, फायर एग्जिट और अग्निशमन के लिए पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त रखने को कहा है।

गलत नजर रखते थे, कई बार अश्लील हरकत कर चुके, अति हो गई तो मार दिया

पोती ने क्रिकेट बैट से किया दादा का मर्डर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 20 साल की कॉलेज छात्रा ने शनिवार देर रात अपने 75 वर्षीय दादा के सिर पर क्रिकेट बैट से हमला कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में छात्रा ने अपने दादा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि दादा उस पर गलत नजर रखते थे। कई बार अश्लील हरकतें कर चुके, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया।

घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा शनिवार रात बुलेट से अपने दादा-दादी के घर आई थी और वहीं रुक गई। रात में किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद युवती ने क्रिकेट बैट उठाकर दादा के सिर पर कई वार किए। जब मृतक की पत्नी ने उन्हें खून से लथपथ देखा तो चीख-पुकार मचाई। परिजन तुरंत उन्हें अरविंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



पुलिस के मुताबिक, दादा एसएएफ से रिटायर थे। वह पत्नी के साथ अलग रहते थे, जबकि छात्रा (पोती) अपने माता-पिता के साथ महालक्ष्मी नगर में रहती है। पुलिस की पूछताछ में छात्रा ने बताया कि उसके दादा काफी समय से उस पर बुरी नीयत रख रहे थे और अश्लील हरकतें कर रहे थे। लोक-लाज और परिवार की बदनामी के डर से उसने यह बात किसी को नहीं बताई थी, लेकिन जब पानी सिर से ऊपर चला गया तो उसने दादा की हत्या कर दी।

पोती के आरोपों की जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। डीसीपी नरेंद्र रावत के अनुसार, युवती ने अपने दादा पर अश्लील हरकत करने के आरोप लगाए हैं। इसकी जांच की जा रही है। मामले की तह तक पहुंचने और हत्या की वास्तविक परिस्थितियों को समझने के लिए छात्रा से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की जा रही है।

सेना में जाना ही देश सेवा नहीं : चीफ एडवाइजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अगर किसी युवा की इच्छा सेना में जाने की है, लेकिन वह भर्ती नहीं हो पाता है, तो उद्यमिता दूसरा रास्ता हो सकता है। स्टार्टअप शुरू कर डिफेंस सेक्टर के लिए ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी विकसित कर सकते हैं। यह बात एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में लघु उद्योगों के चीफ एडवाइजर और पूर्व डीआरडीओ वैज्ञानिक जितेंद्र सिंह ने कही। वे लघु उद्यम समागम 2026 में शामिल होने इंदौर पहुंचे थे।

उन्होंने युवाओं को बिजनेस शुरू करने के मंत्र बताए। उन्होंने कहा- आज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में सिर्फ बड़े उद्योगों की ही भूमिका नहीं है। छोटे और मध्यम उद्योगों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए भी सप्लाई चेन में शामिल होने के अवसर मौजूद हैं। चीफ एडवाइजर जितेंद्र सिंह ने कहा- देश के लाखों युवा सेना में जाने का सपना देखते हैं। कुछ भर्ती प्रक्रिया में सफल नहीं हो पाते, तो कुछ उम्र, मेडिकल या अन्य कारणों से चूक जाते हैं। हालांकि, देश की सुरक्षा में योगदान देने के रास्ते यहीं खत्म नहीं होते। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग ऐसा क्षेत्र है, जहां युवा उद्यमी सेना के लिए जरूरी उत्पाद और तकनीक विकसित कर सकते हैं। सिंह ने बताया कि एक बड़े डिफेंस सिस्टम में सैकड़ों-हजारों छोटे पार्ट्स और उपकरण शामिल होते हैं। पूरा टैंक, विमान या ड्रोन बनाना जरूरी नहीं है। किसी एक हिस्से का बेहतर निर्माण भी बड़े उद्यम की शुरूआत बन सकता है। जितेंद्र सिंह ने आगे बताया- ड्रोन डिफेंस सेक्टर में तेजी से इस्तेमाल होने वाली तकनीकों में शामिल है। इस क्षेत्र में काम करने का मतलब सिर्फ पूरा ड्रोन बनाना नहीं है।

महिला के गले से चेन झपटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में राह चलती महिला के गले से सोने की चेन झपटने वाले दो बदमाशों और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की चेन और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा जब्त की है। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। डीसीपी नरेंद्र रावत के मुताबिक 2 अक्टूबर को महिला ने अन्नपूर्णा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह किराना दुकान से सामान लेकर पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से एक्टिवा पर आए दो युवकों ने झपट्टा मारकर उसके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए।

पुलिस ने महिला के आने-जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में दोनों आरोपी एक्टिवा से जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस के अनुसार बदमाशों ने पहचान छिपाने के लिए एक्टिवा पर रेडियम चिपका दिया था। इसके बावजूद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली और उनकी लोकेशन ट्रेस करते हुए उन तक पहुंची। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रणजीत हनुमान मंदिर में दर्शन करने गए थे। लौटते समय उन्हें महिला अकेली जाती दिखाई दी। महिला के गले में सोने की चेन देखकर दोनों ने उसका पीछा किया और मौका पाकर चेन झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अनुराग सुनहरे और अमित कोरी को गिरफ्तार किया है।

पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने वाला मेडिकल जांच के बाद भागा

बाइक बंद होते ही प्रधान आरक्षक को धक्का देकर हथकड़ी सहित भागा, पीछा कर पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के भागने का मामला सामने आया है। एमवाय अस्पताल से मेडिकल परीक्षण करवाकर लौटते समय मोटरसाइकिल बंद होने पर आरोपी अनुज मीणा ने प्रधान आरक्षक राजकुमार को धक्का दिया और हथकड़ी समेत अंधेरे में भाग गया। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे रात में ही पकड़ लिया। मामले में आरोपी के खिलाफ अभिरक्षा से भागने की एक और एफआईआर दर्ज की गई है।

संयोगितागंज थाने में दो दिन पहले अनुज मीणा निवासी ग्राम कोलारी, खातेगांव, जिला देवास, हाल मुकाम पंवार जिम के पास, पालदा ने स्कॉर्पियो नशे में चलाते हुए पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी थी। इस मामले में उसे साथी शिवम के साथ पकड़ा गया था। शनिवार को आरक्षक सत्येंद्र सिंह जादौन और प्रधान आरक्षक राजकुमार उसे मेडिकल जांच के लिए एमवाय अस्पताल ले गए थे।

रात करीब 12.30 बजे मेडिकल के बाद दोनों पुलिसकर्मी आरोपी को शासकीय मोटरसाइकिल से थाने लेकर लौट रहे थे। आरक्षक सत्येंद्र सिंह बाइक चला रहे थे, अनुज मीणा बीच में बैठा था और पीछे प्रधान आरक्षक राजकुमार बैठे थे।

एबी रोड पर एसबीआई बैंक के पास पहुंचने पर बाइक बंद हो गई। पुलिसकर्मी उसे चालू करने का प्रयास कर रहे थे, तभी अनुज ने मौके और अंधेरे का फायदा उठाया। उसने पीछे बैठे प्रधान आरक्षक राजकुमार को जोर से धक्का दिया और हथकड़ी के साथ भाग निकला। आरोपी के भागते ही पुलिसकर्मियों ने वायरलेस सेट पर सूचना दी और उसके पीछे लग गए। पुलिसकर्मियों ने रात में ही अनुज को पकड़ लिया।

अक्टूबर की शुरूआत में ही इंदौर में गर्मी का असर


तीन दिन से पारा 35 डिग्री के पार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अक्टूबर की शुरूआत के साथ मौसम में बदलाव की उम्मीद थी, इंदौर में दिन के तापमान ने गर्मी का असर बनाए रखा है। महीने के शुरूआती तीन दिनों में ही अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ है। रविवार को भी दोपहर तक तेज गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।

सामान्य से 1.9 डिग्री ज्यादा रहा दिन का तापमान- शनिवार को शहर में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.9 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री कम है। इस तरह दिन और रात के तापमान में 18.2 डिग्री का अंतर रहा। अक्टूबर के शुरूआती दिनों में तेज धूप के कारण दोपहर में गर्मी बढ़ रही है, जबकि रात में तापमान कम होने से ठंडक महसूस हो रही है। फिलहाल मौसम का यही दोहरा मिजाज बना हुआ है।

अगले दो दिन 37 डिग्री के पार जा सकता है पारा- पश्चिमी मध्यप्रदेश में 8 और 9 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि इंदौर में फिलहाल इससे दिन के तापमान में राहत मिलने के बजाय पारा बढ़ने का अनुमान है। अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है।



बारिश 12.7 इंच कम, रबी सीजन पर असर की आशंका

इस मानसून सीजन में इंदौर में सामान्य से कम बारिश हुई। 30 सितंबर तक शहर में करीब 590.1 मिमी यानी 23.2 इंच बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से करीब 12.7 इंच कम है। मानसून की विदाई के बाद बारिश की कमी पूरी होने की संभावना भी कम होती जा रही है। इसका असर फसलों और आगामी रबी सीजन की तैयारियों पर पड़ सकता है।

दिन में गर्मी, रात में ठंड का असर रहेगा

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई के साथ मौसम नए चरण में प्रवेश कर गया है। अक्टूबर में दिन के समय गर्मी और रात में ठंड का असर रहेगा। ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे रहने की संभावना है। अगस्त-सितंबर जैसी बारिश नहीं होगी, लेकिन कुछ स्थानों पर रिमझिम बारिश होती रह सकती है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com